आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 57 | उज्जैन, शनिवार 14 मार्च, 2026 | चैत्र कृष्ण 11 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

सांसद के घर के पास चौधरी कॉलोनी के बगीचे में दशा माता पूजन कर रही

## महिलाओं पर मधुमक्खियों का हमला

### आधा दर्जन चपेट में आई, एक महिला को जिला अस्पताल में भर्ती किया



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शुक्रवार को दशा माता पूजन के दौरान मंदसौर में हादसा हुआ है। यहां पीपल के वृक्ष के नीचे पूजन कर रही महिलाओं को क्रोधित मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इसमें आधा दर्जन महिलाएं एवं कुछ पुरूष भी हताहत हुए हैं। बकौल जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डा. बीएल रावत घटनास्थल की क्षेत्रीय निवासी 62 वर्षीय महिला को हमने एहतियात के तौर पर भर्ती किया है उनकी स्थिति स्थिर है। मरीज का नाम नहीं बताया जाता है।

घटनाक्रम शुक्रवार पूर्वान्ह में उस दौरान हुआ जब दशा माता पूजन सभी क्षेत्रों में जमकर हो रहा था। मंदसौर के चौधरी कालोनी क्षेत्र में भी महिलाएं पूजन करने यहां पास के बगीचे में पहुंची थी। यह स्थल सांसद सुधीर गुप्ता के घर के पास के बगीचे में स्थित है। पूजन के दौरान महिलाओं ने धूप ध्यान यहां किया था। इसी बीच पेड पर मौजूद छत्ते से धुंए से क्रोधित मधुमक्खियां एक दम उड़ी और दशामाता पूजन कर रही महिलाओं पर हमला कर दिया। पूजन करती महिलाएं यहां से जैसे-तैसे भागी। महिलाओं के साथ कुछ बच्चे भी थे।

### हमले के दौरान सामने आए पुरुषों को भी मधुमक्खियों ने अपना शिकार बनाया

इस दौरान सामने आए पुरुषों को भी मधुमक्खियों ने अपना शिकार बनाया है। मधुमक्खियों के हमले से घबराहट की स्थिति बन गई और बाद में महिलाओं ने अन्य वृक्षों के नजदीक दशा माता पूजन संपन्न किया है। सामने आ रहा है कि अधिकांश हताहतों ने नजदीकी चिकित्सकों से उपचार करवाया है। कुछ लोग जिला अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा में पहुंचे थे जहां 62 वर्षीय क्षेत्रीय महिला की स्थिति को देखते हुए एहतियातन भर्ती किया गया है। कुछ को प्रारंभिक उपचार के बाद घर रवाना कर दिया गया। गौरतलब है कि हाल ही में नीमच जिले में मधुमक्खियों के हमले में आंगनवाड़ी के बच्चों को बचाने में स्व सहायता समूह की अध्यक्ष जमकर घायल हुई थी और अस्पताल ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई थी। राज्य सरकार ने उनके परिवार को आर्थिक सहायता देते हुए उनके बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी ली है।

## भोपाल नगर निगम की कम्प्यूटर शाखा में छापा

### संबल योजना और ऑनलाइन रिकॉर्ड की जांच, लोकायुक्त टीम की पूछताछ जारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल





भोपाल नगर निगम की कम्प्यूटर शाखा पर शुक्रवार को लोकायुक्त की टीम ने छापा मारा। कार्रवाई फतेहगढ़ स्थित कार्यालय और लिंक रोड नंबर-2 पर बने मुख्य कार्यालय में एक साथ की गई। लोकायुक्त एसपी दुर्गेश राठौर और डीएसपी अजय मिश्रा टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे।

लोकायुक्त की दो अलग-अलग टीमें दोनों कार्यालयों में जांच कर रही हैं। कम्प्यूटर शाखा में नगर निगम से जुड़े महत्वपूर्ण ऑनलाइन रिकॉर्ड और लेखा-जोखा रखा जाता है, इसलिए दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जा रही है। टीम ने संबल योजना से जुड़े रिकॉर्ड और ऑनलाइन एंट्री की जांच शुरू की है। इसके साथ ही अन्य डिजिटल रिकॉर्ड में संभावित गड़बड़ियों की भी पड़ताल की जा रही है। फतेहगढ़ स्थित कार्यालय में मौजूद तीन कर्मचारियों वसीम, सोहेल और पंकज से अंदर पूछताछ की जा रही है। टीम ने सुबह करीब 11.30 बजे दोनों स्थानों पर एक साथ छापे की कार्रवाई शुरू की।

**22 फरवरी को नए भवन में हुई थी शिफ्टिंग-** फतेहगढ़ में स्थित नगर निगम की कम्प्यूटर शाखा को 22 फरवरी को लिंक रोड नंबर-2 पर बने नए भवन में शिफ्ट किया गया था। रेड के दौरान दोनों इमारतों में रखे दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

**कम्प्यूटर शाखा में होते हैं ये ऑनलाइन कार्य-** नगर निगम की कम्प्यूटर शाखा में संबल योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रॉपर्टी टैक्स और अन्य ऑनलाइन सेवाओं से जुड़े काम संचालित होते हैं। लोकायुक्त टीम इनसे संबंधित रिकॉर्ड की जांच कर रही है। इस दौरान पिछले करीब 10 साल के रिकॉर्ड और दस्तावेजों की जांच की जा रही है। लोकायुक्त पुलिस इस मामले में नगर निगम के दो ऑफिस बॉय और एक ऑपरेटर से पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक फर्जी बिल लगाकर भुगतान कराने के मामले से जुड़ी शिकायत के बाद कार्रवाई की गई है।

## देश विदेश

### नेपाल के पूर्व पीएम केपी ओली के पिता का निधन, इलाज के दौरान दम तोड़ा


**गुंडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के पिता मोहन प्रसाद ओली का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। 97 वर्षीय मोहन प्रसाद ओली पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। सूत्रों के मुताबिक, उनका पार्थिव शरीर ओली के गुंडू स्थित निवास पर ले जाया जाएगा। इसके बाद शुक्रवार दोपहर पशुपतिनाथ में अंतिम संस्कार किया गया। मोहन प्रसाद ओली पिछले कुछ समय से गड्ढाघर में अपनी बेटी के घर रह रहे थे। गुरुवार रात अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। 8 और 9 सितंबर को हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान झापा स्थित मोहन प्रसाद ओली के घर को आग लगा दी गई थी। इसके बाद से वे झापा नहीं लौटे थे।

### अमेरिका ने सभी देशों को रूसी तेल खरीदने की इजाजत दी

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 100 डॉलर के पार चली गई हैं। इसे काबू में करने के लिए ट्रम्प प्रशासन ने दूसरे देशों को भी रूस से तेल खरीदने की अस्थाई मंजूरी दे दी है। रूस के कई ऑयल टैंकर समुद्र में फंसे हैं। इससे पहले अमेरिका ने भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए प्रतिबंधों में ढील देने की बात कही थी। हालांकि, इस पर भारतीय अधिकारी कह चुके हैं कि भारत तेल खरीदने के लिए किसी भी देश की इजाजत पर निर्भर नहीं है। वहीं, ईरान चेतावनी दे चुका है कि कच्चे तेल की कीमतें 200 डॉलर के पार पहुंच सकती हैं। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग (वित्त मंत्रालय) ने एक लाइसेंस जारी किया। इसके तहत उन रूसी कच्चे तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की डिलीवरी और बिक्री की जा सकती है, जो 12 मार्च की रात 12.01 बजे से पहले जहाजों पर लोड हो चुके थे।

इम्तियाज की फिल्म

### 'मैं वापस आऊंगा' का टीजर आउट





दिलजीत दोसांझ लीड रोल में दिखाई देंगे, भारत-पाक बंटवारे के बीच दिखेगी अधूरी प्रेम कहानी

**मुंबई।** फिल्म मेकर इम्तियाज अली की अगली फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' का टीजर शुक्रवार दोपहर 1 बजे रिलीज कर दिया गया है। फिल्म में दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना और शरवरी वाघ मुख्य भूमिकाओं में हैं। टीजर से अंदाजा लग रहा है कि यह फिल्म भारत-पाकिस्तान विभाजन की थीम पर आधारित एक इमोशनल लव स्टोरी है। यह फिल्म इसी साल जून में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टीजर में एक्टर्स को इंट्रोड्यूस कराया गया है। इसमें दिलजीत दोसांझ एक यूट्यूबर के रोल में नजर आ रहे हैं। कहानी में दिलजीत इंटरनेट और सोशल मीडिया की मदद से नसीरुद्दीन शाह को उनके दशकों पुराने प्यार से मिलाने की कोशिश करते दिख रहे हैं। हालांकि, इन कयासों पर पूरी मुहर फिल्म का ट्रेलर आने के बाद ही लगेगी। फिल्म के टाइटल ट्रैक 'मैं वापस आऊंगा' को टीजर में यूज किया गया है। इसे खुद दिलजीत दोसांझ ने गाया है। फिल्म के वीडियो को देखकर लग रहा है कि वेदांग रैना इसमें नसीरुद्दीन शाह के युवा अवतार की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, शरवरी वाघ फिल्म में उनकी प्रेमिका के किरदार में नजर आ रही हैं। यह फिल्म एक लड़के और एक लड़की की प्रेम कहानी से शुरू होकर पूरे देश के इमोशन्स को छूती हुई आगे बढ़ती है। 'मैं वापस आऊंगा' के जरिए दिलजीत दोसांझ और इम्तियाज अली दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले इस जोड़ी ने 'अमर सिंह चमकीला' में साथ काम किया था, जिसे एमी अवॉर्ड्स में नॉमिनेशन मिला था।

### पीरियड्स में पेड लीव की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को देशभर में महिला छात्रों और कामकाजी महिलाओं को पीरियड्स में पेड लीव देने की मांग वाली याचिका खारिज हो गई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि ऐसी याचिकाएं अनजाने में महिलाओं के बारे में बनी रूढ़ियों को और मजबूत कर सकती हैं। यह कानून बनाया तो महिलाओं को कोई काम नहीं देगा, उनका करियर खत्म हो जाएगा। सीजेआई ने कहा- ये याचिकाएं डर पैदा करने के लिए, महिलाओं को हीन दिखाने के लिए, यह जताने के लिए दायर की जाती हैं कि पीरियड्स उनके साथ होने वाली कोई बुरी चीज है। यह उनका पॉजिटिव राइट है, लेकिन उस नियोक्ता के बारे में सोचिए, जिसे पेड लीव देनी होगी। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने सुनवाई के दौरान मेंस्ट्रुअल लीव को अनिवार्य बनाने के संभावित सामाजिक परिणामों के बारे में चिंता जाहिर की।

### सेंसेक्स 1470 अंक गिरकर 74,564 पर बंद, निफ्टी में 488 अंकों की गिरावट

**मुंबई।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के बीच शेयर बाजार में आज यानी शुक्रवार 13 मार्च को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 1470 अंक (1.93%) की गिरावट के साथ 74,564 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 488 अंक (2.06%) की गिरावट रही, ये 23,151 पर आ गया है। आज मेटल, ऑटो और बैंकिंग शेयर्स में सबसे ज्यादा गिरावट रही। अमेरिका और एशियाई बाजारों में गिरावट का असर भारत पर। साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 1.72% गिरकर 5,487 पर बंद हुआ। जापान का निक्केई इंडेक्स 1.16% गिरकर 53,819 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.98% की गिरावट के साथ 25,465 पर बंद हुआ। चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.82% नीचे 4,095 के स्तर पर बंद हुआ।

## डेली कॉलेज प्रबंधन और मॉल संचालक को करोड़ों की वसूली का नोटिस जारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले बकाया वसूली को लेकर जिला प्रशासन सख्त हो गया है। इसी कड़ी में जूनी इंदौर तहसील प्रशासन ने शहर के प्रतिष्ठित डेली कॉलेज प्रबंधन और मॉल संचालक गुरजीतसिंह छाबड़ा (पिंटू छाबड़ा) को डायवर्सन टैक्स बकाया के नोटिस जारी किए हैं। दोनों मामलों में कुल मिलाकर करीब ढाई करोड़ रुपए की वसूली नोटिस जारी की गई है।

तहसील प्रशासन के अनुसार डेली कॉलेज के प्रिंसिपल के नाम पर 1.50 करोड़ रुपए का नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में बताया गया है कि मूसाखेड़ी स्थित कॉलेज परिसर के 3,34,870 वर्गमीटर क्षेत्र का पिछले पांच साल से डायवर्सन टैक्स जमा नहीं किया गया है। इसमें करीब 1 करोड़ रुपए मूल टैक्स के साथ 50 प्रतिशत जुर्माना जोड़कर कुल 1.50 करोड़ रुपए की वसूली बताई गई है। इसके अलावा कॉलेज की चितावद ग्राम स्थित 29,670 वर्गमीटर जमीन पर भी बकाया टैक्स को लेकर अलग से नोटिस जारी किया गया है। इस जमीन पर 13.35 लाख रुपए टैक्स के साथ 50 प्रतिशत जुर्माना जोड़कर पांच साल का बकाया मांगा गया है। इसी तरह बायपास के पास निपानिया क्षेत्र में जमीन को लेकर मॉल संचालक पिंटू छाबड़ा को भी नोटिस थमाया गया है। प्रशासन के मुताबिक उनकी 3.667 हेक्टेयर जमीन पर 57.36 लाख रुपए का डायवर्सन टैक्स निकाला गया है। वहीं दूसरी जमीन, जो पिंटू छाबड़ा और उनकी पत्नी प्रभजोत कौर के संयुक्त नाम पर 1.939 हेक्टेयर है, उस पर 49.25 लाख रुपए की वसूली नोटिस जारी किया गया है।

## बाग में फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर लूटा


### ठेकेदार के घर से 50 तोला सोना, 4 लाख नकद और 3 मोबाइल ले भागे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बाग

धार जिले के कुक्षी तहसील के ग्राम बाग के ब्राह्मण मोहल्ले में शुक्रवार सुबह 10 बजे एक सनसनीखेज घटना हुई। पांच अज्ञात लोग इनकम टैक्स अधिकारी बनकर ठेकेदार राजकुमार मालवी के घर में घुस गए। उन्होंने ब्लैक मनी की जांच का हवाला देकर घर की तलाशी ली और ठेकेदार दंपती को बंधक बना लिया।

बदमाशों ने ठेकेदार की पत्नी कृष्णा से अलमारी की चाबी लेकर करीब 50 तोला सोने के गहने (जिसमें बेटी के गहने भी शामिल थे) और 4 लाख रुपये नकद निकाल लिए। इसके बाद उन्होंने राजकुमार मालवी और उनकी पत्नी को एक कमरे में बंद कर बाहर से ताला लगा दिया और तीन मोबाइल फोन के साथ गहने व नकदी लेकर फरार हो गए। घर में बंधक बने राजकुमार मालवी ने शोर मचाकर मोहल्ले वालों को इकट्ठा किया। पड़ोसियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। बाग पुलिस मौके पर पहुंची और बाहर लगे ताले तोड़कर मालवी दंपती को बाहर निकाला। इसके बाद दंपती ने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर एसडीओपी कुक्षी सुनील गुप्ता, कुक्षी टीआई राजेश यादव और बाग टीआई कैलाश चौहान भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घर का निरीक्षण किया और घटना की विस्तृत जानकारी ली। जांच के दौरान, लुटेरों द्वारा ले जाए गए तीन मोबाइलों में से एक बायपास रोड पर कचरे के ढेर में मिला है।

### घटना की गहनता से जांच हो रही



पुलिस घटना की गहनता से जांच कर रही है। एसपी मयंक अवस्थी ने बताया कि धार साइबर टीम को बाग भेजा और जिले के सभी थानों को आरोपियों की तलाश के लिए सूचित कर दिया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आरोपी जल्द ही गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। ठेकेदार राजकुमार मालवी ने बताया कि उन्होंने इनकम टैक्स अधिकारियों को सही समझकर जांच में सहयोग किया था, लेकिन बाद में उन्हें ठगे जाने का एहसास हुआ।

## जबलपुर से रीवा जा रही ट्रेन के कोच से उठा धुआं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जबलपुर

पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर से रीवा जा रही एक्सप्रेस ट्रेन के एक कोच से धुआं निकलने से आज शुक्रवार 13 मार्च की सुबह ऊंचेहरा स्टेशन पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। घटना करीब 11 बजे की है। कोच से धुआं उठता देख यात्रियों ने तुरंत रेल कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी।

घटना की जानकारी मिलते ही रेल कर्मचारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी यात्रियों को सुरक्षित प्लेटफॉर्म पर उतार दिया। इसके बाद स्टेशन पर मौजूद रेल अधिकारी और तकनीकी स्टाफ मौके पर पहुंचे और पूरे मामले का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि ट्रेन के कोच क्रमांक 114674 के पहिए में ब्रेक बाइंडिंग होने के कारण धुआं उठ रहा था। रेल कर्मचारियों ने तुरंत जांच कर स्थिति को नियंत्रित कर लिया और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे कोच की जांच की। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा और सभी यात्री सुरक्षित रहे। तकनीकी टीम की जांच के बाद ट्रेन को आगे रवाना करने की अनुमति दी गई।

मोदी साइकोलॉजिकली खत्मः राहुल

## अमेरिका के आगे नरेंदर ने सरेंडर कर दिया, वह अब भारत के प्रधानमंत्री नहीं

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को लखनऊ पहुंचे। उन्होंने दलित वोटर्स को रिझाने के लिए जहां डॉक्टर आंबेडकर और कांशीराम की सराहना की, वहीं भारत-अमेरिका डील, पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

राहुल ने कहा, केंद्रीय मंत्री हरदीपपुरी का नाम एपस्टीन फाइल में है। उनकी बेटी की कंपनी में जॉर्ज सोरोस की फंडिंग है। नरेंद्र मोदी साइकोलॉजिकली खत्म हो गए हैं। नरेंद्र मोदी अब भारत के प्रधानमंत्री नहीं रहे, वे अमेरिका का काम कर रहे हैं। जब मैं यह बात संसद में बोलने जा रहा था तो नरेंद्र मोदीजी भाग कर निकल गए। नरेंद्र मोदी ने देश की एनर्जी सिक्योरिटी से समझौता कर दिया है। क्योंकि अब अमेरिका तय कर रहा है कि हम तेल कहां से लेंगे? एनर्जी सेक्टर के हालात अभी और खराब होंगे। नेहरू जिंदा होते तो कांशीराम यूपी के सीएम होते राहुल ने कहा, कांशीरामजी समाज में बराबरी की बात करते थे। कांग्रेस अपना काम पूरी तरह से नहीं कर सकी। यही कारण है कि कांशीरामजी सफल हुए। अगर कांग्रेस ठीक तरह से काम करती तो कांशीरामजी कभी सफल न होते।

## सरकार ने कहा- पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं

### रोजाना 75.7 लाख सिलेंडर बुक हो रहे, ईरान जंग से पहले 55.7 लाख होते थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और ईरान की तरफ से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद किए जाने के कारण ग्लोबल एनर्जी सप्लाई पर दबाव बढ़ने के बीच भारत सरकार ने शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन अलग-अलग मंत्रालयों की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

सरकार ने कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है लेकिन स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने से एलपीजी हमारे लिए चिंता का विषय बना हुआ है। सरकार ने बताया कि ईरान जंग के कारण देश में गैस बुकिंग की संख्या में लगभग 20 लाख की बढ़ोतरी हुई है। सरकार की तरफ से





पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी (मार्केटिंग एवं ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने बताया कि जंग से पहले हर रोज औसतन 55.7 लाख सिलेंडरों की बुकिंग होती थी। अभी एक दिन में लगभग 75.7 लाख गैस बुकिंग हो रही है। सरकार ने कहा कि जंग के माहौल के बीच एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग में अचानक बढ़ोतरी देखी गई है। यह लोगों के बीच घबराहट के कारण हो रहा है।

### एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास अभी गैस का स्टॉक

पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा- एलपीजी चिंता का विषय है क्योंकि देश का ज्यादातर एलपीजी स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से आता है और वह अभी बंद है। हालांकि, हमारे 25 हजार एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स में से किसी पर भी गैस खत्म होने (ड्राई आउट) की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। मंत्रालय ने आगे कहा- केंद्र की तरफ से राज्यों को अतिरिक्त 48 हजार किलोलीटर केरोसिन आवंटन किया गया है। राज्यों से अपील की गई है कि वे जिलों में केरोसिन बांटने लिए जगह तय करें। वैकल्पिक ईंधन विकल्पों के लिए कोल इंडिया को छोटे, मध्यम और अन्य उपभोक्ताओं को कोयला उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।




## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

सूर्य कुंभ राशि को छोड़कर मीन राशि में प्रवेश करेगा

# आज से मलमास, विवाह-मागंलिक कार्य नहीं होंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

14 मार्च की मध्यरात्रि से सूर्य के मीन राशि में प्रवेश के साथ मलमास की शुरूआत होगी। यह अवधि 14 अप्रैल सुबह 9:30 बजे तक रहेगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस एक माह के दौरान विवाह, यज्ञोपवित, मुंडन और गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य नहीं किए जाएंगे।

### मीन संक्रांति से बनेगी मलमास की स्थिति

ज्योतिषाचार्य पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार 14 मार्च की रात 11:59 बजे सूर्य कुंभ राशि को छोड़कर मीन राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के इस गोचर को मीन संक्रांति कहा जाता है। सूर्य लगभग एक माह तक मीन राशि में रहेंगे और इसी अवधि को मलमास माना जाता है।

धर्मशास्त्रों के अनुसार मीन संक्रांति के दौरान विवाह, यज्ञोपवित, मुंडन और गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। इस अवधि में देवी-देवताओं की उपासना, भागवत पाठ और धार्मिक अनुष्ठान करने की परंपरा है।

**ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस एक माह के दौरान विवाह, यज्ञोपवित, मुंडन और गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य नहीं किए जाएंगे**




### ग्रहों की युति से बनेगी त्रिग्रही स्थिति

सूर्य के मीन राशि में प्रवेश के समय शुक्र और शनि पहले से मौजूद रहेंगे। इससे कुछ समय के लिए त्रिग्रही युति बनेगी। इसके बाद सूर्य और शनि की युति कुछ दिनों तक प्रभाव में रहेगी, जिसका असर अलग-अलग क्षेत्रों में दिखाई देने की संभावना जताई गई है।

### मलमास के दौरान मनाई जाएगी चैत्र नवरात्रि

इस अवधि में 19 मार्च से 27 मार्च तक चैत्र नवरात्रि का पर्व भी मनाया जाएगा। पौराणिक मान्यता के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक नौ दिनों तक देवी की साधना और उपासना की जाती है।

## पैनिक बुकिंग की ऊहा-पोह...

खाद्य गैस को लेकर देशभर के साथ जिले में भी पैनिक बुकिंग की ऊहा-पोह मची हुई है। बात का बतंगढ बनाया जा रहा है और वह भी ऐसे समय में जब विश्व स्तर पर युद्ध के कारण से उत्पन्न हुई समस्या से सभी दो-चार हो रहे हैं।यहां भी वही सब सामने आ रहा है जो अमूमन हम समाज में कई सारी बातों में देखते हैं। हायड्ढहायड्ढ की जल्दी। प्रशासन के आंकडे बता रहे हैं कि प्रति दिन जिले में 12 हजार रिफिल यानिकी टंकियों की सप्लाय दी जा रही है। सप्लाय भी बराबर जिले में पर्याप्त रूप से आ रही है। पैनिक बुकिंग का मूल रिजर्व को लेकर पैदा हो रहा है। ये रिजर्व एक टंकी लगी होने के बावजूद एक टंकी रिजर्व में रखने को लेकर पैदा हो रहा है। इसी की ऊहापोह में ज्यादातर लोग लगे हैं और गैस एजेंसियों पर भीड उमड पडी है। इसे लेकर झूठी अफवाह का दौर भी चलाया जा रहा है। इससे भी लोग पैनिक बुकिंग के लिए जमकर वर्जिश कर रहे हैं,जबकि हालिया स्थिति में ऐसी कोई परिस्थिति नहीं है कि इतना हव्वा मचाया जाए। पूर्व से ही वर्ष में 12 टंकी उपभोक्ता को दिए जाने के निर्णय के पालन के तहत भी देखा जाए तो 25 से 45 दिन बुकिंग की स्थिति में भी हव्वा मचाया जाना ठीक नहीं हैं। वैश्विक स्थिति में धैर्य भी रखा जाना चाहिए । खुसूर झफुसूर है कि इस मामले में ज्यादातर अफवाह ही सामने आ रही है। न तो शहर में कहीं कोई रेस्टोरेंट ही बंद हुए हैं और न ही ऐसी स्थिति बन रही है। कमर्शियल सप्लाय बाधित होने की स्थिति में भी आधुनिक समय में इंडक्शन चुल्हे का उपयोग जमकर हो रहा है। आंशिक स्थिति में ही कुछ फर्क हुआ हो तो ठीक अन्यथा ज्यादातर तो बात का बतंगढ ज्यादा बनाया जा रहा है और ऊहापोह ज्यादा है।




## ट्रैंडिंग




समर्थन मुल्य पर गेहुं खरीदी की तारीख 17 दिन आगे बढी, जिले में पिछले वर्ष से इस बार 30 हजार किसानों ने अधिक पंजीयन करवाया

# छोटे किसान की मुसीबत बढी, बैंकों की वसूली तारीख भी 28



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। समर्थन मुल्य पर गेहुं खरीदी की तैयारी कर रहे जिले के कृषकों को धक्का लगा है। सरकार ने पूर्व में खरीदी के लिए 15 मार्च तय की थी जिसे करीब 17 दिन आगे बढा दिया गया है। इसे लेकर किसान संघ का कहना है कि छोटे किसानों को इससे नुकसान होगा। मंडी में अभी भाव कमजोर मिल रहे हैं।15-17 दिनों में कई छोटे किसान गेहुं बेचने पर मजबूर होंगे। इसके साथ ही बैंकों की ऋण की तारीख भी 28 है। पूर्व निश्चित तिथि पर खरीदी से किसान एवं सरकार दोनों को फायदा था।

समर्थन मुल्य पर गेहुं खरीदी के लिए सरकार ने 15 मार्च तय की थी। इसे करीब 17 दिन आगे बढाया गया है। गुरूवार को खरीदी की तारीख में संशोधन को लेकर पत्र जारी किया गया है। इसमें उपार्जन तिथि को संशोधित करते हुए इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में खरीदी 01अप्रेल से तथा शेष संभागों में खरीदी 07अप्रेल से किया जायेगा।

चार संभाग में 1अप्रेल से उपार्जन

गुरूवार को मध्यप्रदेश शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय, भोपाल के उपसचिव बी.के. चंदेल ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर्स के साथ प्रबंध संचालक, म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन ,प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पो. को पत्र जारी किया है। इसमें बताया गया है कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु जारी नीति के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित रडढ जारी की गई थी। इसमें उपार्जन तिथि को संशोधित करते हुए इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में खरीदी 01.04.2026 से तथा शेष संभागों में खरीदी 07.04.2026 से किया जायेगा। गेहूं उपार्जन का कार्य सोमवार से शुक्रवार प्रातः 8.00 बजे से सायं 8.00 बजे तक (शासकीय अवकाश दिवस को छोड़कर) किया जाएगा।

### पूर्व तिथि पर खरीदी से सभी का फायदा था

उपार्जन की तारीख बढाने को लेकर भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमलसिंह आंजना ने कहा कि हम तो जल्दी खरीदी के पक्ष में थे। पूर्व की घोषित तारीख से भी खरीदी करने से छोटे किसान को समर्थन का लाभ मिलता। अब छोटे किसान को नुकसान उठाना पडेगा। मजबूरी में छोटे किसान अगर कम दर पर बेचते हैं तो उन्हें नुकसान होगा। उनके पास गेहुं भंडारण की स्थिति कमजोर है। सरकार से मांग है कि मालवा क्षेत्र में जल्द खरीदी की जाए। बैंकों के ऋण की तारीख भी 28 मार्च है। उससे भी सरकार की काफी भरपाई हो जाती। जल्द खरीदी से सरकार एवं किसान दोनों का फायदा था।

### इस वर्ष 1.25 लाख पंजीयन

समर्थन मुल्य पर इस वर्ष गेहुं उपार्जन के लिए उज्जैन जिले में करीब 1.25 लाख पंजीयन हुए हैं। पिछले वर्ष ये पंजीयन करीब 95 हजार थे। जिला आपूर्ति अधिकारी शालू वर्मा के अनुसार इस वर्ष भी जिले में 197 केंद्र खरीदी के लिए स्थापित किए गए हैं। शासन निर्णय के अनुसार जिले में उपार्जन 01 अप्रेल से किए जाने की तैयारी है।

# आईपीएल शुरू होने से पहले पृथ्वी शाह पहुंचे महाकाल मंदिर

### भस्म आरती में शामिल हुए, भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आईपीएल शुरू होने से पहले भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शाह शुक्रवार तड़के महाकाल मंदिर पहुंचे। उन्होंने अल सुबह होने वाली भस्म आरती में शामिल होकर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। शॉ सुबह करीब चार बजे मंदिर पहुंचे और नंदी हाल में बैठकर भस्म आरती में शामिल हुए।

### देर रात उज्जैन पहुंचे, नंदी हाल में बैठे

शॉ भस्म आरती में शामिल होने के लिए शुक्रवार देर रात उज्जैन पहुंचे थे। इसके बाद तड़के करीब चार बजे महाकाल मंदिर पहुंचे। वे नंदी हाल में आम श्रद्धालुओं के बीच बैठकर भस्म आरती में शामिल हुए।

मंदिर पहुंचने के दौरान शॉ ने अपनी पहचान छिपाने के लिए चेहरे पर मास्क लगाया हुआ था। करीब दो घंटे तक भस्म आरती में शामिल रहने के बाद उन्होंने नंदी जी का पूजन-अर्चन किया।

### देहरी से जल अर्पित कर किया पूजन

भस्म आरती के बाद शॉ ने मंदिर की देहरी से बाबा महाकाल को जल अर्पित किया और भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर के अन्य मंदिरों में भी पूजन-अर्चन किया।

### दिल्ली कैपिटल्स टीम के खिलाड़ी

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी पृथ्वी शॉ भारतीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में खेल चुके हैं। वे घरेलू क्रिकेट में महाराष्ट्र की ओर से खेलते हैं और इस बार भी आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स टीम के लिए मैदान में उतरेंगे। आईपीएल शुरू होने से पहले वे बाबा महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचे थे।

## किन्नर अखाड़ा की सिंहस्थ को लेकर बैठक, कई संतों को मिली उपाधि

**उज्जैन।** उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के संबंध में इंटरनेशनल किन्नर अखाड़ा की एक बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने विभिन्न राज्यों से आए किन्नर संतों को महामंडलेश्वर और श्रीमहंत की उपाधि प्रदान की। साथ ही सिंहस्थ में भूमि आवंटन और धर्म से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। यह बैठक उज्जैन के शिवांजलि गार्डन में संपन्न हुई। इसमें अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज और देश के विभिन्न राज्यों से आए किन्नर संत एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# लोक अदालत आज.. टैक्स बकायादारों के लिए विशेष छूट

निगम की नेशनल लोक अदालत में संपत्ति कर व जलकर पर विशेष छूट, नगर निगम के सभी जोन कार्यालयों में काउंटर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वित्तीय वर्ष के समापन से पहले नगर निगम ने बकाया कर वसूली को गति देने के लिए आज शनिवार 14 मार्च को शहर के सभी जोन कार्यालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया है। इस विशेष व्यवस्था के तहत शहर के करदाता अपने बकाया संपत्ति कर और जलकर का भुगतान कर निगम द्वारा दी जा रही निर्धारित छूट का लाभ उठा सकते हैं।

नगर निगम प्रशासन के अनुसार लोक अदालत के दौरान करदाताओं को बकाया कर जमा करने पर नियमों के अनुसार पेनल्टी और अधिभार में राहत प्रदान की जा रही है।

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर सभी जोन कार्यालयों में कर वसूली के लिए विशेष काउंटर बनाए गए हैं, जहां निगम का पूरा अमला मौजूद रहेगा और करदाताओं को मौके पर ही भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा नगर निगम मुख्यालय में भी नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अस्थाई काउंटर स्थापित किए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग आसानी से अपना बकाया कर जमा कर सकें।

प्रशासनिक स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों को अपने-अपने जोन में बड़े बकायदारों से सीधे संपर्क कर उन्हें लोक अदालत के माध्यम से बकाया राशि जमा करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## उज्जैन में प्रॉपर्टी की दरें 100-150 प्रतिशत तक बढ़ेंगी

**उज्जैन।** उज्जैन में एक अप्रैल 2026 से नई कलेक्टर गाइडलाइन लागू होने जा रही है। जिला पंजीयक के प्रस्ताव के अनुसार शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की 25 से अधिक लोकेशन पर प्रॉपर्टी की गाइडलाइन दरों में 100 से 150 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी प्रस्तावित है। इससे नए वित्तीय वर्ष से प्रॉपर्टी खरीदना महंगा हो जाएगा। जिला पंजीयक द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव में लगभग 25 से अधिक लोकेशन चिन्हित की गई हैं, जहां गाइडलाइन दरों में यह वृद्धि प्रस्तावित है। इस संबंध में उप जिला मूल्यांकन समिति की बैठक हो चुकी है, जिसमें नई दरों पर सहमति बन गई है। अब इस प्रस्ताव को जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में रखा जाएगा।

**ग्रामीण क्षेत्रों की गाइडलाइन दरों में भी संशोधन:** अधिकारियों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों की गाइडलाइन दरों को युक्तियुक्त किया जा रहा है। वहीं, हाईवे से जुड़े क्षेत्रों की जमीनों की कीमतों में भी बढ़ोतरी प्रस्तावित है। इसके साथ ही, प्लानिंग एरिया का दायरा भी बढ़ाया गया है, जिसमें चिंतामण और मांगरोला क्षेत्र को शामिल किया गया है। इन इलाकों में नए आवासीय प्रोजेक्ट प्रस्तावित हैं या निर्माण कार्य शुरू हो चुके हैं।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद के तत्वावधान में विश्व उपभोक्ता दिवस समारोह 15 मार्च को उज्जैन में

समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और श्री श्री 108 बाल योगी उमेश नाथ जी महाराज होंगे मुख्य अतिथि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद के तत्वावधान में दिनांक 15 मार्च, रविवार को उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और श्री श्री 108 बाल योगी उमेश नाथ जी महाराज के मुख्य आतिथ्य में विश्व उपभोक्ता दिवस समारोह आयोजित किया जा रहा है। समारोह का आयोजन मलहोत्रा गार्डन एण्ड रिसॉर्ट सभागृह, चिंतामन गणेण उज्जैन मे पूर्वान्ह 11 बजे से होगा, जिसमें देश भर से राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद के प्रतिनिधियों के साथ-साथ कई वरिष्ठ समाजसेवी शामिल होंगे। समारोह में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री गौतम टेटवाल, सांसद उज्जैन श्री अनिल फिरोजिया, उज्जैन महापौर श्री मुकेश टटवाल, उज्जैन नगर निगग की अध्यक्षया श्रीमती कलावती यादव, उज्जैन उत्तर विधायक श्री अनिल जैन कालूहेडा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

समारोह की अध्यक्ष राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव वंशकार द्वारा की जायेगी, कार्यक्रम के संयोजक एवं राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश बंसल, राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उप संयोजक श्री बाबूलाल कुमावत और राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद उज्जैन के जिला अध्यक्ष एवं उप संयोजक श्री प्रशांत सिकरवार के संरक्षण में पूरा कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

रसोई गैस पर 'एक्स्ट्रा चार्ज' का खेल...

# तय कीमत 972.50, वितरक वसूल रहे 980 से ज्यादा

**सप्लाई बाधित होने से शहर में सिलेंडरों की किल्लत...बुकिंग नहीं लगने और फोन रिसीव न होने की शिकायतें, उपभोक्ताओं ने की अतिरिक्त वसूली की शिकायत**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



अमेरिका, इजरायल, ईरान युद्ध का असर अब शहर की रसोई तक पहुंचने लगा है। एलपीजी सप्लाई प्रभावित होने से उज्जैन में घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता कम हो गई है। इसके बीच कुछ गैस एजेंसियों पर निर्धारित कीमत से अधिक राशि वसूलने के आरोप भी सामने आए हैं, जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है।

जानकारी के अनुसार घरेलू एलपीजी सिलेंडर की निर्धारित कीमत लगभग 972 रुपये 50 पैसे है, लेकिन कई उपभोक्ताओं का आरोप है कि एजेंसियों या वितरण वाहनों पर सिलेंडर लेने जाने पर उनसे 980 रुपये या उससे अधिक वसूले जा रहे हैं। यह स्थिति तब है जब गैस सिलेंडरों की कमी के कारण उपभोक्ताओं को पहले ही बुकिंग और डिलीवरी में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस बुकिंग के लिए कॉल करने पर कई बार नंबर नहीं लग रहा साथ ही एजेंसियों के द्वारा फोन रिसीव नहीं किए जा रहे हैं। इससे परेशान होकर कई लोग खुद एजेंसी या वितरण वाहन तक सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं। इसी दौरान अतिरिक्त राशि लिए जाने की शिकायतें सामने आई हैं।

### इन्होंने लगाया आरोप..

केडीगेट निवासी दिनेश राठौर ने बताया कि उन्होंने सिलेंडर की बुकिंग कराई थी, लेकिन लंबे समय तक डिलीवरी नहीं हुई। मजबूरी में वह खुद सिलेंडर लेने एजेंसी के वाहन पर पहुंचे। वहां वितरण वाहन से सिलेंडर लेते समय उनसे तय कीमत से ज्यादा पैसे वसूले गए। राठौर का कहना है कि जब सिलेंडर की कीमत 972.50 रुपये है, तब उनसे करीब 980 रुपये लिए गए। उनका आरोप है कि इसी तरह अन्य उपभोक्ताओं से भी अधिक राशि ली जा रही है।

जाहिर-सूचना

## मनी विहार डायमण्ड

समस्त आवंटित भूखण्ड धारको एवं निवेशकों को सूचित किया जाता है कि, ₹ मनी विहार डायमण्ड ₹ स्थित ग्राम मंगरोला तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में जिन भूखण्ड धारको व निवेशकों के द्वारा भूखण्ड क्रय किये गये है तथा जिनकी द्वितीय किश्त आज दिनांक तक जमा नहीं करवाई गई है, उन भूखण्ड धारको के भूखण्ड निरस्त कर दिये गये है। भूखण्ड धारक जमा राशि 15 दिवस की अवधि में 30 प्रतिशत काट कर हमारी फर्म के कार्यालय से प्राप्त कर लेवे। कॉलोनी में तृतीय किश्त तक का विकास कार्य पूर्ण कर दिया गया है। भूखण्ड धारक जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की अवधि में तृतीय किश्त जमा करावें। समयावधि पूर्ण होने के पश्चात आवंटित भूखण्डों की हमारी फर्म या उसके किसी भी निर्देशित व्यक्ति का कोई दायित्व नहीं रहेगा तथा फर्म उपरोक्त भूखण्ड का संव्यवहार किसी अन्य के हित में करने हेतु स्वतंत्र रहेगी। कॉलोनी के आवंटित भूखण्डों के संबंध में किसी भी व्यक्ति द्वारा किये गये रहन आदि के संव्यवहार के लिए फर्म की कोई जवाबदारी नहीं रहेगी। सूचित हो.

इति दिनांक :- 13/03/2026 उज्जैन

कार्यालयीन समय
सुबह 11-00 से 6-00 बजे तक

अचिंतदास कुशवाह (एडव्होकेट) सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.) बसंल टायपिंग सर्विस कंठाल चौराहा उज्जैन
मो 94250-92149, 90093-04444

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार
सब पे नज़र, सबकी ख़बर
# दैनिक अवन्तिका
इंदौर | उज्जैन | शनिवार 14 मार्च, 2026 | www.awantika.com


## न्यूज ब्रीफ

### निर्माण कार्य की जानकारी देकर श्रमिक कल्याण में दें योगदान

**इंदौर।** श्रम विभाग द्वारा निर्माण स्थलों पर सुरक्षा एवं स्वस्थ कार्यस्थल बनाने और श्रमिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत निर्माण स्थलों पर श्रमिकों के लिए सुरक्षा व्यवस्था एवं सुरक्षा अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। श्रम सेवा पोर्टल मोबाइल ऐप पर निर्माण स्थल का पंजीयन विवरण, कर्मचारियों की संख्या, स्थान (लोकेशन) सहित अन्य आवश्यक जानकारी एकत्र की जा रही है, जिस पर नियोजक श्रमिकों के लिए उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं की जानकारी दे सकते है।

### समृद्ध किसान, समृद्ध प्रदेश की दिशा में बड़ा कदम

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में समृद्ध किसान, समृद्ध प्रदेश की थीम के साथ वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने से आगे बढ़कर पशुपालन एवं डेयरी उद्यमिता को लाभकारी, टिकाऊ और तकनीक आधारित रोजगार सृजन मॉडल के रूप में विकसित करना है। प्रदेश में डेयरी को उद्यमिता से जोड़ते हुये कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के विकास और रोजगार सृजन पर विशेष फोकस रहेगा। इसी कड़ी में 15 मार्च 2026 को दशहरा मैदान, इंदौर में राज्य स्तरीय मैत्री कार्यकर्ता/गौ सेवक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### सिकल सेल से पीड़ित मरीजों से चर्चा कर हालचाल जाना

**इंदौर।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कार्यक्रम के दौरान सिकल सेल से पीड़ित मरीजों से चर्चा कर उनका हालचाल जाना तथा उनके स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों को समय-समय पर जांच और उपचार कराने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शासन द्वारा सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम और उपचार के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनका लाभ लेकर इस बीमारी से बचाव संभव है। महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि जिले में कृषि के क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। यहां की महिलाएं खेती-किसानी से जुड़कर पूरे समर्पण और मेहनत के साथ कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल हमारे परिवार के सदस्य की तरह हमारे बीच पधारे हैं।

### जल प्रबंधन के लिये की जा रही हैं जनभागीदारी

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये प्रभावी रूप से जनभागीदारी की पहल की गई है। प्रदेश में जल महोत्सव-2026ह्वआयोजित किया जा रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत यह अभियान केवल पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्राम स्तर पर जल प्रबंधन के लिये समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक दूरदर्शी प्रयास है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति व्यवस्था को दीर्घकालिक, उत्तरदायी और आत्मनिर्भर बनाने की अवधारणा को सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रदेश के चयनित ग्रामों में 8 मार्च से 22 मार्च 2026 के बीच जल महोत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है।

### इंदौर-मानपुर रोड स्थित क्यूब स्टॉप रेस्टोरेंट का किचन बंद

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सतत निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को इसी क्रम में इंदौर-मानपुर रोड स्थित क्यूब स्टॉप रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया, जहां किचन में अत्यंत अस्वच्छ स्थिति में खाद्य पदार्थों का निर्माण और संग्रहण पाया गया। निरीक्षण के दौरान फफूंदी लगी सब्जियां, खुले में रखे खाद्य पदार्थ तथा फ्रिज में पुराने और खराब खाद्य पदार्थ भी पाए गए। कर्मचारियों द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन नहीं किया जा रहा था तथा किचन परिसर में चूहों की आवाजाही भी पाई गई।

### इंदौर जिले में विशेष राजस्व अभियान प्रारंभ

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुसार सुशासन की दिशा में अभिनव पहल करते हुए इंदौर जिले के नागरिकों की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में इंदौर जिले में विशेष राजस्व अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान 30 मार्च 2026 तक जिले भर में संचालित किया जाएगा। अभियान के माध्यम से राजस्व से जुड़े लंबित मामलों का निराकरण कर आम नागरिकों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

# एसपी ने दबाया ट्रिगर, जवानों ने फटकारी लाठियां

## आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल





दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पुलिस लाइन में शुक्रवार सुबह पुलिस कर्मियों की भीड़ के बीच बदला हुआ नजारा दिखाई दिया। एसपी ने वज्र वाहन पर चढ़कर टियर गैस का ट्रिगर दबाया, जवानों ने लाठियां फटकारी। करीब 1 घंटे से अधिक पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल का अभ्यास होता रहा।

जिले में कभी भी आपात स्थिति निर्मित होने पर पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था को किस तरह से बनाएं रखना है और दंगाइयों पर कैसे नियंत्रण कर आपात स्थिति में हताहत लोगों की मदद करना है, इन्हीं सब गतिविधियों को लेकर पुलिस लाइन में शुक्रवार सुबह बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया। डीआईजी नवनीत भसीन और एसपी प्रदीप शर्मा बलवा ड्रिल का नेतृत्व करने पहुचे थे। जिले के थाना प्रभारी से लेकर उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक आरक्षक और यातायात पुलिसकर्मी भी ड्रिल में शामिल हुए। इस दौरान वज्र वाहन पर एसपी प्रदीप शर्मा ने चढ़कर टियर गैस का ट्रिगर दबाया और पुलिस कर्मियों द्वारा की जा रही फायरिंग का अवलोकन किया। ड्रिल के दौरान पुलिस जवानों का एक दल दंगाई बना था जिन्होंने पथराव किया, दूसरी और पुलिसकर्मियों ने बचाव करने वाले दंगाइयों को किस तरह नियंत्रण करना है इसका अभ्यास किया।

### बलवा ड्रिल के दौरान परेड निरीक्षण भी किया गया



डीआईजी, एसपी अभ्यास में शामिल पुलिसकर्मी और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए और बताया कि आपातकालीन स्थिति बने और दंगा होने पर किस तरह से समन्वय बनाकर स्थिति को नियंत्रण में करना है। नारेबाजी करने वालों को देख उत्तेजित नहीं होना है। पहले माइक से अनाउंसमेंट कर चेतावनी देने के साथ समन्वय स्थापित करने का प्रयास करना होगा। आपात परिस्थिति में प्रभावित लोगों की किस तरह से मदद करना और घायल होने पर उन्हें कैसे अस्पताल तक पहुंचाना इसका अभ्यास भी कराया गया। बलवा ड्रिल के दौरान परेड निरीक्षण भी किया गया जिसमें बलवा नियंत्रण के लिए उपयोग होने वाले उपकरणों और वाहनों का डीआईजी, एसपी ने निरीक्षण किया।

## इंदौर जू में नन्हे मेहमानों की दस्तक

# शेरनी मेघा ने दिया 3 शावकों को जन्म, संख्या पहुंची 14

### इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में शेरनी मेघा ने सातवीं बार तीन स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शहर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में एक बार फिर शेरनी मेघा और आकाश के जोड़े से तीन शावकों का जन्म हुआ। शेरनी मेघा सातवीं बार मां बनी है। इसके साथ ही चिड़ियाघर में शेरों का आंकड़ा बढ़कर 14 पर पहुंच गया है। तीन शावक स्वस्थ हैं और मां शेरनी उनकी देखरेख कर रही है। चिड़ियाघर प्रशासन दूर से निगरानी बनाए हुए है। करीब दो महीने उन्हें आइसोलेशन में रखा जाएगा। इसके बाद जेंडर की पहचान होने के बाद नाम रखे जाएंगे।

### एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम में मददगार साबित होगा शेर परिवार

जू प्रशासन के अनुसार, अब शेर परिवार के सदस्यों की संख्या 11 से बढ़कर 14 पर पहुंच गई है। शेरनी और शावकों को अलग बाड़े में रखा है, ताकि उन्हें कोई परेशान न कर सके। मेघा-आकाश के शावकों को देश के विभिन्न चिड़ियाघर में एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत भेजा गया और कई दुर्लभ वन्य प्राणियों को लाया गया है। उनके शावक सूरत, जामनगर, राजकोट आदि शहरों में दहाड़ रहे हैं। चिड़ियाघर प्रभारी डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि सभी शावक स्वस्थ हैं। अच्छी देखरेख से शहर के चिड़ियाघर में शेर, बाघ, तेंदुए की संख्या में वृद्धि हो रही है। मेघा के शावकों के जन्म के साथ ही चिड़ियाघर में नई प्रजातियों के आने की राह खुली है।

## जिला दण्डाधिकारी का आदेश, आरोपियों के विरुद्ध हो कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर जिले में अवैध रूप से पटाखों के भंडारण के मामले में जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) इंदौर द्वारा प्रस्तुत प्रकरण के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शिवम वर्मा ने मामले में कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना हातोद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनगीर में 17 दिसंबर 2025 को सर्वे नंबर 26 स्थित भूमि पर अवैध रूप से पटाखों का भंडारण किया गया था। दबिश देकर मौके से भारी मात्रा में अवैध पटाखे एवं संबंधित सामग्री बरामद की गई थी। यह सामग्री बिना वैध अनुमति के रखी गई थी, जिससे सुरक्षा संबंधी गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता था। जांच के दौरान वाहन क्रमांक एमपी-09-एजी-2508 तथा एक अन्य वाहन के माध्यम से अवैध पटाखों के परिवहन और भंडारण की जानकारी सामने आई। मामले में रंजीत पिता सुरेंद्र सिंह ठाकुर निवासी रूखमणी नगर इंदौर, सागर पिता नंदकिशोर प्रजापत निवासी हम्माल कॉलोनी इंदौर, विजय सिंह पिता दौलत सिंह निवासी ग्राम कुंडला जिला रतलाम सहित अन्य आरोपियों के नाम सामने आए।

# मार्च में ही तपने लगा मध्यप्रदेश पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मध्यप्रदेश में मार्च की शुरूआत के साथ ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को प्रदेश के कई शहरों में तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार नर्मदापुरम में पारा 40.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो प्रदेश में सबसे अधिक रहा।

राजधानी भोपाल में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब 4 डिग्री अधिक है। दिन में तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को दोपहर के समय गर्मी का अहसास होने लगा है। प्रदेश के कई शहरों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। रतलाम में 39.5 डिग्री, खजुराहो में 39 डिग्री, धार में 38.8 डिग्री, खंडवा में 38.1 डिग्री और शिवपुरी में 38 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। वहीं ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, दतिया और गुना में भी पारा 37 डिग्री के आसपास रहा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, अबकी बार अप्रैल और मई में हीट वेव यानी, लू चलेगी।

### सुबह-शाम की नमी भी कम हुई

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार गुरुवार सुबह भोपाल में 44 प्रतिशत आर्द्रता दर्ज की गई, जो शाम तक घटकर 17 प्रतिशत रह गई। नमी कम होने और तेज धूप के कारण दिन में गर्मी ज्यादा महसूस हो रही है।मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में फिलहाल मौसम शुष्क बना हुआ है साफ आसमान और तेज धूप के कारण तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है।

## कर्तव्यों का निर्वहन करें, परिवार की देखभाल करें

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि परिवार में मुखिया का चले जाना अत्यंत दुखद होता है, परंतु इस दुख में मध्यप्रदेश सरकार पूरी तरह आपके साथ है। राज्य शासन की अनुकम्पा नियुक्ति योजना के अंतर्गत शासकीय सेवकों के दिवंगत होने पर उनके आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की जाती है। आप सभी अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करें, अपने परिवार की अच्छी तरह देखभाल करें। सरकार पूरी तरह आपके साथ है। गत वर्षों में जल संसाधन विभाग द्वारा 324 अभ्यर्थियों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गयी है। आज कुल 28 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किये गये हैं। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने गुरुवार को भोपाल में अपने निवास कार्यालय पर जल संसाधन विभाग में दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रित परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति-पत्र प्रदान किये।

## अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने दी चेतावनी- फर्जी साधुओं पर होगी कार्रवाई

# संतों का काम यज्ञ-अनुष्ठान करना, बीवी-बच्चों को पालने का नहीं

### उत्तराखंड में भी चलाया गया था अभियान

### गृहस्थ जीवन जीने वाले साधुओं पर भी कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में प्रस्तावित सिंहस्थ 2028 को लेकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज ने फर्जी साधुओं के खिलाफ ह्लकालनेमी अभियानह्व चलाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि साधुओं का वेश धारण कर खुद को संत बताने वाले फर्जी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज ने उज्जैन में कहा कि यह अभियान सिंहस्थ कुंभ से पहले शुरू किया जाएगा। इसके तहत देशभर से आने वाले साधु-संतों की पहचान और सत्यापन किया जाएगा।

रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि सिंहस्थ में आने वाले संतों के पास आधार कार्ड और संबंधित अखाड़े का पहचान पत्र होना जरूरी होगा। बिना पहचान वाले भगवाधारी लोगों की जांच की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि संतों का वेश धारण कर लोगों को भ्रमित करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और ऐसे फर्जी भगवाधारी लोगों को जेल भेजा जाएगा। रवींद्र पुरी महाराज ने कहा, बीवी-बच्चों के साथ रह रहे साधु भी सावधान हो जाएं, क्योंकि संतों का काम परमार्थ, यज्ञ-अनुष्ठान करना और विद्यालय चलाकर गरीब बच्चों को शिक्षित करना है, न कि बीवी-बच्चों का पालन-पोषण करना। इसलिए जो साधु-संत बीवी-बच्चों के साथ रह रहे हैं, उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। रवींद्र पुरी महाराज ने बताया कि इससे पहले उत्तराखंड में भी इस तरह का अभियान चलाया गया था, जिसमें संतों के भेष में कई लोग पकड़े गए थे। सिंहस्थ से पहले उज्जैन में भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रतिदिन देशभर से भगवान महाकाल के दर्शन करने आने वाले करीब दस हजार श्रद्धालु भोजन कर रहे

# महाकाल अन्न क्षेत्र में रसोई गैस का संकट नहीं, पीएनजी पर बन रही प्रसादी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण रसोई गैस की किल्लत का असर फिलहाल उज्जैन में इतना नजर नहीं आ रहा है। शहर में 30 हजार से अधिक घरों में पाइप लाइन के जरिए पीएनजी (पाइप्ड नैच्यूरल गैस) पहुंच रही है। सौ से अधिक छोटे और मध्यम उद्योगों में भी इसकी आपूर्ति की जा रही है। श्री महाकालेश्वर अन्नक्षेत्र में भी इसी गैस पर भोजन प्रसादी बनाई जा रही है।



पीएनजी एक ऐसी प्राकृतिक गैस है, जो पाइप लाइन के जरिए घर, प्रतिष्ठान तथा उद्योगों तक पहुंचती है। खुले में ज्वलन शीलता के मामले में एलपीजी गैस की तुलना में इसका खतरा भी बहुत कम है। अधिक सुविधा जनक, सुरक्षित व सस्ती होने के कारण तेजी से इसके उपभोक्ता बढ़ रहे हैं। उज्जैन में अवंतिका गैस लिमिडेट द्वारा शहर में पीएनजी की सप्लाई की जा रही है।

### भक्तों के लिए भोजन-प्रसादी बनाई जा रही है

शहर में 30 हजार से अधिक घरों में पीएनजी कनेक्शन है। इसके अलावा सौ से अधिक छोटे व मध्यम उद्योगों में भी गैस सप्लाई की जा रही है। महाकालेश्वर अन्नेक्ष में भी पीएनजी गैस पर ही भक्तों के लिए भोजन प्रसादी बनाई जा रही है। प्रतिदिन देशभर से भगवान महाकाल के दर्शन करने आने वाले करीब दस हजार श्रद्धालु यहां सुविधा पूर्वक भोजन कर रहे हैं।

### आपूर्ति जारी रहेगी, दाम बढ़ने के भी आसार नहीं

अवंतिका गैस लिमिटेड कंपनी के मीडिया प्रबंधक सुमित कुमार ने बताया समुद्र मार्ग के जरिए जहाज से जो गैस आयात की जाती है, उनकी आपूर्ति पर संकट संभव हो सकता है, लेकिन पीएनजी पाइप लाइन में जरिए सप्लाय होती है। ऐसे में इस पर फिलहाल किसी प्रकार का संकट नहीं है। वर्तमान परिस्थिति में इसके दाम बढ़ने की संभावना भी ना के बराबर है। कोरोना काल की तरह युद्ध के इस संकट में भी उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार से घबराने की आवश्यकता नहीं है।

**मॉनिटरिंग नहीं, घरेलू गैस का हो रहा उपयोग-** शहर में साठ फीसद होटल, रेस्टोरेंट, शादी समारोह तथा सड़क किनारे चाय, नाश्ता विक्रय करने वाले ठेलों पर घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग हो रहा है। बावजूद इसके कुछ लोग व्यवसायिक सिलेंडर का संकट बताकर खाने पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ाने की बात कर रहे हैं। खाद्य विभाग जांच करें कि जो लोग व्यवसायिक सिलेंडर का संकट बताकर सरकार पर दबाव व उपभोक्ता की जेब पर भार डालना चाहते हैं, क्या वे वास्तव में व्यवसायिक गैस सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं।

न्यूज-कॉलम



## एचपीवी वैक्सीन को लेकर फैली भ्रांतियों को लेकर जागरूक किया

**टांडा(धार)।** नरवाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार को स्वास्थ्य अमले ने एचपीवी वेक्सिनेशन को लेकर लोगो जागरूक किया। इस दौरान टीकाकरण अभियान भी चलाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएमओ डॉ हरिसिंह मुवेल के मार्गदर्शन में डॉ यत्न जैन न स्वास्थ्य टीम के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर कुल 30 मरीजों की जांच की गई। जिनमें 17 एएनसी (गर्भवती महिलाओं) की जांच शामिल रही। साथ ही 8 महिलाओं को टीटी के टीके लगाए गए। इस दौरान एचपीवी वैक्सीन को लेकर फैली भ्रांतियों और मिथकों के बीच डॉ. यत्न जैन ने नरवाली स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ के साथ मिलकर लोगों को जागरूक किया। डॉ जैन ने बताया महिलाओं में तेजी से बढ़ रही सर्वाइकल कैंसर जैसी गम्भीर बीमारी की रोकथाम के लिए यह टिका जरूरी है। समय रहते टिका लगने से प्रभावी बचाव संभव है। शासन की पहल पर 14-15 साल की बालिकाओं को यह टिका शासकीय अस्पताल में निःशुल्क लगाया जा रहा है। इस अभियान को लेकर सेक्टर सुपरवाइजर रमेश मेंढ़ा, एएनएम प्रीति राठौर, सीएचओ किरण भाटिया और सोनम पाटीदार ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। सभी के प्रयासों से 3 बच्चियों को एचपीवी वैक्सीन का लाभ दिलाया गया।

## विज्ञान मंथन यात्रा 2025-26 हेतु संदिपनियन का चयन किया

**मण्डलेश्वर।** मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल



द्वारा आयोजित विज्ञान मंथन यात्रा 2025-26 के अंतर्गत सांदीपनी एकेडमी मंडलेश्वर के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि विज्ञान संकाय के मेधावी छात्र ऋषभ पाटीदार का चयन इस प्रतिष्ठित शैक्षणिक यात्रा के लिए किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को वैज्ञानिक संस्थानों के शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया जाएगा। प्राप्त पत्रानुसार अप्रैल माह में चयनित विद्यार्थियों को भारत के प्रमुख अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान ढ्ढस्क्रह्र तथा श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के भ्रमण का अवसर प्राप्त होगा। इस दौरान विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान, प्रक्षेपण प्रणाली तथा आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधानों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी दी जाएगी। विद्यालय से इस यात्रा के लिए 15 से अधिक विद्यार्थियों का पंजीयन कराया गया था, जिसमें श्री गगन पुराणिक जीवविज्ञान तथा श्री संजय वर्मा इंचार्ज) के विशेष प्रयास एवं मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय परिवार के लिए यह अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि हमारे छात्र को देश के अग्रणी वैज्ञानिक संस्थान के भ्रमण का अवसर प्राप्त हुआ है।

## नेशनल लोक अदालत में विद्युत विभाग द्वारा दी जायेगी छूट

**बड़वानी।** जिला न्यायालय सहित तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जायेगा। जिसमें विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अन्तर्गत लंबित प्रकरणों में निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को निम्नानुसार छूट दी जायेगी। प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छमाही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले बयाज की राशि पर छूट दी जावेगी।

## शहरी गरीबी उपषमन सामाजिक कल्याण प्रकोष्ठ समिति की बैठक संपन्न

**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल के निदेर्शानुसार नगर निगम शहरी गरीबी उपशमन सामाजिक कल्याण प्रकोष्ठ सलाहकार समिति की बैठक समिति प्रभारी रामू भाई डाबी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। आयोजित बैठक में अनुशंसा की गई कि वृद्धावस्था, दिव्यांग सहित अन्य पेंशन के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन शीघ्र-अतिशीघ्र किया जाये ताकि पेंशनधारियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। आयोजित बैठक में समिति प्रभारी रामूभाई डाबी के अलावा समिति सदस्य धर्मेन्द्र रांका, रणजीत टांक, श्रीमती देवश्री पुरोहित, श्रीमती संगीता सोनी, श्रीमती आशा रावत, श्रीमती मीनाक्षी सेन समिति सचिव जितेन्द्र राठौर आदि उपस्थित थे।

## राठौर समाज की कार्यकारिणी में परमार सचिव व चौहान मीडिया प्रभारी बने

**जावरा ।** राठौर समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मुकेश राठौर ने नवीन कार्यकारिणी घोषित की जिसमें उपाध्यक्ष कमल राठौर, सुनील राठौर, राकेश राठौर, व राकेश राठौर ।सचिव पवन परमार, कोषाध्यक्ष मुकेश राठौर एवं कार्यवाहक अध्यक्ष सत्यनारायण राठौर मनोनीत हुए। समाज के संरक्षक जगदीश सिंगल ,कन्हैयालाल सिसोदिया, गोवर्धन लाल राठौर ,शिवनारायण राठौर, पुरुषोत्तम सिंघल ,रामलाल एवं रमेश खमोरा। परामर्शदाता महेश राठौर, मांगीलाल राठौड़ , महामंत्री दिनेश राठौर ,कमल सिंघल ,विकास राठौड़, संगठन मंत्री पंकज राठौर ,निरंजन भाटी ,हरीश सोलंकी, सह कोषाध्यक्ष अशोक राठौड़, सहसचिव मुकेश राठौरबनाए गए । इसके अलावा मीडिया प्रभारी बद्रीलाल चौहान सांस्कृतिक सचिव कन्हैयालाल राठौर कमल राठौर, प्रचार मंत्री प्रभात परिहार ,धर्मेंद्र सोलंकी, संजय राठौर को नियुक्त किया गया समाज के अन्य सदस्यों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया।

## व्यावसायिक एलपीजी उपभोक्ताओं हेतु परामर्श जारी

**रतलाम।** अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी डॉ शालिनी श्रीवास्तव द्वारा वर्तमान परिस्थितियों में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आपूर्ति व्यवस्था को संतुलित बनाए रखने के उद्देश्य से सभी व्यावसायिक एलपीजी उपभोक्ताओं (होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, केटरिंग इकाइयाँ, हॉस्टल, संस्थान आदि) को परामर्श जारी किए गए है । जारी परामर्श के अनुसार सभी प्रतिष्ठान एलपीजी का न्यूनतम एवं आवश्यकता अनुसार विवेकपूर्ण उपयोग करें तथा अनावश्यक खपत से बचें।

# 5 बदमाशों ने खुद को इनकम टैक्स अधिकारी बताया और एक ठेकेदार के घर में घुसकर 60 तोला सोना, 3.5 लाख रुपए नकद और तीन मोबाइल फोन ले गए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

धार जिले के बाग में शुक्रवार को फिल्म स्पेशल 26 जैसी वारदात सामने आई है। यहां के ब्राह्मण मोहल्ले में 5 बदमाशों ने खुद को इनकम टैक्स अधिकारी बताया और एक ठेकेदार के घर में घुसकर 60 तोला सोना (600 ग्राम), 3.5 लाख रुपए नकद और तीन मोबाइल फोन ले गए। भागते समय बदमाशों ने ठेकेदार और उनकी पत्नी को एक कमरे में बंद कर दिया था।

ठेकेदार राजकुमार मालवी के मुताबिक, वारदात सुबह करीब 10 बजे की है। बदमाशों ने खुद को आयकर अधिकारी बताया। कहा- आपके पास ब्लैक मनी होने की शिकायत मिली है। इसकी जांच करना है। इसके बाद वे घर की तलाशी लेने लगे। ठेकेदार के मुताबिक, बदमाशों ने पत्नी कृष्णा से अलमारी की चाबी ली। उसमें से करीब 50 तोला सोने के गहने (जिसमें बेटी के गहने भी शामिल थे) और ४ लाख रुपए



नकद निकाल लिए। इसके बाद उन्होंने मुझे और पत्नी को एक कमरे में बंद कर दिया और बाहर से ताला लगा दिया। पुलिस ने ताला तोड़कर दंपती को बाहर निकाला

घर में बंधक बने राजकुमार मालवी ने शोर मचाकर मोहल्ले वालों को इकट्ठा किया। पड़ोसियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। बाग पुलिस मौके पर पहुंची और बाहर लगे ताले तोड़कर मालवी दंपती को बाहर निकाला। इसके बाद दंपती ने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी।

**जांच के दौरान एक मोबाइल कचरे में मिला**

सूचना मिलने पर कुक्षी एसडीओपी सुनील गुप्ता, कुक्षी टीआई राजेश यादव और बाग टीआई कैलाश चौहान मौके पर पहुंचे। उन्होंने घर का निरीक्षण किया। जांच के दौरान लुटेरों की ओर से ले जाए गए तीन मोबाइल में से एक बायपास रोड पर कचरे के ढेर में मिला है। कुछ देर बाद साइबर टीम , जिला पुलिस कप्तान मयंक अवस्थी एडिशनल एसपी विजय डावर सहित पुलिस अधिकारी बाग पहुंचे और पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली।

एसपी मयंक अवस्थी ने बताया कि जिले के सभी थानों को बदमाशों की तलाश में लगाया गया है। आरोपी जल्द गिरफतार कर लिए जाएंगे ।

**वारदात ठेकेदार की पत्नी की जुबानी**

ठेकेदार की पत्नी कृष्णा मालवी के मुताबिक, काले रंग की स्कॉर्पियो से पांच लोग आए। दो पुलिस की ड्रेस में और तीन सादी ड्रेस में थे । एक के पास रिवाल्वर था । बोले- च्च्दरवाजा खोलो, भैया को बुलाओ।ज्ज दरवाजा खोलते ही उन्होंने कहा कि वे इनकम टैक्स अधिकारी हैं। उन्होंने अलमारी, बिस्तर और पेटी देखना शुरू कर दिए।

### चाबी मांगकर लॉकर देखा फिर हमें एक कमरे में बंद कर दिया

कुल पांच लोग थे। वे हार और चूड़ी समेत 60 तोला सोना, 3.5 लाख नकद और तीन मोबाइल ले गए। दरवाजा अंदर से बंद कर दिया। आईडी मांगने पर कहा- च्च्बाद में देंगे, हमारी टीम 4 और जगह सर्चिंग कर रही है।" ठेकेदार ने बताया कि पांचों लोग अंदर आए और नाम पूछकर जांच करने लगे। उन्होंने कहा, च्च्हम पहले रेकी कर आए हैं, तुम साइड में रहो, सरकारी काम में बाधा मत डालो। आपके पास ब्लैक मनी है।" जब आईडी मांगी तो उन्होंने दिखाने से मना कर दिया ।

### पुलिस ने आरोपियों का सीसीटीवी किया जारी

पुलिस ने फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर की गई लूट की वारदात में इस्तेमाल की गई ब्लैक स्कॉर्पियो के सीसीटीवी फुटेज जारी किए हैं। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वाहन या आरोपियों के संबंध में कोई भी जानकारी मिले तो तुरंत सूचना दें। इस मामले में थाना बाग में लूट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

# वैकल्पिक ईंधन संसाधनों का उपयोग करें, अफवाहों पर ध्यान न दें : कलेक्टर श्रीमती माथुर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिले के सभी होटल-रेस्टोरेंट संचालकों तथा पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए ईंधन की उपलब्धता और वैकल्पिक संसाधनों के उपयोग पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती माथुर ने होटल और रेस्टोरेंट संचालकों से गैस सिलेंडर की उपलब्धता और संचालन में उपयोग किए जा रहे वैकल्पिक संसाधनों के बारे में जानकारी ली। कुछ संचालकों ने बताया कि वे एलपीजी गैस के विकल्प के रूप में डीजल भट्ठी और इंडक्शन चूल्हों का उपयोग कर रहे हैं। कलेक्टर ने सभी



संचालकों से आग्रह किया कि व्यवसाय को बाधित होने से बचाने के लिए ईंधन के वैकल्पिक संसाधनों का उपयोग करें और विपरीत परिस्थितियों में प्रशासन का सहयोग करें।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने बताया कि वर्तमान स्थिति में चिकित्सालय और शैक्षणिक संस्थानों को छोड़कर अन्य वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को कमर्शियल एलपीजी गैस की आपूर्ति अस्थायी रूप से नहीं की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि वाणिज्यिक संस्थानों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर का उपयोग नहीं किया जाए।

# आबकारी विभाग ने 1400 पेटी बीयर से भरा ट्रक को अभिरक्षा में लिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

कसरावद सैलानी क्षेत्र के पास करीब 1400 पेटी बीयर से भरा ट्रक सड़क किनारे खड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि यह ट्रक सिमरोल स्थित फैक्ट्री से बीयर लेकर 18 फरवरी को रवाना हुआ था, जिसे 19 फरवरी को खरगोन जिले के सनावद डिपो में डिलीवर किया जाना था।

जानकारी के अनुसार ट्रक का इंजन खराब हो जाने के कारण वाहन को सड़क किनारे खड़ा करना पड़ा। हालांकि कई दिनों तक ट्रक के वहीं खड़े रहने से कई तरह की आशंकाएं भी उठने लगी। ड्राइवर द्वारा डायल 112 के माध्यम से कसरावद थाने में सूचना देने की बात सामने आई है। इसके बाद कसरावद पुलिस ने मामले की जानकारी आबकारी विभाग को दी। सूचना मिलते ही आबकारी विभाग की टीम मौके पर पहुंची



और बीयर से भरे ट्रक को फिलहाल अभिरक्षा में ले लिया है। आबकारी विभाग के मुकेश गौर ने बताया कि सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और ड्राइवर से पूछताछ की गई। ड्राइवर ने बताया कि ट्रक का इंजन खराब होने के कारण वाहन खड़ा करना पड़ा था और इसकी सूचना ११२ पर कॉल कर कसरावद थाने थाने को दी गई थी। उन्होंने बताया कि बीयर से भरे वाहन का परमिट एक दिन का होता है और इसका निर्धारित मार्ग कसरावद, खरगोन और बेड़िया होते हुए सनावद डिपो तक था। वाहन ठीक होने के बाद परमिट की समय सीमा बढ़ाकर उसे गंतव्य तक भेजा जाएगा।

## टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का आंदोलन तेज

**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता के



खिलाफ शिक्षकों का आंदोलन तेज हो गया है। शिक्षकों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उन्हें टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है, जो उनके लिए बड़ी समस्या है। शिक्षकों की मांग है कि 29 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट दी जाए। उनका कहना है कि उन्होंने अपनी नियुक्ति के समय एनसीईटी द्वारा निर्धारित सभी अहताएं पूरी कर नौकरी पाई है, इसलिए उन पर नए नियम लागू करना सही नहीं है 4 5। शिक्षक संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की है और आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं। वे दिल्ली में धरना-प्रदर्शन करने की रणनीति बना रहे हैं, ताकि सरकार पर दबाव बनाया जा सके।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में घरेलू गैस एवं ईंधन आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा

**बड़वानी ।** जिले में घरेलू रसोई गैस सहित ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता है और आम उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है,उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में जिले में घरेलू गैस एवं ईंधन की निर्बाध आपूर्ति हेतु जिले के घरेलू गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों,पेट्रोल पंप संचालकों एवं केटरिंग असोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीपीसीएल, एचपीसीएल, आईओसीएल एजेंसियों के प्रतिनिधि वीडियो कॉंफ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडर एवं ईंधन वितरण की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए।

## किडनी की सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बुरहानपुर।** निमाड़ क्षेत्र के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज वेल, बुरहानपुर में विश्व किडनी दिवस के अवसर पर शुक्रवार, १३ मार्च को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. मधुर मनियार ने "किडनी की सुरक्षा" विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. मनियार ने बताया कि किडनी के मरीजों में नियमित डायलिसिस से जटिलताओं को टाला जा सकता है। उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट को भी एक प्रभावी उपचार विकल्प बताया। डॉ. मनियार ने डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को सावधानी बरतने की सलाह दी, क्योंकि ये दोनों बीमारियां किडनी पर सीधा असर डालती हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किडनी रोगी और उनके परिजन उपस्थित रहे। सभी ने विशेषज्ञों से किडनी संबंधी समस्याओं और उनके उपचार के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# किशोरी बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान निरंतर जारी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले में किशोरी बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान निरंतर जारी है। एचपीवी निःशुल्क टीकाकरण अभियान आगामी 3 माह तक संचालित किया जाएगा ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा बताया गया कि उज्जैन जिले में 13 स्थानों पर टीके निःशुल्क लगाये जा रहे है। इनमें आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज उज्जैन, जिला चिकित्सालय चरक भवन उज्जैन, सिविल अस्पताल माधवनगर, सिविल अस्पताल जीवाजी गंज, सिविल अस्पताल महिदपुर, सिविल अस्पताल नागदा, सिविल अस्पताल खाचरौद, सिविल अस्पताल बडनगर के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरवर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झारडा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तराना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंगोरिया में टीके निःशुल्क लगाये जा रहे हैं। अभी तक जिले में 1283 बालिकाओं का टीकाकरण किया जा चुका है। इसमें बड़नगर विकास खंड में 135, घट्टिया विकास खंड में 179, खाचरोद विकास खंड में 176, महिदपुर विकास खंड में 229, ताजपुर विकास खंड में 190, तराना विकास खंड में 168 और उज्जैन विकास खंड में 206 किशोरी बालिकाओं का टीकाकरण किया जा चुका है। एचपीवी निःशुल्क टीकाकरण अभियान अंतर्गत यूवीन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, अपार आईडी, स्टूडेंट फोटो आईडी, पासपोर्ट, मदर एंड चाइल्ड प्रोटेक्शन कार्ड, स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट, दी मेट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट, परमानेंट ऐजुकेशन नंबर (पेन आईडी), राशन कार्ड, बैंक पास बुक, अनाथ आश्रय का जन्म डिक्लेरेशन प्रमाण पत्र और एज डिक्लेरेशन फार्म (माता पिता से अंडर टेकिंग लेकर) में से कोई भी एक दस्तावेज मान्य होगा।एचपीवी टीका पुर्णतः सुरक्षित है व किशोरी बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए प्रभावी है।

## छेड़छाड़ के आरोपी को 3 साल की सजा

**रतलाम।** मंदिर छोडने के बहाने बाइक पर बैठाकर खेत में ले जाकर बालिका के साछ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को कोर्ट ने 3 साल के कारावास की सजा सुनाई है। एक हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट राकेश कुमार शर्मा ने दिया है। सहायक निदेशक अभियोजन आशा शाक्यवार ने बताया ८ सिंतबर २२ को थाना सैलाना पर बालिका ने अपने पिता व भाई के साथ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया कि वह व उसकी दो बहनों के साथ गणेश मंदिर पर आरती के लिए जा रहे थे। रास्ते में उनके पडोस में रहने वाले अनिल पाटीदार (३५) पिता राजेश पाटीदार निवासी थाना सैलाना बाइक से उनके पास आया। कहा कि चलो वह उन्हें मंदिर छोड देगा। तीनों बहनें उसकी बाइक पर बैठ गई। थोडी दूर जाने के बाद गणेश मंदिर के पहले रास्ते में अनिल पाटीदार ने बाइक से दो बहनों को उतार दिया। एक बहन को कहा कि चलो तुम्हारी मम्मी को भी लेकर आते है। आरोपी बालिका को लेकर वापस घर जाने के लिए निकला। तभी सामने से बालिका की मां व भाभी आते हुए दिखे तो अनिल ने उन्हें देखकर बाइक को गली में मोड़ दी। अपने खेत की तरफ लेकर गया। बालिका ने कहा कि मम्मी व भाभी पीछे रह गए। तब अनिल ने कहा कि खेत होकर आ रहे है। आरोपी ने बाइक खेत में ले जाकर रोक दी। बालिका का बुरी नियत से हाथ पकडा। अपनी तरफ उसे खींचकर छुने लगा। बालिका ने शोर मचाते हुए घर की तरफ भागी। तब रास्ते में उसका भाई मिला। उसे पूरी घटना बताई।

# राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण किया जाएं- कलेक्टर श्री सिंह

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने बुधवार को प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर कार्यालय के सभागार में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में अपर कलेक्टर श्री शाश्वत शर्मा, जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जिले में तहसील न्यायालय में तीन माह से अधिक समय तक कोई प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए। अविवादित नामांतरण के लंबित प्रकरणों को भी 10 दिन में निराकृत किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को



स्पष्ट निर्देश दिए है कि पटवारियों से कार्य कराने की जिम्मेदारी अधिकारियों की है। लंबित प्रकरण होने पर प्रति रविवार को आरओ बैठक लेकर समीक्षा की जाएगी।कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को राजस्व से संबंधित आवेदनों का समयसीमा में निराकरण करने के साथ ही बटांकन, सीमांकन, नामांतरण के कार्यों में विलम्ब न हो इसे लेकर निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने नाराजगी जताते हुए सीमांकन, अतिक्रमण, डायवर्जन, सायबर तहसील के प्रकरणों में निर्देश दिए कि 10 दिन से ज्यादा दिनों तक प्रकरण लंबित ना रहें। राजस्व वसूली को लेकर कलेक्टर श्री सिंह ने जिले की कुछ तहसीलों द्वारा कम वसूली होने पर नाराजगी जताते हुए निर्धारित लक्ष्य से कम वसूली होने पर वसूली करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि पुराने बकायादारों से कितनी वसूली की जाना है। कलेक्टर श्री सिंह ने अनाधिकृत रूप से निर्मित कॉलोनी निर्माण के विरुद्ध कार्यवाही, अतिक्रमण के नवीन दर्ज निराकरण प्रकरण, अर्थदंड की वसूली, आधार से आरओआर की लिंकिंग ई-केवाईसी की समीक्षा कर स्थिति सुधारने की हिदायत दी। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सीएम मॉनिट, सीएम हाउस की शिकायत के प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जन सुनवाई में राजस्व के कार्यों से संबंधित अधिक शिकायतें न आए इसके लिए पटवारी स्तर से लेकर एसडीएम स्तर तक विशेष प्रयास किए जाए। एसडीएम प्रारंभिक रुप से शिकायतों पर संज्ञान लेंगे तो जनसुनवाई तक शिकायतें नहीं पहुंचेगी।

## न्यूज -कॉलम

### अस्थियां विसर्जन करने की बात पर परिवार में विवाद

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम दताना में रहने वाले रोहितदास बैरागी के पिता का 3 दिन पूर्व निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार दताना शमशान घाट पर किया गया था। शुक्रवार सुबह रोहित पिता अस्थियां एकत्रित करने पहुंचा। इस दौरान काका के पुत्र श्यामदास बैरागी, राजूदास बैरागी और भतीजे विकास बैरागी, यशोमणी बैरागी भी पहुंच गये। उन्होने रोहितदास से अस्थियां मांगी और विसर्जन करने की बात कही। रोहितदास ने अपने पिता की अस्थियां खुद विसर्जित करने की बात कहीं। जिस पर उनके बीच विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बड़ी कि काका के पुत्रों और भतीजों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाली। मारपीट में रोहितदास घायल हो गया। उसे रिश्तेदार हरिवल्लभ बैरागी नरवर थाने लेकर पहुंचा। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण करने के बाद मामले में मारपीट करने वाले चारों लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### ग्राम पिपलू में सट्टा खाईवाली करने वाले गिरफ्तार

**उज्जैन।** बड़नगर थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलू में 2 युवकों द्वारा कुछ दिनों से सट्टा खाईवाली की जा रही थी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने दोनों की धरपकड़ के लिये एसआई सुरेन्द्र गरवाल, प्रधान आरक्षक प्रदीप डामोर, आरक्षक महेश मोर्य, सैनिक भूपेन्द्र, गोवर्धन डाबी की टीम को अलर्ट किया। टीम ने ग्राम पिपलू पहुंचकर घेराबदी की और एक को उसके घर के बाहर से दूसरे का बस स्टेंड के पास यात्री प्रतिक्षालय से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उनके नाम संतोष पिता दामोदर परमार 28 साल और राकेश पिता दामोदर परमार 35 साल निवासी ग्राम पिपलू सामने आये। दोनों सगे भाई है। उनके पास से 1330 रूपये नगद और सट्टा पर्ची जप्त होने पर सट्टा अधिनियम की धारा 4 (क) में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। थाना प्रभारी के अनुसार राकेश परमार पूर्व में सट्टा खाईवाली का आरोपी रह चुका है। उसके खिलाफ वर्ष 2022 में प्रकरण दर्ज हुआ था।

### मृतक के पास मिले मोबाइल नम्बर से हुई शिनाख्त

**उज्जैन।** महाकाल थाना क्षेत्र के रामघाट के समीप शहनाई गार्डन के पास से बीमार वृद्ध को पुलिस ने उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान गुरूवार-शुक्रवार रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शिनाख्त के लिये उसकी तलाशी ली तो जेब से मोबाइल नम्बर मिला। जिस पर संपर्क करने पर सामने आया कि मृतक खिलचीपुर का रहने वाला रामसिंह पिता रामकिशन मोंगिया 65 साल है। पुलिस ने परिजनों को घटनाक्रम की जानकारी दी। शुक्रवार सुबह पुत्र पवन रिश्तेदारों के साथ चरक अस्पताल पहुंचा। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। पुत्र ने बताया कि पिता को कुछ साल पहले कुष्ट रोग हो गया था। इलाज भी कराया लेकिन ठीक नहीं हुआ। पिता 2 माह पहले घर छोड़कर चले गये थे। पोस्टमार्टम के बाद पुत्र शव अंतिम संस्कार के लिये खिलचीपुर ले गया।

### पानी को लेकर रिश्तेदारों ने मां-बेटे से की मारपीट

**उज्जैन।** महिदपुर में रहने वाली कलाबाई पति बाबूलाल बोड़ाना 48 साल और उसके पुत्र सुमेरसिंह को घायल हालत में उपचार के लिये परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। इस दौरान सामने आया कि कलाबाई और उसके देवर सत्यनारायण, अमरसिंह का खेत पास-पास है। गुरूवार शाम कलाबाई और उसका पुत्र खेत पर प्याज की फसल में पाणत करने गये थे। जहां पानी फेरने की बात पर दोनों देवर से विवाद हुआ था। दोनों ने लाठियों से कलाबाई पर हमला किया। बीच-बचाव में पुत्र सुमेर आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। महिदपुर पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवकों ने बुलेट में लगा रखा था मॉडिफाइड साइलेंसर

**उज्जैन।** मॉडिफाइड साइलेंसर लगी बुलेट और बाइक के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान में महिदुपर थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान ग्राम खलाना में रहने वाले जोयब पिता राजू खान और ग्राम सुहागपुरा के रहने वाले भैरूलाल पिता रमेशलाल की बुलेट जप्त की। दोनों ने मॉडिफाइड साइलेंसर लगा रखा था। जिससे निकलने वाली आवाज से दूसरे वाहन चालक दहशत में आ रहे थे। महिदपुर थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार ने बताया कि जोयब के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 25 सौ रूपये की चालानी कार्रवाई की गई। वहीं भैरूलाल से चालान के रूप में 1 हजार रूपये जुर्माना वसूला गया। गौरतलब हो कि 2 दिन पहले नागदा थाना पुलिस 2 बुलेट जप्त कर चालकों के खिलाफ यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर चालानी कार्रवाई की थी। पूर्व में उज्जैन पुलिस भी सैकड़ों की संख्या में मॉडिफाइड साइलेंसर जप्त कर उनके ऊपर रोड रोलर चला चुकी है। पुलिस द्वारा लगातार बुलेट और बाइक में मॉडिफाइड साइलेंसर लगवाने वालों को यातायात नियमों का हवाल देकर पुलिस कार्रवाई से बचने का संदेश दे रही है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | | 335-1 | 230-5 |
| मेन बाजार | | 458-7 | 156-2 |
| कल्याण नाइट | | 177-5 | 378-8 |
| मिलन डे | | 378-8 | 129-2 |
| मिलन नाइट | | 117-9 | 147-2 |
| मधुर डे | | 460-0 | 569-0 |
| मधुर नाइट | | 390-2 | 167-4 |
| शुभांक | 4 | 4 | 9 |

तराना के ग्राम कनार्दी में दहशत, आधा दर्जन घायल...

# खेतों में काम करने वाले ग्रामीणों पर सियार का हमला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ग्राम कनार्दी में शुक्रवार को उस वक्त दहशत फैल गई, जब खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों पर सियार ने हमला करना शुरू कर दिया। दोपहर से शाम तक आधा दर्जन ग्रामीण घायल हो चुके थे। 3 को उपचार के लिये उज्जैन भी लाया गया। इस बीच रात में ग्रामीणों ने सियार की तलाश कर उसे मार दिया।





तराना तहसील के ग्राम कनार्दी में ग्रामीण अपने खेतों में प्याज, लहसुन की फसल में पानी देने और काम करने पहुंचे थे। उसी दौरान एक सियार ने भी खेतों का रूख कर लिया। काम कर रहे ग्रामीणों पर सियार ने एक के बाद एक हमले करना शुरू कर दिये। सियार एक खेत से दूसरे खेत की ओर दौड़ रहा था। शाम को ग्राम कनार्दी से कलाबाई पति मगनीराम पाटीदार 72 साल, पुत्र हरिनारायण पाटीदार 45 साल और अनुसुईय्या पति हरिनारायण 35 साल को सियार के हमले में घायल होने पर परिजन तराना अस्पताल से रैफर होने पर उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां तीनों को रैबिज वैक्सीन का डोज दिया गया।

वहीं प्राथमिक उपचार किया गया। हरिनारायण के पुत्र राकेश पाटीदार ने बताया कि माता-पिता और दादी खेत में लगी लहसून की फसल काटने पहुंचे थे। काम के दौरान अचानक दादी पर सियार ने हमला किया। पिता और मां ने बचाने का प्रयास किया तो सियार ने उन पर भी हमला कर दिया। तीनों के हाथ-पैर और चेहरे पर सियार ने हमला किया है। इस दौरान सामने आया कि सियार ने कालूराम पिता बद्रीलाल, गोरधन पिता बापूजी और गंगाराम पाटीदार पर भी हमला किया है। जिनका उपचार तराना अस्पताल में ही किया गया है। तीनों अपने खेतों में लगी प्याज की फसल में पानी फेरने गये थे।

#### ग्रामीणों में फैली दहशत, सियार की तलाश

खेतों में काम करने वाले ग्रामीणों पर सियार का हमला होने की खबर ग्राम कनार्दी में फैली तो ग्रामीण दहशत में आ गये। कुछ ग्रामीण खेतों के आसपास लाठियां लेकर सियार की तलाश में निकल पडे। कहा जा रहा था कि सियार पागल हो गया है। जिसके चलते एक के बाद एक हमले कर रहा है। सियार के हमले को देखते हुए ग्रामीणों ने बच्चों को खेत पर जाने से रोक दिया था। वहीं सावधनी पूर्वक काम कर रहे थे।

#### पिंजारा लगाने से पहले ग्रामीणों ने मारा

सियार द्वारा ग्रामीणों पर हमले के संबंध में वन विभाग के डिप्टी रेंजर मदनलाल मौरे ने चर्चा में बताया कि विभाग के अमले ने ग्रामीणों को सर्तक रहने की बात कहते हुए पिंजारा लगाकर पकड़ने की तैयारी कर जा रही है। लेकिन इस बीच रात में खबर सामने आई कि सियार के हमले के बाद ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की थी। जिसे देर शाम मार गिराया है। सियार के मरने की खबर ग्रमीणों को लगी तो उन्होने राहत की सांस ली।

# पकड़ाया कैमरा चोरी करने वाला बदमाश

## इंटरसिटी एक्सप्रेस में हुई थी वारदात, चुराया मोबाइल भी मिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंटरसिटी एक्सप्रेस में पंजाब की महिला का कैमरा अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया था। जीआरपी-आरपीएफ की टीम ने कैमरों की मदद से 10 दिनों बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से चोरी का मोबाइल भी बरामद हुआ है।



जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि 3 मार्च को पंजाब के जीरकपुर की रहने वाली आंचल धीमान ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह इंटरसिटी एक्सप्रेस से दिल्ली की यात्रा कर रही थी। उज्जैन स्टेशन पर ट्रेन का स्टापेज होने पर वह प्लेटफार्म पर उतरी थी, उसी दौरान स्लीपर कोच में सीट पर रखा 35 हजार कीमत का कैमरा अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया। शिकायत पर चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया और आरपीएफ टीम के साथ जीआरपी की टीम ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक किये गये।

जिसके आधार पर नागदा आउटर के पास से एक युवक को हिरासत में लिया गया। जिससे पूछताछ में नाम बलराम पटेल निवासी हर्रई थाना बरगी जिला जबलपुर सामने आया। सख्ती करने पर उसने कैमरा चोरी करना कबूल कर लिया। उसकी निशानदेही पर कैमरा बरामद कर लिया गया है। बदमाश के पास से एक रियलमी कंपनी का मोबाइल मिला, वह भी चोरी का सामने आया। बरामद कैमरे और मोबाइल की कीमत 47 हजार से अधिक पाई गई है। बदमाश का पूर्व में भी अपराधिक रिकार्ड होना सामने आया है। शुक्रवार दोपहर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है। 10 दिनों में चोरी का खुलासा करने में प्रधान आरक्षक वीर भूपेन्द्र, आरक्षक राहुलसिंह, जितेन्द्र छाडी, अमित जादौन और आरपीएफ टीम का सहयोग रहा।

### इंगोरिया में पलटा परच्युन से भरा ट्रक, चालक घायल

**उज्जैन।** इंगोरिया में शुक्रवार शाम ट्रक अनियंत्रित होने के बाद पलटी खा गया। चालक को गंभीर चोंट लगी, जिसे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया।

बताया जा रहा है कि पीथमपुर से परच्युन भरकर ट्रक भीलवाड़ा के लिये रवाना हुआ था। चालक जावर उर्फ जावेद पिता अय्युब निवासी अलवर राजस्थान इंगोरिया पहुंचा था, तभी रफ्तार पर नियंत्रण नहीं रख पाने पर ट्रक अनियंत्रित होकर पलटी खा गया। हादसे में चालक गंभीर घायल हो गया। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। ईएमटी सुरेश मीणा ने मौके पर घायल चालक का प्राथमिक उपचार किया और तत्काल चरक अस्पताल लेकर आया। जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। चालक के सिर में गंभीर चोंट लगना सामने आया है। एम्बुलेंस के ईएमटी मीणा के अनुसार शाम को हुई ट्रक पलटने की घटना से पहले दिन में इंगोरिया के आगे मकडावन में भी सीमेंट की ईंट से भरा ट्रक पलटी खा गया था। लेकिन उसमें किसी को गंभीर चोंट नहीं आई थी। उक्त घटना की खबर मिलने पर भी एम्बुलेंस मौके पर पहुंची थी।


## जाहिर सूचना

मैं अपनी पक्षकारा श्रीमती अनीता पिता स्व. पदम सिंह पति अशोक अंजना निवासी जोगीखेड़ा कृषक ग्राम रुई तहसील घटिया जिला उज्जैन की ओर से यह सूचित करता हूँ कि मेरी पक्षकारा के स्वामित्व, आधिपत्य व हक़ हिस्से की पैतृक कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 255/1 रकबा 2.68 ग्राम रुई तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है तथा यह भूमि पूर्व में मेरी पक्षकारा के पिता स्व. पदम सिंह जी के नाम से राजस्व अभिलेखों में दर्ज रही है व उनका देहांत 20-11-2021 को होने के पश्चात इस कृषि भूमि पर वारिसान के रूप में मेरी पक्षकारा अनीता, उनकी माता श्रीमती तेजू बाई पति पदम् सिंह व पुत्र रवि पिता स्व. पदम सिंह का नाम दर्ज हुआ था किन्तु मेरी पक्षकारा व उनके भाई रवि ने उक्त भूमि उक्त भूमि में से मेरी पक्षकारा के हिस्से की भूमि भी मयंक महेश्वरी पिता सतीश महेश्वरी को कब्ज़े रहित विक्रय पत्र का संपादन करवाकर विक्रय पत्र दिनांक 08-07-2022 के माध्यम से विक्रय की थी व इसकी जानकारी मेरी पक्षकारा को होने पर उनके द्वारा उक्त विक्रय पत्र को अवैध व शुन्य घोषित किये जाने पर एक वाद माननीय पंचम व्यव्हार न्यायाधीश वर्ग । उज्जैन के समक्ष प्रकरण क्रमांक 337/2025 प्रस्तुत किया है जिसमे पेशी दिनांक 28-04-2026 नियत है तथा उक्त प्रकरण में सम्बंधित व्यक्तियों को सुचना पत्र भी जारी किये जा चुके हैं। इसी प्रकार मेरी पक्षकारा द्वारा उक्त अवैध बंटवारे को भी श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय घट्टिया जिला उज्जैन के समक्ष अपील प्रस्तुत कर चुनौती दी है। इस प्रकार उक्त विक्रय पत्र व बंटवारा आदेश मेरी पक्षकारा के अधिकारों के मुकाबले अवैध व शुन्य है, किन्तु मेरी पक्षकारा को यह जानकारी हुई है कि उक्त कथित व्यक्तियों द्वारा मिलकर उक्त अवैध विक्रय पत्र के आधार पर मेरी पक्षकारा के हक़ व हिस्से की कृषि भूमि को अन्य व्यक्ति को विक्रय या हस्तांतरित कर उस पर बलात कब्ज़ा करने का षड़यंत्र किया जा रहा है। अत: सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था या बैंक उक्त सर्वे क्रमांक की भुमि के संबंध में विक्रय, दान या बंधक का संव्यवहार ना करें अन्यथा उक्त संव्यवहार मेरी पक्षकारा पर बंधनकारक ना होकर इसके परिणामो का उत्तरदायित्व सम्बंधित व्यक्ति या संस्था का होगा। इति दिनांक 13/03/2026

**श्रवण कुमार शर्मा,**
**कार्यालय-101, प्रथम मंजिल, गुरु कृपा रेसीडेंसी, दरगाह मंडी, आगर रोड, उज्जैन मो. 98262-77233, 86025-49005**



**M.P. STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD**
26-Arera Hills, Jail Road, Bhopal
Board/Nirman/P.Cell/Water Treatment/IInd Call/25-26/2416
Bhopal, Dated : 13.03.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Lump-Sum Rate E-Tenders are invited from the eligible bidders for Supplying, Installing, Commissioning, Testing, Repair and Maintenance of PLC based CBR-MMS Integrated Centralized Automatic Bacteriological Treatment Plant with Online Comprehensive Analyzer at Mandi Yards (APMC - Berasia, District Bhopal, APMC - Sehore, District Sehore, APMC - Ganj Basoda, District Vidisha, APMC - Harda, District Harda, APMC - Pipariya, District Narmadapuram, APMC - Itarsi, District Narmadapuram, APMC - Badnawar, District Dhar, APMC - Khargone, District Khargone, APMC - Ashta, District Sehore, APMC - Burhanpur, District Burhanpur, APMC - Ujjain, District Ujjain, APMC - Dewas, District Dewas, APMC - Neemuch, District Neemuch, APMC - Jaora, District Ratlam, APMC - Agar, District Agar-Malwa, APMC - Guna, District Guna, APMC - Ashoknagar, District Ashoknagar, APMC - Jabalpur, District Jabalpur, APMC - Seoni, District Seoni, APMC - Satna, District Satna) for treatment of water as per BIS standards vide IS:10500-2012. (Tender Number : 2026_MPSAM_490000 (IInd Call), (PAC amount Rs. 380.00 Lakh). The following Tender to be received online up to 5:30 PM on Dated 06.04.2026. Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note** : Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of project and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/124907/2026 **EXECUTIVE ENGINEER (PROJECT CELL)**


### सड़क चौड़ीकरण काम में मजदूर की करंट लगने से मौत

**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 को लेकर सडक चौडीकरण से लेकर ब्रिज निर्माण के काम चल रहे है। जिसमें मजदूरों की मौत होने के मामले लगतार सामने आ रहे है। शुक्रवार देर शाम सडक चौडीकरण के दौरान पाइप लाईन रिपेरिंग का काम करते समय मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई।

कोतवाली थाना प्रभारी दिनबंधूसिंह तोमर ने बताया कि थाना क्षेत्र में कोयला फाटक से कंठाल के बीच सडक चौडीकरण का काम चल रहा है। शाम को चौडीकरण मार्ग पर निजातपुरा क्षेत्र तिवारी नर्सिंग होम के सामने चौडीकरण के दौरान पाइप रिपेरिंग का काम कर रहे मजूदर राकेश पिता रामचंद्र 42 साल निवासी ग्राम खडोतिया की ड्रील मशीन चलाते समय करंट लगने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर मामले में मर्ग कायम किया गया है। शनिवार सुबह मृतक मजदूर का परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

**पांच मजदूरों की जा चुकी है जान**

शहर में चल रहे निर्माण के कार्यो का ठेका बिलिफ बिल्डकॉन कंपनी के पास है। इस दौरान पिछले 2-3 माह में पांच मजदूरों की मौत होना सामने आ चुका है। सबसे पहले भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के अम्बोदिया में नेपाल के मजदूर की मौत हुई थी। दूसरा मौत बडनगर मार्ग पर ब्रिज निर्माण में करंट लगने से एक मजदूर की हो गई थी। इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन ब्रिज निर्माण में मजदूर सरियों के जाल में फंस जान गवां बैठा था। वहीं घाट निर्माण के दौरान मिट्टी में दबने एक मजदूर की जान जा चुकी है।

**बिना उपकरण-संसाधनों के काम**

शहर में चले सिंहस्थ निर्माण कार्यो के दौरान अधिकांश बाहर के मजदूर काम कर रहे है। काम कराने वाले ठेकेदारों द्वारा मजदूरों का बिना उपकरण-संसाधन के काम में उतारा जा रहा है। इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन पर सरियों में दबे मजदूर की मौत का मामला सामने आने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने काम में मजदूरों को सुरक्षा उपकरण और संसाधन उपलब्ध करने के निर्देश भी जारी किये थे। बावजूद अब भी ठेकेदारों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है।

### आयुक्त ने सहायक यंत्री का वेतन काटने के दिए निर्देश

**उज्जैन।** शहर में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति को लेकर नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सख्त रुख अपनाया है। शुक्रवार को निगमायुक्त ने गदापुलिया से रविशंकर नगर, जयसिंहपुरा होते हुए लालपुल ब्रिज रोड तक के चौड़ीकरण कार्य का मौके पर निरीक्षण किया और तकनीकी स्तर पर कार्यों की जांच की। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने ऑटो लेवल मशीन के माध्यम से स्वयं नाली के लेवल की जांच की, जिसमें नाली का स्तर मानकों के अनुरूप पाया गया। निरीक्षण के दौरान चौड़ीकरण कार्य में बाधक भवन को समय पर नहीं हटाए जाने पर उन्होंने सहायक यंत्री दीपक शर्मा पर नाराजगी जताते हुए 15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता सही से नहीं होने पर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ 5 लाख रुपये की पेनल्टी लगाने के निर्देश भी दिए गए। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर के महत्वपूर्ण मार्गों के निर्माण में किसी भी प्रकार की तकनीकी या गुणवत्ता संबंधी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**कार्य की गति बढ़ाने के दिए निर्देश-** निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य के दौरान स्थानीय रहवासियों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए। साथ ही नालियों में गिरने वाली सीएनडी सामग्री की तुरंत सफाई करवाई जाए, ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। आयुक्त ने ठेकेदार को निर्माण कार्य की गति बढ़ाने के लिए आवश्यक संसाधन और श्रमिक बढ़ाने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि रविशंकर नगर, जयसिंहपुरा होते हुए लालपुल ब्रिज रोड तक प्रस्तावित मार्ग चौड़ीकरण परियोजना की कुल लंबाई 1.35 किलोमीटर और चौड़ाई 24 मीटर है, जिसकी लागत 18.95 करोड़ रुपये है। यह मार्ग शहर के यातायात दबाव को कम करने और आवागमन को सुगम बनाने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### लुंगी के फंदे से लटका मिला अधेड़

**उज्जैन।** किराये के मकान में रहने वाला अधेड़ शुक्रवार सुबह लुंगी के फंदे पर लटका मिला। मकान मालिक ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मृतक अधेड़ अकेला रहता था।

कृष्णा परिसर में पवन नामक व्यक्ति के मकान में नरेन्द्र पिता विजयसिंह राणावत 49 साल किराये से अकेला रहता था और कृषि उपज मंडी में काम करता था। शुक्रवार सुबह मकान मालिक ने उसे लुंगी के फंदे से लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया और मर्ग कायम किया। मकान मालिक के अनुसार नरेन्द्र अविवाहित था और करीब 2 साल से उसके यहां रह रहा था। पुलिस ने परिजनों का पता लगाने के बाद दोपहर में पोस्टमार्टम कराया। फांसी लगाने की वजह सामने नहीं आई है। ना ही घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट मिला है।

**ठेकेदार ने जहर खाकर किया सुसाइड**

इंदौररोड स्थित ग्राम करोहन में रहने वाला प्रकाश पिता गंगाराम पांचाल मकान निर्माण की ठेकेदारी करता था। उसकी ग्राम दाऊदखेड़ी में साइड चल रही थी। गुरूवार देर शाम उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। साइड पर काम करने वाले मजूदर उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां कुछ देर बाद मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद मामले की जांच शुरू की है। आशंका जताई जा रही है कि आर्थिक परेशानी के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है।

### पुलिस लाइन में डीआईजी ने किया वार्षिक निरीक्षण

**उज्जैन।** पुलिस लाइन रक्षित केन्द्र का शुक्रवार को डीआईजी द्वारा वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य पुलिस बल की दक्षता, अनुशासन और संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा करना था।



डीआईजी नवनीत भसीन और एसपी प्रदीप शर्मा पुलिस लाइन रक्षित केन्द्र पहुंचे थे। जहां उन्होने परेड़ की सलामी लेने के साथ पुलिसकर्मियों का टर्न आउट देखा, जिसके बाद वार्षिक निरीक्षण की शुरूआत कर उन्होने पुलिस लाइन स्थित महत्वपूर्ण इकाइयों स्टोर (रसद विभाग) और आर्म्स शाखा (शस्त्रागार) का निरीक्षण किया। शस्त्रागार में हथियारों के रखरखाव की जांच की निरीक्षण उपरांत पुलिस सम्मेलन में पुलिस कर्मियों से सीधा संवाद किया और उनके कल्याण के लिये घोषणा कर फीड बैक साझा किये। उन्होने ड्यूटी पर तैनात महिला और पुरुष पुलिस कर्मियों की सुविधा के लिए पुलिस लाइन में एक आधुनिक झूला घर के संचालन पर चर्चा की गई, ताकि ड्यूटी के दौरान उनके छोटे बच्चों की देखभाल सुरक्षित वातावरण में हो सके। पुलिस परिवार के बच्चों के बेहतर शैक्षणिक भविष्य के लिए दिशा लर्निंग सेंटर के सुदृटीकरण पर जोर दिया गया। यहीं नहीं विभागीय समस्याओं, अवकाश और अन्य दस्तावेजी कार्यों के त्वरित निराकरण के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। पुलिसकर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य, कानूनी प्रशिक्षण के साथ आधुनिक पुलिसिंग के लिए विशेष सत्र आयोजित करने की बात कही गई। पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन ही पुलिस विभाग की नींव है।

# पूरे मन से करें प्रयास



सत्संग में बैठना सौभाग्य है, यह अवसर बहुत कम लोगों को मिलता है। भगवान भी कितने खुश होते होंगे कि हम लोग इस घनघोर कलयुग में भी सत्संग में बैठते हैं। सोचकर देखिए, अभी दुनिया में करोड़ों-करोड़ों लोग क्या-क्या कर रहे होंगे, आप भी घर में होते, तो कुछ करते, लेकिन अभी सत्संग में आप जो कर रहे हैं, उससे अच्छा, कहीं और होते, तो नहीं कर रहे होते। अभी हम लोग मोक्ष यज्ञ के संपादन में लगे हैं। यह सबसे बड़ा काम है। हम कानों का उपयोग कर रहे हैं, हम मन का उपयोग कर रहे हैं, हम चित्त का उपयोग कर रहे हैं। हम अपने शरीर के सभी अंगों का उपयोग कर रहे हैं। भगवान की आराधना में धीरे-धीरे हमारा मन पिघल रहा है। विश्वास की ओर बढ़ रहा है। समर्पण की ओर बढ़ रहा है। निष्ठा की ओर बढ़ रहा है। आज नहीं तो कल, भगवान को पिघलना ही होगा।

हर व्यक्ति का संकल्प बड़ा होना चाहिए और ऐसा पूर्ण रीति से होने की जरूरत है। मैं कभी पंजाब में अपने भक्तों से पूछता हूं, तुम भी कुछ भजन-कीर्तन करते हो या नहीं? पंजाब वाले भक?त कहते हैं, माढ़ा-मोटा पूजन करता हूं। मतलब थोड़ा-बहुत पूजन करता हूं।

मैं उनसे पूछता हूं, जब दुकान पर जाकर इतने घंटे बैठते हो, तो दो रुपये मिलते हैं, तो दो अगरबत्ती दो मिनट घुमाने से तुम्हें भगवान क्या देंगे, बताना तो? घंटा-दो घंटा पढ़ने से कोई आईएएस की परीक्षा पास करेगा क्या? थोड़ी पढ़ाई से कोई बड़ी परीक्षा में टॉप करेगा क्या? दो-चार दंड बैठक करने से हिंद केसरी होगा क्या? देश का सबसे बड़ा पहलवान होगा क्या? नहीं होगा। जो हम धन कमाने के लिए करते हैं, जो हम भोग कमाने के लिए करते हैं, जो हम धर्म कमाने के लिए करते हैं, उससे बहुत ज्यादा जब हम मोक्ष कमाने के लिए करेंगे, तब हमारा जीवन धन्य होगा। जगद्गुरु वल्लभाचार्य जी ने लिखा है, अर्थ कहते हैं धन को, धन कमाने के लिए हम कितना प्रयास करते हैं, तो भगवान तो परमार्थ हैं, परम अर्थ हैं, सबसे बड़ा धन हैं। उन्हें कमाने के लिए बहुत-बहुत, लाखों-लाखों, करोड़ों-करोड़ों गुना ज्यादा प्रयास की जरूरत है, अधिक प्रयास की जरूरत है। अभी वाला कम प्रयास नहीं चलेगा। दो मिनट केवल ध्यान, पूजन करने से, इलायची दाना भोग लगाने से नहीं चलेगा। आदमी अपने बच्चों को कितनी देर तक खेलाता, खिलाता है, लेकिन भगवान के पास बैठने पर दम घुटने लगता है। बच्चों को पालना आसान नहीं है, घंटों-घंटों लग जाते हैं। माताएं सेवा में लगी रहती हैं, तब बच्चा निखरकर समाज के सामने आता है। यह सोचना चाहिए कि हम अपने जीवन में क्या बनना चाहते हैं और वैसा बनने के लिए हम कितना समय-संसाधन लगा रहे हैं?



सम्पादकीय

## भारत की कोशिशें

जब भारत में तेल-गैस संकट की चर्चा तेज होती जा रही है, तब सरकार भी समाधान की दिशा में यथोचित प्रयास कर रही है। यह बहुत जरूरी है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर तेल-गैस की व्यवस्था करने में अपने पूरे अनुभव व कुशलता का परिचय दें। दुनिया में सबसे विशाल आबादी वाले विकासशील भारत को बड़ी मात्रा में तेल-गैस की जरूरत है। जो लोग आरोप लगा रहे हैं कि पश्चिम एशिया में युद्ध भड़कते ही हम तेल-गैस के प्रबंधन में नाकाम हो गए हैं, उन्हें एक बार देश के केवल दो राज्यों की आबादी पर गौर करना चाहिए। करीब 24 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश और 13 करोड़ की आबादी वाला बिहार, दोनों मिलकर चीन और भारत के बाद दुनिया में तीसरी सर्वाधिक आबादी वाले क्षेत्र हैं। दोनों राज्यों के 37 करोड़ लोगों के लिए तेल-गैस का प्रबंध आसान नहीं है। किसी भी देश से कहा जाए कि आप इतने लोगों के लिए तेल-गैस का इंतजाम कीजिए, तो परेशानी हो जाएगी। इस जमीनी हकीकत के मद्देनजर भारत की परेशानी को समझना चाहिए। भारत को अपनी जरूरत के लिए लगभग 80 प्रतिशत से ज्यादा तेल-गैस का आयात करना पड़ता है। इसमें से आधे से भी ज्यादा तेल-गैस होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। चूंकि युद्ध के चलते यह समुद्री मार्ग असुरक्षित या लगभग बंद हो गया है, इसलिए भारत में किल्लत की चिंता फैल रही है। वैसे, इस मार्ग से छिपते-छिपाते एक तेल से भरा टैंकर-जहाज मुंबई पहुंच गया है। इस जहाज का आगमन अपने आप में एक दर्ज करने लायक दिलचस्प दास्तान है। लाइबेरिया के झंडे वाला तेल टैंकर, जिसमें सऊदी अरब का कच्चा तेल भरा है और जिसका कप्तान एक भारतीय है, उसका भारत पहुंचना साहस की मिसाल है। हालांकि, ऐसा जोखिम नहीं लेना चाहिए। यह भी उल्लेखनीय है कि इस एक जहाज से 1,35,335 मीट्रिक टन कच्चा तेल आया है। इतना तेल एक छोटे देश के लिए पर्याप्त है, पर भारत के लिए ऊंट के मुंह में जीरा बराबर है। यहां भारत सरकार और उसके विदेश मंत्री की भूमिका बहुत बढ़ जाती है। हम आयात पर निर्भर हैं और आयात का पूरा इंतजाम सरकार को ही करना होगा। इसके लिए जिस भी देश से वार्ता की जरूरत हो, हमें हिचकना नहीं चाहिए। यह इंतजाम कठिन है, लेकिन भारत जैसे जरूरतमंद देश को इसके लिए हर मुमकिन कोशिश को अंजाम देना होगा। बहरहाल, चर्चा है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ईरान के विदेश मंत्री से बातचीत कर रहे हैं।

### सस्ती लोकप्रियता हेतु भटकाव

## फूहड़ कंटेंट, सोशल मीडिया और संस्कृति: जिम्मेदारी किसकी?

डिजिटल युग ने हमारे समाज की संरचना, सोच और अभिव्यक्ति के तरीकों को गहराई से बदल दिया है। आज मोबाइल फोन और इंटरनेट के माध्यम से कोई भी व्यक्ति कुछ ही सेकंड में लाखों लोगों तक पहुंच सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने अभिव्यक्ति को लोकतांत्रिक बनाया है– जहां पहले मनोरंजन और प्रसिद्धि के अवसर सीमित लोगों तक होते थे, वहीं अब हर व्यक्ति के पास अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच है। लेकिन इस नए अवसर के साथ कई नई चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। इन चुनौतियों में सबसे बड़ी बहस उस कंटेंट को लेकर है जिसे समाज का एक वर्ग फूहड़ या अशोभनीय मानता है।



प्रो. आर.के. जैन (दैनिक अवन्तिका)

पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो तेजी से वायरल होते देखे गए हैं जिनमें डांस, अभिनय या मनोरंजन के नाम पर ऐसे हाव-भाव और प्रस्तुति दिखाई जाती है जिन्हें कई लोग सांस्कृतिक मूल्यों के विरुद्ध मानते हैं। इन वीडियो को लाखों व्यूज, लाइक्स और शेयर मिलते हैं, जिससे वे और अधिक लोगों तक पहुंचते हैं। लोकप्रियता की इस दौड़ में कई बार कंटेंट की गुणवत्ता और सामाजिक जिम्मेदारी पीछे छूट जाती है।

समाज के एक बड़े वर्ग का मानना है कि इस प्रकार के कंटेंट का प्रभाव विशेष रूप से युवाओं और किशोरों पर पड़ता है। जब वे देखते हैं कि कुछ लोग केवल कुछ सेकंड के वीडियो बनाकर अत्यधिक प्रसिद्धि और आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं, तो उनके मन में भी वैसा ही करने की इच्छा पैदा हो सकती है। कई बार यह प्रेरणा रचनात्मक दिशा में जाती है–जैसे संगीत, कला, नृत्य या शिक्षा से जुड़े कंटेंट बनाना। लेकिन कई मामलों में यह प्रेरणा केवल वायरल होने की दौड़ में बदल जाती है, जहां ध्यान आकर्षित करने के लिए किसी भी प्रकार का तरीका अपनाया जाता है।

यह भी देखा गया है कि सोशल मीडिया पर ट्रेंड और एल्गोरिद्म का बहुत बड़ा प्रभाव होता है। जो कंटेंट अधिक देखा और साझा किया जाता है, वही तेजी से फैलता है। ऐसे में यदि दर्शक बार-बार उसी प्रकार के वीडियो देखते हैं जिन्हें वे स्वयं फूहड़ कहते हैं, तो अनजाने में वे उसी प्रवृत्ति को बढ़ावा भी दे रहे होते हैं। इसलिए केवल कंटेंट बनाने वालों को दोष देना इस समस्या का पूरा समाधान नहीं है। दर्शक भी इस डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

दूसरी ओर, यह तर्क भी सामने आता है कि कला और मनोरंजन की अपनी स्वतंत्रता होती है। नृत्य, अभिनय और अभिव्यक्ति के कई रूप होते हैं, और हर व्यक्ति उन्हें अलग-अलग तरीके से देखता है। जो एक व्यक्ति को अनुचित लगता है, वही दूसरे के लिए केवल मनोरंजन या कला का एक रूप हो सकता है। इसी कारण इस विषय पर समाज में तीखी बहस देखने को मिलती है। कुछ लोग इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा मानते हैं, जबकि अन्य इसे सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के क्षरण के रूप में देखते हैं।

यहाँ एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है–क्या किसी भी प्रकार की लोकप्रियता को सफलता का मानक माना जाना चाहिए? सोशल मीडिया ने प्रसिद्धि प्राप्त करने की प्रक्रिया को बहुत तेज कर दिया है। पहले किसी कलाकार को पहचान पाने में वर्षों लग जाते थे; आज एक वायरल वीडियो किसी को रातों-रात स्टार बना सकता है। लेकिन यह त्वरित प्रसिद्धि कई बार स्थायी नहीं होती और इसके सामाजिक प्रभाव भी जटिल हो सकते हैं।

कई युवा इस भ्रम में पड़ सकते हैं कि केवल विवादास्पद या ध्यान आकर्षित करने वाला कंटेंट ही सफलता का रास्ता है। परिणामस्वरूप वे अपनी प्रतिभा को विकसित करने की बजाय तात्कालिक लोकप्रियता के पीछे भागने लगते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल व्यक्तिगत विकास को प्रभावित करती है, बल्कि समाज में मनोरंजन की गुणवत्ता पर भी असर डालती है। संस्कृति की बात करें तो यह किसी एक व्यक्ति या एक पीढ़ी की देन नहीं होती। संस्कृति सदियों के अनुभव, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से बनती है। इसमें परिवर्तन भी होता रहता है–क्योंकि हर युग अपने साथ नए विचार और नए रूप लेकर आता है। लेकिन परिवर्तन और अतिरेक के बीच संतुलन बनाए रखना भी आवश्यक है। जब मनोरंजन का उद्देश्य केवल सनसनी या ध्यान आकर्षित करना बन जाए, तो समाज में यह चिंता स्वाभाविक है कि कहीं हम अपने मूल्यों से दूर तो नहीं जा रहे।

इस संदर्भ में परिवार, शिक्षा और समाज की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। बच्चों और युवाओं को यह समझाना जरूरी है कि इंटरनेट पर दिखने वाली हर चीज अनुकरण के योग्य नहीं होती। डिजिटल साक्षरता–यानी यह समझ कि ऑनलाइन दुनिया कैसे काम करती है–आज के समय की बड़ी आवश्यकता बन गई है। यदि युवा यह समझ पाएँ कि एल्गोरिद्म कैसे काम करते हैं, व्यूज और लाइक्स कैसे बढ़ते हैं, और किस प्रकार का कंटेंट उन्हें प्रभावित कर सकता है, तो वे अधिक जागरूक निर्णय ले सकेंगे।

कंटेंट क्रिएटर्स की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। जो लोग लाखों दर्शकों तक पहुंच रखते हैं, उनके पास समाज को प्रभावित करने की शक्ति भी होती है। यदि वे अपनी लोकप्रियता का उपयोग सकारात्मक संदेश, रचनात्मक कला और प्रेरणादायक सामग्री के लिए करें, तो वही सोशल मीडिया समाज के लिए एक सशक्त मंच बन सकता है। कई उदाहरण ऐसे भी हैं जहां क्रिएटर्स ने शिक्षा, लोक संस्कृति, भाषा और परंपराओं को बढ़ावा देने का काम किया है और लाखों लोगों को प्रभावित किया है।

इसलिए समाधान केवल विरोध या बहिष्कार में नहीं, बल्कि संतुलित दृष्टिकोण में है। समाज को यह तय करना होगा कि वह किस प्रकार के कंटेंट को बढ़ावा देना चाहता है। यदि दर्शक रचनात्मक, ज्ञानवर्धक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध सामग्री को अधिक समर्थन देंगे, तो स्वाभाविक रूप से वही कंटेंट अधिक दिखाई देगा। सोशल मीडिया का एल्गोरिद्म अंततः दर्शकों की पसंद पर ही निर्भर करता है।

इसके साथ ही प्लेटफॉर्म कंपनियों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे ऐसे मानक और नीतियाँ विकसित करें जो समाज के व्यापक हितों का ध्यान रखें। कई प्लेटफॉर्म पहले से ही समुदाय दिशानिर्देश लागू करते हैं, लेकिन उनकी प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि उन्हें कितनी गंभीरता से लागू किया जाता है।

## रंगीन गधों का मेला

शहर के 'विद्वान विला' अपार्टमेंट में सन्नाटा ऐसा था जैसे किसी पुस्तकालय में मातम छाया हो। यहाँ के स्वघोषित दार्शनिक प्रोफेसर गजानन 'गंभीर', अपनी खिड़की के पर्दों के पीछे छिपे बाहर की दुनिया को घृणा से देख रहे थे। होली का दिन था, और प्रोफेसर के अनुसार, यह वह दिन था जब होमो सेपियन्स स्वेच्छा से 'याहू' बनने का निर्णय लेते हैं। प्रोफेसर ने अपनी डायरी में लिखा–₹आज मानवता सामूहिक रूप से पागलखाने से छुट्टी पर है।₹ उनके लिए रंग केवल पिगमेंट नहीं, बल्कि तर्कशक्ति पर फेंका गया तेजाब था। वे खिड़की से देख रहे थे कि कैसे उनके पड़ोसी, जो कल तक 'क्वांटम फिजिक्स' पर चर्चा करते थे, आज बंदरों की तरह चीखते हुए एक-दूसरे के चेहरे पर कीचड़ मल रहे हैं। प्रोफेसर का मानना था कि सभ्यता की ऊँचाई से गिरने का सबसे छोटा रास्ता 'गुलाल' की एक पुड़िया से होकर गुजरता है, जहाँ मनुष्य अपनी पहचान मिटाकर एक बहुआयामी जोकर में तब्दील हो जाता है।

तभी प्रोफेसर के परम मित्र और मनोवैज्ञानिक डॉ. विचलित का फोन आया, जो स्वयं को 'बुद्धि का आखिरी किला' समझते थे। डॉ. विचलित की आवाज में कंपकंपी थी, ₹गजानन, क्या तुमने देखा? वर्मा जी ने अपनी ऑडी पर तिरपाल नहीं ढका है! वे इस रंगीन बर्बरता का स्वागत कर रहे हैं। यह मानसिक दीवालियेपन की पराकाष्ठा है।₹ प्रोफेसर ने ठंडी आह भरते हुए उत्तर दिया, ₹डॉक्टर, वर्मा जी तो कब के इस संक्रामक मूर्खता के शिकार हो चुके हैं। कल वे मुझसे कह रहे थे कि होली 'हृदय के मिलन' का पर्व है। मैंने उनसे पूछा कि क्या हृदय मिलने के लिए चेहरे का बैंगनी होना अनिवार्य है? जिस समाज में प्रेम व्यक्त करने के लिए रसायन और कीचड़ की आवश्यकता पड़े, समझ लीजिए कि वहाँ विवेक की मृत्यु हो चुकी है।₹ दोनों मित्रों ने शपथ ली कि वे आज के दिन 'बौद्धिक उपवास' रखेंगे और किसी भी 'रंगीन आतंकवादी' को अपने द्वार के भीतर कदम नहीं रखने देंगे, चाहे इसके लिए उन्हें शांति का मार्ग ही क्यों न चुनना पड़े। दोपहर होते-होते 'विद्वान विला' के बाहर का दृश्य किसी युद्धभूमि जैसा हो गया था, जहाँ हथियार के रूप में पिचकारियाँ और गोला-बारूद के रूप में पानी के गुब्बारे इस्तेमाल हो रहे थे। हुड़दंगियों की एक टोली 'जोगीरा सारा रारा' का गान करते हुए निकली, जिसका साहित्य सुनकर प्रोफेसर गजानन को लगा कि उनकी सारी डिग्रियाँ नाली में बह गई हैं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 14 मार्च 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:43 सूर्यास्त 18:31
चैत्र मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - दसमी 08:11 उपरांत एकादशी
नक्षत्र- उत्तराषाढा 04:49 उपरांत श्रवण
योग - वरियान 10:42 उपरांत परिघ
करण - विष्टि
चन्द्रमा - धनु में है। 09:33 मकर में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 24 तारिख

**मेष-** आज रुका धन मिलेगा। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी।

**वृषभ-** जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी। चिंता में कमी होगी।

**मिथुन-** नौकरी में सुकून रहेगा। निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। नए लोगों से संपर्क होगा।

**कर्क-** घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**सिंह-** बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी।

**कन्या-** व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। जल्दबाज न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**तुला-** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा।

**वृश्चिक-** अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**धनु-** नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे।

**मकर-** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी।

**कुंभ-** प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। आय के स्त्रोत बढ़ सकते हैं।

**मीन-** व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर सहयोग व प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

समसामयिक

## पीढ़ीगत मतभेद बहुत स्वाभाविक सामंजस्य बैठाने की जरूरत

कभी-कभी नए दौर की नई पीढ़ी में विद्रोही मानसिकता की झलक दिखाई देती है। इसके चलते विशेष तौर पर पारिवारिक तथा सामाजिक रीति रिवाज एवं परंपराओं के परिपालन के प्रति नई पीढ़ी में अरुचि झलका करती है। लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। दरअसल नई पीढ़ी का अपना एक अलग तार्किक दृष्टिकोण होता है। जिसके चलते वह हर बात को उसके औचित्य के आधार पर ही स्वीकारती है। दरअसल जिस परिवेश में नई और पुरानी पीढ़ी ने अपना बचपन जिया है, जिस परिवेश में वे पले बड़े हैं और समय की धारा के प्रवाह को जैसा देखा सुना और समझा है, उसमें जमीन आसमान का अंतर बहुत स्वाभाविक है। ऐसे में मतभिन्नता तो बहुत स्वाभाविक है।



राजेंद्र बज (दैनिक अवन्तिका)

यही नहीं अपितु आजकल तो देखते ही देखते आप और हम युग परिवर्तन के प्रत्यक्ष साक्षी बनते चले जा रहे हैं। एक प्रकार से तमाम रीति रिवाज एवं परंपराएं भी फैशन की भांति ली जा रही है। जिस प्रकार हर एक फैशन का अपना एक अलग कालखंड होता है ठीक उसी प्रकार आजकल के दौर में तमाम रीति रिवाज और परंपराएं भी बहुत जल्द परिवर्तित होती जा रही है। इस स्थिति के चलते कुछ एक परिवारों में तो यह स्थिति दिखाई देती है कि नई पीढ़ी और पुरानी पीढ़ी में वैचारिक असमानता तमाम तरह के विवादों का कारण बन जाएं। दरअसल इसके लिए किसी एक पीढ़ी को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। ऐसी स्थिति में परस्पर सामंजस्य बैठाना जरूरी है।

वैसे भी अब यह कोई बहुत जरूरी नहीं रह गया है कि नई पीढ़ी पुरानी पीढ़ी के नक्शे कदम पर ही चले। कहीं-कहीं तो नई पीढ़ी आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर होने पर स्वच्छंद आचरण और व्यवहार करते हुए भी दिखाई देती है। लेकिन इस स्थिति के लिए केवल और केवल नई पीढ़ी को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। हकीकत तो यह है कि पुरानी पीढ़ी ने ही नई पीढ़ी को इस रूप में ढाला है कि वह तकनीकी ज्ञान कौशल के साथ-साथ नए दौर की आधुनिक शिक्षा ग्रहण करें। अब यह लिखने की तो कोई जरूरत ही नहीं है कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में कितनी मात्रा में नैतिक और व्यावहारिक शिक्षा का पाठ पढ़ाया जाता है?

वास्तव में आजकल की नई पीढ़ी चाहे दुनिया भर का ज्ञान रखती हो, लेकिन यदि नई पीढ़ी को हमने भारतीय सभ्यता तथा संस्कृति के साथ-साथ पारिवारिक एवं सामाजिक सभ्यता तथा संस्कृति का पाठ नहीं पढ़ाया, तो इसके लिए दोषी कौन ? आज अधिकांश माता-पिता और अभिभावक बच्चों को उस रूप में शिक्षित करते हैं कि शिक्षा प्राप्ति के तुरंत पश्चात उसे अच्छा खासा पैकेज मिल सके। दरअसल पुरानी पीढ़ी ने नई पीढ़ी के आर्थिक दृष्टि से स्वावलंबी और स्वर्णिम भविष्य के निर्माण की दृष्टि से नई शिक्षा दीक्षा पर निवेश किया है। लेकिन बच्चों को बालपन में जिन संस्कारों से परिपूर्ण कर दिया जाना चाहिए था, उस ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया।

यही कारण है कि आज कोई यह दावे के साथ नहीं कह सकता कि आजकल के दौर में कोई श्रवण कुमार सिद्ध हो सके। दरअसल नई पीढ़ी दुनिया भर के ज्ञान कौशल से परिपूर्ण है। तकनीकी शिक्षा ने उनके लिए बड़ा लंबा चौड़ा आसमान तय कर दिया है। ऐसे में उनके लिए व्यावहारिक रूप से पुश्तैनी परिवेश में उनके लायक काम चाह कर भी नहीं मिल सकता। ऐसी स्थिति में उन्हें घर से बाहर निकलना ही होता है। ऐसे में नई पीढ़ी नए जमाने की नई हवा के बहाव में बह जाती है और पारिवारिक परंपरा तथा रीति रिवाज बहुत पीछे छूट जाते हैं।

## युद्ध और पर्यावरण विनाश: क्या तय होगी युद्ध थोपने वाले नेताओं की जवाबदेही?

वर्तमान सदी में युद्ध केवल सीमाओं को बदलने या सत्ता परिवर्तन के लिए ही नहीं, बल्कि संसाधनों पर कब्जे, हथियारों के प्रदर्शन और उनके परीक्षण के लिए भी लड़े जा रहे हैं। चिंताजनक तथ्य यह है कि ये युद्ध न केवल मानव सभ्यता को पीछे धकेल रहे हैं, बल्कि पृथ्वी के पर्यावरण पर भी गहरे और दीर्घकालिक घाव छोड़ रहे हैं।



डा मनमोहन प्रकाश (दैनिक अवन्तिका)

?युद्ध के दौरान फटने वाले बम, मिसाइलें और रासायनिक हथियार तेल भंडारों को राख कर रहे हैं, शहरों और जंगलों की हरियाली निगल रहे हैं, जल स्त्रोतों को दूषित कर रहे हैं और हवाओं को विषैला बना रहे हैं। इससे जमीन की उर्वरा शक्ति नष्ट हो रही है और जैव विविधता पर गहरा संकट मंडरा रहा है। विशेष ध्यान देने योग्य बात यह भी है कि ?युद्ध केवल भूमि और आकाश तक सीमित नहीं रहते, बल्कि इनका सबसे मूक और गहरा प्रभाव समुद्रों पर पड़ता है। नौसैनिक युद्धों के दौरान क्षतिग्रस्त होने वाले युद्धपोत और तेल टैंकरों से होने वाला 'ऑयल स्पिल' (तेल रिसाव) समुद्री जीवों के लिए मौत का वारंट बन जाता है। मिसाइल परीक्षणों और पनडुब्बियों द्वारा छोड़े गए मलबे से समुद्र के तल में भारी धातुएं जमा हो जाती हैं, जो खाद्य श्रृंखला के माध्यम से अंततः मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इसके अतिरिक्त, आधुनिक युद्धों में उपयोग होने वाले शक्तिशाली सोनार सिस्टम समुद्री स्तनधारियों, जैसे व्हेल और डॉल्फिन की संचार क्षमता और दिशा-ज्ञान को नष्ट कर देते हैं, जिससे उनकी अकाल मृत्यु हो जाती है। लाल सागर और फारस की खाड़ी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में वर्तमान सैन्य हलचल वहां के कोरल रीफ (मूंगा चट्टानों) को भी अपूरणीय क्षति पहुँचा रही है, जो हजारों प्रजातियों का घर हैं।

ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जब युद्ध पर्यावरण के इतने बड़े विनाश का कारण बनते हैं, तो क्या इन्हें शुरू करने वाले नेताओं और शक्तियों की पर्यावरणीय जवाबदेही तय नहीं की जानी चाहिए?

वर्तमान में पश्चिम एशिया का तनाव इस प्रश्न को और अधिक गंभीर बना रहा है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़ा संघर्ष अब भीषण रूप ले चुका है। दोनों ओर से घातक मिसाइलों और ड्रोनों की बरसात हो रही है। ऐसा ही भयावह मंजर रूस-यूक्रेन युद्ध में भी देखने को मिल रहा है। इन युद्धों का प्रभाव केवल युद्धरत देशों तक सीमित नहीं है। तेल भंडारों, सैन्य ठिकानों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों पर हमलों से निकलने वाला विषैला धुआं, रासायनिक गैसें और सूक्ष्म कण वैश्विक वायुमंडल में घुल रहे हैं। विकसित शहर मलबे के ढेर में बदल रहे हैं, जिससे जल, वायु, पृथ्वी और आकाश प्रदूषित होकर जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं।

इतिहास गवाह है कि युद्ध और पर्यावरण विनाश का चोली-दामन का साथ रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए परमाणु बमों ने न केवल लाखों जानें लीं, बल्कि दशकों तक रेडियोधर्मी प्रदूषण फैलाया, जिसने मिट्टी और जल को जहरीला बना दिया। खाड़ी युद्ध (1991) के दौरान कुवैत के तेल कुओं में लगाई गई आग आधुनिक इतिहास की सबसे बड़ी पर्यावरणीय आपदाओं में से एक है, जिससे महीनों तक लाखों टन कार्बन वायुमंडल में पहुंचा। भारत-पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध और विशेष रूप से 1999 का कारगिल युद्ध हिमालयी पारिस्थितिकी के लिए बड़ी चुनौती बना। ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में सैन्य कचरे और विस्फोटों ने संवेदनशील ग्लेशियरों को प्रभावित किया। वियतनाम युद्ध में अमेरिकी सेना द्वारा इस्तेमाल किए गए 'एजेंट ऑरेंज' जैसे रसायनों ने लाखों हेक्टेयर वनों को बंजर बना दिया।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1831-2729 चना काबली- 4000-4801, चना बड़ा- 2401-5411, रायड़ा- 5445, बलटा- 3601, सोयाबीन- 2027-5851, मसूर- 5091-5976 तिल्ली- 8290, धनिया- 7500 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्ड- 1,67,300, रवा- 1,67,200 चांदी- टंच- 2,76,500 पाट- 2,76,000।

## धर्म-आस्था

## पुनर्जन्म को मानो या ना मानो ये आपकी मर्जी

आत्मा के ऊपर परमात्मा होती है`विज्ञान के ऊपर परा विज्ञान और लोक ब्रह्मांड में भू लोक के ऊपर भुवर्लोक,स्वर्ग लोक,महलोक जन लोक, तप लोक, सत्य लोक और नीचे अतल लोक, वितल लोक, सुतल लोक, तलातल लोक ,महातल लोक, रसातल लोक है। ये सब ग्रंथो में वर्णित है। आत्मा सूक्ष्म शरीर में रहती है। मृत्यु के तेरह दिन के पश्चात ही तर्पण प्रक्रिया से मोक्ष की प्राप्ति होती है ऐसा विधान चलता आया है। अल्प आयु में मृत्यु होने से वो अक्सर प्रेत योनि में विचरण करती है। यदि तर्पण आदि की प्रक्रिया से वो बंधन मुक्त होती है। पुनर्जन्म भी काया प्रवेश का कही-कही आधार बनता है किन्तु स्मृति की उम्र ज्यादा नहीं होने से वो भूलने लगता है `विश्व के सबसे प्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद से लेकर वेद, दर्शनशास्त्र, पुराण, गीता, योग आदि ग्रंथों में पुनर्जन्म की मान्यता का प्रतिपादन किया गया है। इस सिद्धांत के अनुसार शरीर का मृत्यु ही जीवन का अंत नहीं है परंतु जन्म जन्मांतर की श्रृंखला है। पुराण आदि में भी जन्म और पुनर्जन्मों का उल्लेख है। जीवात्मा पुनर्जन्म लेती है। जीवात्मा को कर्मों के आधार पर जन्म मिलता है। जीवात्मा के सूक्ष्म शरीर के साथ उसके धर्म, कर्म व ज्ञान साथ रहते हैं। शरीर छोड़ते समय मन में जो अधूरी कामना रह जाती है तब वह वर्तमान जन्म में उसकी पूर्ति के लिये जन्म लेता है। कुछ वैज्ञानिक उन्हें पूर्व जन्म का अर्जित ज्ञान नहीं मानते। उनका कहना है कि मस्तिष्क (इतंपद) में एक प्रकार का रसायन प्रोटोजोआ नाम का होता है जिसमें मस्तिष्क का एक विशेष भाग सक्रिय हो जाता है और इस प्रकार की विलक्षणता आती हैंइलेक्ट्रॉनिक दुनिया में मोबाइल में दो सीम और किसी मोबाइल में ज्यादा सीम भी होती है जो मेमोरी की क्षमता रखती है तो मानव मस्तिष्क में पुनर्जन्म की मेमोरी रह सकती है` जो कुछ वर्षो बाद पिछले जन्म की मेमोरी धीरे धीरे कम हो जाती है। एक पुनर्जन्म से जुड़ी एक घटना है।जहां जन्मे एक बच्चे ने 4 साल की उम्र में अपने पिता को बताया कि उसका घर दूसरे गांव में है, जहां उसके बीवी बच्चे भी हैं। पिछले जन्म में उसके चचेरे भाइयों ने विवाद के चलते खेत में उसकी हत्या कर दी थी। जब उस बच्चे के पिता ने उनके बताए आधार पर खोजबीन की तो ये बात सच निकलीं।अपनी मां और बहनों के अलावा अपने उन भाइयों को भी पहचान लिया, जिनका जन्म सोमदत्त के मरने के बाद हुआ था। उत्सुकतावश लोगों ने वीर से पूछा कि तुम अपने इन भाइयों को कैसे पहचानते होजिनका जन्म तो तुम्हारी मृत्यु के बाद हुआ था। तब वीर ने बताया कि मृत्यु के बाद उसे 9 साल तक कोई शरीर नहीं मिला तो वह पूर्वजन्म के घर के पास ही प्रेत बनकर पेड़ पर रहने लगा। जब प्यास लगती तो कुंए से पानी पी लेना और भूख लगने पर रसोई से रोटी खा लेता था। तब प्रेत रूप में ही उसने अपने उन भाइयों को देखा था। यह सब सुनकर सभी लोग हैरान थे। हमारे धार्मिक ग्रंथ तो पुनर्जन्म की बातों को और कर्मों के अनुसार नया जीवन मिलने की बातें को स्पष्ट रूप से कहते रहे हैं। पुनर्जन्म के हजारों उदाहरण सामने आए है।



संजय वर्मा दैनिक अवन्तिका

गीता और गरुड़ पुराण में इस विषय पर काफी कुछ कहा गया है। महाभारत की एक घटना भी पुनर्जन्म की अवधारणा को मजबूत करता है। यह घटना महाभारत के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति भीष्म पितामह की है जिन्हें अपने 6 जन्मों की बातें याद थी। एक जानकारी के मुताबिक पलक झपकने से तीन गुना तेज याद आती है घटनाएँ के बारे में भी खबर पढ़ने को आयी थी`स्मृतियाँ सिमेटिक -भाषा के तथ्य समझने पर व एपिसोडिक - व्यक्ति विशेष के लिए खास महत्व रखती है ।रटंत क्रिया से भी याददाश्त मजबूत होती है।चिंतनीय प्रश्न यह उठता है कि क्या इंसान के मरने के बाद स्मृतियाँ अमर होती है? पुनर्जन्म के उदाहरण में तो स्मृतियाँ पहचान का आधार बनाती कई घटनाएँ पढ़ने,सुनने में आती रही है। कई लोगों को पिछले जन्म की घटनाएं याद रहती है। छोटी उम्र में पुनर्जन्म की बातें ज्यादा याद रहती। फिर बड़े होने पर कम हो जाती है। पुनर्जन्म पर कई फिल्में, सीरियल भी बने है` पिछले वर्ष सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हरियाणा का ढाई साल का बालक अपने पूर्वजन्म की घटना जिसके कारण वो रिश्तेदारों,जगहों को पहचानता है` सवाल उठता है की क्या इंसान के मरने के बाद स्मृति अमर होती है।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

# व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कॉमर्शियल सिलेंडर की किल्लत

## हर रोज केवल शहर में हो रही 300 से अधिक बुकिंग, सर्वर भी दे रहे जवाब

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

आपूर्ति पर प्रतिबंध लगने के बाद होटल सहित अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कॉमर्शियल सिलेंडर की किल्लत देखने को मिल रही है। जबकि घरेलू सिलेंडर पर्याप्त संख्या में मांग के अनुरूप उपलब्ध हैं। घरेलू सिलेंडर की सहज उपलब्धता के चलते वह कॉमर्शियल के स्थान पर प्रयोग किया जा रहा है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर को लेकर समस्या उडी अफवाह का नतीजा है। पर्याप्त उपलब्धता के बीच अफवाह ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढा दी है। जरूरत की स्थिति में उपभोक्ताओं को सिलेंडर प्राप्त करने के लिए सर्वर डाउन जैसी समस्याओं का सामना करना पड रहा है। सिलेंडर का भंडारण न हो सके। इसके लिए भी तमाम तरह की लगाई गई पाबंदियां भी परेशानी का सबब बन रही हैं। इरान, अमेरीका और इजराइल के बीच छिडे युद्ध के चलते एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इस अफवाह चलते अचानक से घरेलू सिलेंडर की बुकिंग में दो गुना से अधिक इजाफा हुआ है। हर रोज केवल शहर की एक मात्र गैस एजेंसी में 400 से अधिक सिलेंडर की बुकिंग की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में बुकिंग अलग है। बुकिंग में अचानक से आई तेजी के चलते सर्वर की समस्या देखने को मिल रही है। जरूरत की स्थिति में बुकिंग के दौरान लोगों को कई बार नंबर डायल करने पड रहे है। इतना ही नहीं अफवाह ने सिलेंडर की डिलीवरी में भी ओटीपी की अनिवार्यता को पूरी तरह से ऑनलाइन आधारित बना दिया है। इससे एजेंसी के कर्मियों का डिलीवरी में अधिक समय जा रहा है।

सर्वर डाउन उपभोक्ता परेशान

एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग नहीं होने से उपभोक्ता परेशान नजर आए। गुरुवार, शुक्रवार को सर्वर की समस्या से चलते बुकिंग नंबर पर किसी की काल नहीं लगी तो किसी को मैसेज नहीं आया। यह स्थिति नगर सहित आसपास क्षेत्र की गैस एजेंसियों के उपभोक्ताओं में देखी गई। सुबह से ही सर्वर डाउन होने के कारण ऑनलाइन माध्यम से बुकिंग में समस्या होने लगी। परेशान उपभोक्ता सुबह से ही गैस एजेंसियों में पहुंचने लगे। इसके बाद भी लोगों को परेशान होना पडा। उपभोक्ता ने बताया कि वे सुबह से ही मोबाइल फोन के जरिए बुकिंग करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बार-बार कॉल डिस्कनेक्ट हो जा रही है। उपभोक्ताओं को इसी प्रकार दूसरी समस्याएं भी झेलनी पडी।

**होटलों में समस्या, चंद दिनों का बचा स्टॉक**

वर्तमान में केवल कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर को लेकर समस्या हैं। कॉमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति ठप होने के चलते होटलों का स्टॉक खाली हो चला है। ज्यादातर होटल संचालकों के पास केवल दो से तीन दिनों का स्टॉक शेष है। यही वजह है कि होटल संचालक तरह-तरह के तरीके अपना रहे हैं। कुछ संचालकों ने जहां स्टॉक खत्म होने के बाद रेस्टोरेंट पर लकडी की भट्टी से काम करने का निर्णय लिया है तो कुछ ने बचत की मंशा से अभी से मेन्यू में कटौती कर दी है। छोटे होटल संचालकों ने लकडी के गुटके की भट्टी लगा ली। हालांकि लोग इस उम्मीद में भी हैं कि कॉमर्शिलय सिलेंडर की आपूर्ति पर लगा प्रतिबंध भी जल्द ही हट जाएगा। फिलहाल अभी लकडी के गुटके की मांग भी बढ गई है।

### बढी मांग में भी आपूर्ति होगी

भारत गैस एजेंसी के संचालक रेणु वंशकार ने बताया कि सामान्य दिनों में जहां एक दिन में औसतन 100 सिलेंडर की बुकिंग होती थी। वहीं बुधवार, गुरुवार को ३५० सिलेंडर बुक किए गए। शुक्रवार को भी बुकिंग की वही रफ्तार रही। बढी मांग के बीच भी आपूर्ति पूरी की जा रही है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को गाडी आने के बाद सिलेंडर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए गए। सिलेंडर की फिलिंग जारी है। संचालक बंशकार का कहना है कि घरेलू सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। शहरी क्षेत्र में पहले 15 से 21 दिन में सिलेंडर बुकिंग होती थी, जिसे अब बढाकर 25 दिन कर दी गई है। वही ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन की बुकिंग होगी। इसलिए सर्वर की परेशानी हो रही है, अभी लोगों को इस बात की जानकारी नहीं है की बुकिंग टाइम चेंज हो गया है। अफवाह से हालात खराब हो रहे हैं।

**इसलिए सख्त हो गए नियम**

अफवाह के चलते लोग घरों में सिलेंडर का अनावश्यक रूप से भंडारण नहीं करें। इसलिए नियम सख्त हो गए। अब एक सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिन बाद ही दूसरा सिलेंडर लिया जा सकेगा। पूर्व में यह नियम शिथिल था।

सिलेंडर की डिलीवरी के दौरान उपभोक्ता को ओटीपी तत्काल देना पड रहा है। पहले यह व्यवस्था मैनुअल भी थी। वर्तमान में केवल सिंगल सिलेंडर का कनेक्शन मिल रहा है। डबल सिलेंडर के कनेक्शन पर प्रतिबंध लग गया है।

## न्यूज-कॉलम



## बिजली बिलों की वसूली के नाम पर की जा रही ज्यादती बर्दाश्त नहीं होगी

**जगोटी ।** वित्तीय वर्ष के अंत में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली बिलों की वसूली के नाम पर की जा रही ज्यादती व मनमानी की निरंतर शिकायतें ग्रामीण क्षेत्रों से मिल रही है, यदि जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मियों ने अपने आचरण नहीं सुधारें तों किसानों के साथ हमें सड़क पर उतरने को बाध्य होना पड़ेगा। उक्त चेतावनी विधायक दिनेश जैन बोस ने गत दिवस जगोटी, बरखेड़ी बाजार के भ्रमण के दौरान ग्रामीणों व कांग्रेस पदाधिकारियों से मिली शिकायतें के पश्चात डी ई महिदपुर व अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को मोबाइल पर दी। विधायक बोस ने कहा कि आप अपने वित्तीय वर्ष के लक्ष्य हासिल करने के लिए उपभोक्ताओं के साथ गलत व्यवहार कर रहे हैं प्राकृतिक आपदा के चलते किसानों की सोयाबीन व गेंहू की फसलें खराब हो गई है ऐसे में बकायादारों के साथ विद्युत वितरण कंपनी के जिम्मेदारों का व्यवहार संवेदनशील होना चाहिए। भ्रमण के दौरान विधायक बोस ने ग्राम बरखेड़ी में ग्राम पंचायत द्वारा दस साल से कीचड़ व पानी निकासी की समस्या को लेकर सीसी रोड व की गई नालियों के निर्माण का अवलोकन किया व गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य करने के लिए सरपंच व पंचायत सचिव की सराहना भी की। इस अवसर पर सरपंच गोपाल डाबी, रजनीश तिवारी, अनंत शर्मा, भरत मालवीय, नंदकिशोर चौहान सहित ग्रामीण जन मौजूद थे।

## नि :शुल्क हृदय जांच शिविर अभियान सौ से अधिक स्थानो पर चलाया जा रहा

**तराना।** पूर्णिमा श्री सेवा संगठन, उज्जैन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से "दिल से कहो अपने मोहन जी है ना" निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान १०० से अधिक स्थानो पर चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत तराना सिविल हॉस्पिटल तराना में शनिवार को निःशुल्क हृदय जाँच शिविर का आयोजन किया जाएगा। अभियान के विधानसभा संयोजक मनोज मकवाना ने बताया कि शनिवार को शासकीय अस्पताल तराना में निःशुल्क हृदय जाँच शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक भोपाल के अनन्त हार्ट हॉस्पिटल की टीम द्वारा मरीजों की जांच की जावेगी, इस टीम में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा अपनी निःशुल्क सेवा प्रदान करेंगे, साथ ही साथ इस शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, लिपिड प्रोफाइल, ईसीजी,इक्को तक कि जांच भी निःशुल्क की जायेगी। इस अभियान के अंतर्गत नगर में लगने वाले शिविर के लिये पूर्णिमा सेवा संगठन के मुख्य संयोजक सत्यनारायण खोईवाल की सहमति से एडवोकेट महेश जोशी को शिविर का संयोजक बनाया गया।

## नरेंद्र पुष्पद बने फूलमाली महापंचायत के प्रदेश प्रभारी

**सारंगपुर।** फूलमाली महापंचायत मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट हरिनारायण माली भोपाल द्वारा ग्राम पंचायत भंडावद पचोर के सरपंच व फूलमाली सोशल उत्थान समिति के संस्थापक नरेंद्र पुष्पद को फूलमाली महापंचायत मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रभारी के मुख्य दायित्व की जिम्मेदारी दी। श्री पुष्पद पिछले 30 वर्षों से फूलमाली समाज मध्य प्रदेश व राजस्थान की पंचायतों व बैठकों में सक्रिय रहे हैं साथ ही सामाजिक अनुभव व समाज बंधुओं से सीधा संपर्क उनका सदैव बना रहता है। मध्य प्रदेश के फूल माली समाज के युवाओं के लिए उन्होंने एक नए प्लेटफार्म के रूप में फूलमाली सोशल ग्रुप का गठन कर समाज के युवाओं को एक नई सोच और मंच दिया। सोशल ग्रुप जैसे विशाल संगठन में युवा काम करके समाज सेवक का अनुभव प्राप्त कर रहे हैं और नित्य नई समाज की ऊंचाइयों को गढ रहे हैं। श्री पुष्पद की नियुक्ति पर उज्जैन धर्मशाला के संरक्षक रोडेराम पुष्पद, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पुष्पद, सचिव राजेंद्र सुमन, सोशल उत्थान समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संतोष माली शाजापुर, प्रदेश महामंत्री दीपक पुष्पद जीरापुर, मीडिया प्रभारी कमल पुष्पद शुजालपुर, मनोज कुमार पुष्पद, जिलाध्यक्ष अजय मालाकार, सुरेश सुमन मलावर नरसिंह पुष्पद ब्यावरा, तलेनी समाज अध्यक्ष जगदीश पुष्पद, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, रामबाबू मालाकार सहित समाजबंधुओं ने बधाई दी।



गर्मी से बढी संतरे की मांगः

## सारंगपुर में संतरे 70 रुपए किलो बिके, रमजान में भी खपत बढी



**सारंगपुर।** सारंगपुर में गर्मी के प्रकोप के चलते संतरों की मांग में भारी वृद्धि हुई। गर्मी के कारण ठंडक देने वाले फलों की खपत तेजी से बढी है। बाजार में दूसरे स्थानों से संतरों की बडी खेप पहुंची है, जो 70 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहे हैं। संतरा व्यापारी रोशन खत्री ने बताया कि सारंगपुर में बिक्री के लिए सैकड़ो किलो संतरे लाए गए। शहर में रोजाना फलों से भरी २ से ३ गाडियां खाली हो रही हैं। संतरों के साथ-साथ तरबूज की मांग भी काफी अधिक है। रमजान का महीना होने के कारण भी इन रसदार फलों की खपत में इजाफा हुआ है। नगर के स्वास्थ्य विशेषज्ञ बीएमओ डा. मनीष चौहान के अनुसार, बढते तापमान से उल्टी, हीट स्ट्रोक, फूड पॉइजनिंग, लू, दस्त और बुखार जैसी बीमारियों का खतरा बढ जाता है। उन्होंने नागरिकों को गर्मी से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। विशेषज्ञों ने प्रतिदिन ३-४ लीटर पानी पीने की सलाह दी है। मार्च, अप्रैल और मई के महीनों में छाछ, नारियल पानी, नींबू पानी, संतरे का रस और कच्चे आम का पना जैसे देसी पेय पदार्थों का सेवन करने को कहा गया है। डिहाइड्रेशन से बचने के लिए प्यास लगने का इंतजार किए बिना नियमित रूप से पानी पीते रहना चाहिए।

# सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण/ कार्यक्रम संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ तराना

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड तराना के सेक्टर रूपाखेड़ी क्रमांक-3 में सेक्टर स्तरीय ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति / नवांकुर सखीयो का प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण,दीप प्रज्वलन एवं पूजन कर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री जय दीक्षित, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद उपस्थित रहे।साथ ही संदीप आलवीय , विकासखंड समन्वयक तराना, मनोहर चौधरी मंडल उपाध्यक्ष मंडल माकडोन , आत्माराम रोठौर मंडल महामंत्री मंडल माकडोन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से मुकेश नागर बद्रीलाल चौधरी , सुरेन्द्र झाला , गोविंद राठौर सत्यनारायण शर्मा नवांकुर प्रतिनिधि, परामर्शदाता होकम पटेल भावना जावा सुरेश पांचाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला समन्वयक जय दीक्षित द्वारा नवांकुर सखीयो को महिलाओं का मुख्य त्यौहार दशामाता की शुभकामनाएं दी तथा चर्चा मे कहा की आप आज दशामाता पुजन करके आई है आपने पीपल के पेड़ की पुजा की है तथा सुख समृद्धि तथा लक्ष्मी को मांगा है प्रकृति से आप जुड रहेंगे तो जीवन मे सदा सुखी रहेंगे नवांकुर सखीयो को पांच पौधे लगाना है तथा उन पौधो को आपको बडा भी करना है समितियों को प्रशिक्षण से होने वाले



लाभो से भी अवगत कराया है।

विकासखण्ड समन्वयक संदीप मालवीय ने विषय पर अपना प्रशिक्षण प्रदान किया।अतिथियों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज का समग्र विकस एक सामुहिक प्रयास है इसी अवधारणा को ध्यान में रखते हुए अनेक स्वयं सेवी संस्था विभिन्न क्षेत्रों में लगन और तत्परता से कार्यरत रही है शासन व इन संस्थाओं का मुल उद्देश्य एक होते हुए भी दोनो के कार्य समानंतर है स्वंसेवी संस्थाओ को एक साथ एक मंच पर लाने के अभिनव प्रयास का नाम जन अभियान परिषद है जनभागीदारी, नेतृत्व क्षमता विकास एवं जन अभियान परिषद की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

उन्होंने उपस्थित सदस्यों को समाज के विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षण में सहभागिता करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर सेक्टर के समिति सदस्य,नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि नवांकुर सखी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन होकम पटेल ने किया तथा कार्यक्रम का आभार प्रताप भाटी ने माना।

## सुहागिन महिलाओं ने सफेद धागा बांध कर पीपल की पूजा की

**सारंगपुर में परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए की आराधना**

**सारंगपुर।** सारंगपुर में महिलाओं ने शुक्रवार को दशा माता का पूजन किया। यह पूजा परिवार की सुख-समृद्धि और धन-संपत्ति की कामना के लिए की जाती है। सुबह से ही शहर के विभिन्ना क्षेत्रों में, विशेषकर नेमा मिष्ठान भंडार के सामने स्थित पीपल के वृक्ष के समीप, महिलाओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। पूजन के दौरान महिलाएं पीपल के वृक्ष की परिक्रमा करते हुए उसके चारों ओर सूत का धागा बांधा। महिलाए विशेष पकवान और पूरी से सजी थाली लेकर पहुंची और विभिन्ना प्रकार की पूजा सामग्री पेड पर चढ़ाए गए। पूजा-अर्चना के साथ महिलाएं दशा माता की कथा का श्रवण भी किया। कई महिलाएं इस दिन व्रत भी रखती हैं। यह पूजन और व्रत शाम तक जारी रहा।

पूजा से घर-परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती

पंडित पवन पारीक ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार, दशा माता की पूजा से घर-परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है और जीवन की परेशानियां दूर होती हैं। इसी आस्था के साथ कई महिलाएं नए परिधान पहनकर स्थानीय तहसील स्थित मंदिर और अन्य मंदिर भी पहुंचीं। पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और प्रसाद का वितरण किया। नगर के विभिन्ना क्षेत्रों में भी दशा माता की पूजा श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्ना हुई।

## कथा का श्रवण व सत्संग सौभाग्य से मिलता है

**भागवत कथा में मनाया कृष्ण जन्मोत्सव**

**जगोटी ।** भगवान की कथा व सत्संग का अवसर सौभाग्य से प्राप्त होता है कथा श्रवण के दौरान मिली एक सीख जीवन की दिशा बदल देती है , भगवान की सभी कथाएं मानव जीवन को रूपांतरित कर सही जीवन जीने की प्रेरणा देती है। उक्त उदगाश्री चारभुजा नाथ मंदिर के पुजारी पंडित बनवारी लाल शर्मा ने सोलंकिया पाथी में भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग के दौरान उपस्थित धर्मावलंबियों के समक्ष व्यक्त किए। इस अवसर पर उपस्थित जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी, कांग्रेस नेता अनंत शर्मा, महेश पांचाल, नारायण सिंह सोलंकी, ठा मेहरबान सिंह, नारायण सिंह भाभा, मोहित बना, निर्मल सिंह ने भागवत कथा प्रवक्ता पंडित शर्मा का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।। भागवत कथा प्रवक्ता का सम्मान करते अतिथि गण।

## प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण संपन्न



भौंरासा। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद (योजना आर्थिक. सांख्यिकी विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रस्पुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण विकासखंड समन्वयक मानसिह मालवीय के मार्गदर्शन मे नवांकुर संस्था माँ कल्याणी सामाजिक सास्कृतिक सेवा समिति द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण माँ शक्ति माता मंदिर भोरासा में रखा गया । विकासखंड समन्वयक ने दस्तावेजी करण, आगामी कार्य योजना,नवांकूर योजना, प्रस्पुटन योजना ,की जानकारी दी । नवांकूर अध्यक्ष दुर्गा धाकड़ ने समिति द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। प्रशिक्षण का संचालन करते हुए परामार्शदाता अक्षय जोशी ने कहां की यह कार्यक्रम समाज कल्याण एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यो मे सक्रिय सहभागिता करने हेतु किया गया। प्रशिक्षण में प्रस्पुटन समिति के अध्यक्ष सचिव एवम सदस्य उपस्थित थे कनहैया लाल यादव नरेंद्र माली कैलाश यादव कमल यादव भगवान सिंह चावडा विशाल गुजेवार लोकेश सोलंकी रोहित शर्मा अजीत चौहान अंजली सोलंकी वैष्णवी मेहता रीता सोलंकी अभिषेक सिंह राठौड़ उदय सिंह धाकड़ छगनलाल लोधी आदि उपस्थित थे।

## मिसरोद में हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में पाटीदार समाज का ज्ञापन

**सारंगपुर।** सारंगपुर में शुक्रवार को पाटीदार समाज ने समाज के युवाओं पर हुई कथित एकतरफा पुलिस कार्रवाई के विरोध में रैली निकालकर सारंगपुर तहसीलदार आकाश शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। समाजजनों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और दर्ज प्रकरण को निरस्त करने की मांग की। पाटीदार समाज के प्रदेश सचिव नंदकिशोर पाटीदार सारंगपुर ने बताया कि भोपाल के मिसरोद थाने में समाज के कुछ युवाओं पर एकतरफा कार्रवाई करते हुए गैर-जमानती धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। उनका कहना है कि विवाद के दौरान समाज के युवाओं के साथ भी मारपीट हुई थी और उन्हें चोटें आई थीं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मिसरोद थाने में शिकायत भी दी गई थी, लेकिन पुलिस ने न तो घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया और न ही उनकी एफआईआर दर्ज की। समाजजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा समाज के अन्य युवाओं को भी डराया-धमकाया जा रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई की जाए। साथ ही समाज के युवाओं को परेशान न करने और दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग भी की गई है।

## नफरत का इलाज सिर्फ मोहब्बत है, यही इस्लाम का पैगामःमौलाना फलाही

**सारंगपुर।** दुनिया में फैली नफरत का इलाज सिर्फ मोहब्बत है, क्योंकि मोहब्बत नाइंसाफी को खत्म करती है और इंसाफ हर बुराई को खत्म कर देता है, क्योंकि बिना इंसाफ कायम किए अमन नहीं हो सकता। नाइंसाफी से नफरत पनपती है और नफरत सिर्फ नुकसान कर सकती है इससे कोई फायदा हासिल नहीं किया जा सकता है। इस्लाम यही पैगाम देता है। इस्लाम से ही इंसानियत है, रोजा भी हमें इंसानियत का पाठ पढ;ाता है। यह समझाइश रमजान माह की २३वीं रात्रि में शबे कदर की तलाश में रतजगा के दौरान तकरीर करते हुए मौलाना शफीक साहब फलाही ने दी। मौलाना ने आगे कहा कि इस्लाम नफरत को मोहब्बत (प्रेम) से खत्म करने पर जोर देता है। इस्लामी शिक्षाओं में बुराई के बदले भलाई करने, माफ कर देने और दुश्मनी को दोस्ती में बदलने को सर्वोच्च नैतिक गुण माना गया है।

### त्रुटी सुधार

दैनिक अवंतिका समाचार पत्र के दिनांक 13.03.2026 शुक्रवार के अंक में सचिन पण्ड्या अभिभाषक द्वारा प्रकाशित जाहिर सूचना में त्रुटीवश मेरे पक्षकार का नाम छुट गया था। जिसमें मेरे पक्षकार सहस्त्र ओदिच्य ब्राहम्ण समाज तहसील बडनगर पदेन अध्यक्ष श्री भेरूलाल पण्ड्या एवं सचिव श्री मनीष पण्ड्या को पक्षकार के रूप में पढा जावे ।

**सचिन पंड्या अभिभाषक**
**कोर्ट परिसर बड़नगर जिला उज्जैन**
**मोबाइल नं. 98275-15711**

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती राहेला परवीन पति सिराजुउद्धीन निवासी-03, रामप्रसाद भार्गव मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 01 का भाग वर्तमान म्युनिसिपल क्रमांक 1/1/1 जिसका कुल क्षेत्रफल 54.51 वर्गमीटर स्थित महाकाल मार्ग पथ क्रमांक 01, गली क्रमांक 07, कंधार मोहल्ला उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में-मकान व बाड़ा शमशाद बी का, पश्चिम में-मकान विष्णुदास बैरागी का, उ×ार में-गली सरकारी नंबर 07 एवं दक्षिण में-बाड़ा व मकान अन्य का है, को क्रय करने का सौदा किया होकर सौदा की टोकन राशि का भुगतान कर दिया है, यदि उक्त भवन को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 03 (तीन) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी । सो सूचित हो । दिनांकः- 13.03.2026

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर- 98272-28461**

### In The Court Of VII Civil Judge Glass-1, District Court, Ujjain

**Presiding Officer: श्री राघवेन्द्र पटेल**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सकसेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC 0000014/2026)

श्रीमती वंदना महाकाले -आवेदक

**विरुद्ध**

सर्वसाधारण -अनावेदक

Process Id/2026
पेशी दिनांकः- 23.03.2026

(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण (2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती बंदना महाकाले पत्नि श्री महेश महाकाले, पिता स्व. श्री रमेश हरि टिपले, आयु-55 वर्ष, निवासी-196/2 वल्लभ नगर उज्जैन म प्र की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अधीन पेश किया है कि आवेदिका एवं अनावेदकगण क्रं.3 श्री सुधीर टिपले पिता स्व. श्री अनेश हरि टिपले, के 4 श्रीमती अर्चना सोडावले पति सुनील सोंडावले पिता स्व. श्री रमेश हरि टिपले, आयु-52 वर्ष, निवासी-487 शीलनाथ कैप कुलकर्णी का भट्टा इंदौर म प्र, क्र.5 श्रीमती रंजना महश्वरी पति योगेश महेश्वरी, पिता स्व.श्री रमेश हरि टिपले, आयु-50 वर्ष, निवासी- वार्ड क्रं.24 बेरखेड रुठियाई तहसील राघोगढ़ जिला गुना म प्र. क्र.6 श्रीमती साधना काम्बले पति अशोक काम्बले पिता स्व. श्री रमेश हरि टिपले, आयु-59 वर्ष, निवासी-38/3 गणेशपुरा हरदेनीय कॉम्पलेक्स मक्सी रोड उज्जैन म प्र एवं क्र.7 श्रीमती मंगलाबाई पति भरत महाकाले पिता स्व.श्री रमेश हरि टिपले, आयु-58 वर्ष, निवासी-232 इंडब्ल्यूएस बैकुंठधाम कॉलोनी उज्जैन म प्र. स्व.श्री रमेश हरि टिपले के पुत्र-पुत्रियां है। स्व. श्री रमेश हरि ठिपले द्वारा अपने जीवनकाल में अनावेदक क्र.2 यूको बैंक, फ्रीगंज शाखा उडीन. म प्र द्वारा शाखा प्रबंधक यूको बैंक फ्रीगंज शाखा उर्थन में बचत खाता क्रमांक 08570100008418 संचालित था। श्री रमेश हरि टिपले निवासी गणेशपुरा उज्जैन का दिनांक 13/02/2024 को निधन हो चुका है। स्व. श्री रमेश हरि टिपले की पत्नी श्रीमती सीताबाई उपरोक बचते खाते में नॉमिनी थी जिनकी मृत्यु स्व. श्री रमेश हरि टिपले के पूर्व दिनांक 07.02.2021 को हो चुकी है। अनावेदकगण क्रं.३ लगायत क्र. 7 को आवेदिका के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी होने पर कोई आपत्ति नहीं है तथा उपरोक्त खाते में जमा राशि में से कोई हिस्सा नहीं चाहिये। आवेदिका पता ने मृतक स्व. श्री रमेश हरि टिपले, निवासी गणेशपुरा उज्जैन की अनावेदक क्र.2 बैंक में जमा उपरोक्त खाता क्रमांक में राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 23 मार्च 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 23 मार्च 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकारण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 6 मार्च 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

यदि किसी कारणवश उक्त तिथि की न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(राघवेन्द्र पटेल)**
**सप्तम व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ खण्ड उज्जैन (म.प्र)**

# संघ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों में मिल समाज से मिल रहा प्रतिसाद

## सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन कर बैठक का शुभारंभ किया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ पट्टीकल्याणा**






राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक शुक्रवार को माधव सृष्टि परिसर में विधिवत शुरू हो गई। सुबह नौ बजे सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन कर बैठक का शुभारंभ किया। बैठक में देशभर से करीब 1400 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। सह सरकार्यवाह सीआर मुकुंद ने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों को समाज से मिल रहा प्रतिसाद बेहद प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि समाज की सज्जन शक्ति ने स्वयंसेवकों का उत्साह कई गुना बढ़ा दिया है।

शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम 2 अक्टूबर 2025 को नागपुर में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत की मौजूदगी में शुरू हुए थे। इससे एक दिन पहले भारत सरकार ने संघ के नाम पर डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी किया था। मुकुंद ने बताया कि शताब्दी वर्ष में दो मुख्य लक्ष्य रखे गए हैं। पहला संगठन का विस्तार और दूसरा समाज की सज्जन शक्ति को सद्भाव और समरसता के लिए संगठित करना। इसी उद्देश्य से चल रहे गृह संपर्क अभियान में अब तक देश के कई प्रांतों में 10 करोड़ से ज्यादा घरों और 3 लाख 90 हजार गांवों तक पहुंच बनाई जा चुकी है। बाकी प्रांतों में यह काम जारी है। खास बात यह है कि संपर्क के दौरान किसी भी वर्ग या समुदाय के प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं रखा गया। सिर्फ केरल का उदाहरण दें तो वहां 55 हजार से ज्यादा मुस्लिम परिवारों और 54 हजार से ज्यादा ईसाई परिवारों में स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर बातचीत की। सभी परिवारों ने स्वयंसेवकों का दिल खोलकर स्वागत किया और अभिनंदन किया। देशभर में अब तक 37,048 हिंदू सम्मेलनों का आयोजन हो चुका है, जिनमें करीब साढ़े तीन करोड़ लोग शामिल हुए।

ये सम्मेलन शहरों, गांवों, जनजातीय इलाकों और दुर्गम क्षेत्रों में भी हुए। अरुणाचल प्रदेश के एक दूर-दराज के इलाके में हुए सम्मेलन में लोगों ने कहा कि वे पहली बार इतनी आत्मीयता महसूस कर रहे हैं। इन सम्मेलनों के जरिए समाज में सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी के प्रति गर्व, परिवार व्यवस्था की मजबूती और नागरिक कर्तव्यों की जागरूकता जैसे पंच परिवर्तन का संदेश दिया जा रहा है। सीआर मुकुंद ने बताया कि प्रमुख नागरिकों के साथ संगोष्ठियां भी आयोजित की गई हैं।

- सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत खुद चार महानगरों और कई राज्यों की राजधानियों में जाकर लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं। सिर्फ चार महानगरों के कार्यक्रमों में एक हजार से ज्यादा सवालों के जवाब दिए गए, जिसमें 20 घंटे से ज्यादा समय लगा। संघ कार्य के विस्तार पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में 3,943 नए स्थानों पर काम शुरू हुआ है। शाखाओं की संख्या 51,740 से बढ़कर 55,683 हो गई है और शाखाओं की कुल संख्या 83,129 से बढ़कर 88,949 हो गई है। यानी एक साल में 5,820 नई शाखाएं शुरू हुई हैं। संघ का लक्ष्य है कि गांवों और कस्बों में और ज्यादा शाखाएं चलें ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव आए।
- नक्सल प्रभावित इलाकों में सरकार के शांति और विकास के प्रयासों का संघ ने स्वागत किया। मणिपुर में शांति बहाल होने पर भी संतोष जताया गया और वहां स्वयंसेवकों की भूमिका की सराहना की। बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति पर चिंता जताई गई और उम्मीद जताई कि वहां हालात जल्द बेहतर होंगे। मुकुंद जी ने बताया कि बैठक की शुरुआत में दिवंगत हुए कई प्रमुख व्यक्तित्वों को श्रद्धांजलि दी गई। इनमें सतगुरुदास महाराज, डॉ. माधव गाडगिल, शिवराज पाटिल, सालुमरदा थिमक्का, केएन दीक्षित, अजीत पवार, धर्मेंद्र, एवीएम सरवनन, स्वराज कौशल, विनय हेगड़े, आर नल्लकणु और प्रफुल्ल गोविंद बरुआ जैसे नाम शामिल हैं। संघ का शताब्दी वर्ष कार्यक्रम अक्टूबर 2026 तक विभिन्न गतिविधियों के साथ जारी रहेगा। संघ का उद्देश्य समाज की सज्जन शक्ति को एकजुट कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है। प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर और प्रदीप जोशी सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## न्यूज कॉलम

### प्रभारी मंत्री चौहान ने बाबा बैजनाथ महादेव के किए दर्शन



**आगर मालवा।** मध्यप्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के मंत्री और आगर मालवा जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने शुक्रवार को जिले के प्रवास के दौरान प्रसिद्ध बाबा बैजनाथ महादेव के दर्शन और पूजा-अर्चना की। प्रभारी मंत्री चौहान ने विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ बाबा बैजाथ की पूजा कर प्रदेश और जिले की जनता की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उन्नति की कामना की। इस अवसर पर विधायक मधु गहलोत, जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, जयदीप पटेल, पूर्व विधायक लालजी राम मालवीय, गोपाल परमार, दिनेश परमार, भैरू सिंह चौहान, चिंतामणि राठौर, दिलीप सकलेचा, मयंक राजपूत, भरत प्रजापत, बाबूलाल यादव, मनीष सोलंकी, तूफान सिंह गरबड़ा, प्रेम यादव, अजय जैन, जगदीश गवली, अशोक प्रजापत, रानू नरवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों में सीईओ जिला पंचायत बी.एस. सोलंकी, एसडीएम मिलिंद ढोके, डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई,थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाह तथा मंदिर के पुजारी मुकेश पुरी आदि उपस्थित रहे।

### बिजली कनेक्शन कटा तो गुस्साए युवक ने ऑफिस में घुसकर अफसरों को धमकाया

**जबलपुर।** एमपी के जबलपुर के ओमती थाना क्षेत्र में बिजली बिल बकाया होने पर कनेक्शन काटे जाने से नाराज एक युवक ने बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों से गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। ओमती थाने में युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता कार्यालय (मिशन कम्पाउंड) में पदस्थ जूनियर इंजीनियर गौतम मुखर्जी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के मुताबिक 11 मार्च को विभाग की टीम ने प्रगतिशील कॉलोनी क्षेत्र में बकाया बिल के कारण चार बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई की थी। इन कनेक्शनों पर करीब 20 हजार रुपए से अधिक का बिल बकाया था। शिकायत में बताया गया कि उसी दिन शाम करीब 3:30 बजे प्रगतिशील कॉलोनी निवासी दर्शन भाटिया बिजली कार्यालय पहुंचा और कनेक्शन काटने की बात को लेकर अधिकारियों से बहस करने लगा। इस दौरान उसने अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। एफआईआर के अनुसार युवक के जाने के बाद उसकी पत्नी भी कार्यालय पहुंची और बिजली अधिकारियों से विवाद करते हुए कार्रवाई कराने की धमकी दी। बिजली विभाग की शिकायत पर पुलिस ने दर्शन भाटिया के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 132, 296(ए) और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक घटना का वीडियो और अन्य साक्ष्य भी जांच में शामिल किए जा रहे हैं।

### डॉक्टर के घर से मिला आंगनवाड़ी का पोषाहार, 140 बैग राशन जब्त

**जबलपुर।** एमपी के जबलपुर शहर के घमापुर थाना क्षेत्र में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए आवंटित सरकारी पोषाहार का बड़ा जखीरा बरामद किया है। कलेक्टर को प्राप्त हुई एक गोपनीय सूचना के आधार पर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के संयुक्त दल ने यह छापेमारी की। इस पूरी कार्रवाई के दौरान सरकारी कुआं मरघटाई के समीप स्थित डॉक्टर यादव के निजी आवास से भारी मात्रा में टेक होम राशन जब्त किया गया है। प्रशासनिक टीम जब मौके पर पहुंची तो घर का मुख्य द्वार पूरी तरह बंद पाया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने नियमानुसार पंचनामा तैयार कराया और ताला तुड़वाकर घर के भीतर प्रवेश किया। मकान के अंदर सघन तलाशी लेने पर वहां बड़ी संख्या में राशन के बोरे व्यवस्थित रूप से रखे मिले। मौके पर की गई गणना के अनुसार कुल 140 बैग सरकारी पोषाहार पाया गया। यह सामग्री मूल रूप से आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण के लिए वितरित की जानी थी। एक निजी आवास में इतनी बड़ी मात्रा में सरकारी सामग्री का अवैध भंडारण मिलने से प्रशासनिक अमले के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास विभाग में भी हड़कंप मच गया है। शुरूआती पड़ताल में इस पूरे मामले में परिवहनकर्ता की भूमिका को अत्यंत संदिग्ध माना जा रहा है। अधिकारियों का संदेह है कि मुख्य गोदाम से आंगनवाड़ी केंद्रों तक पहुंचने के रास्ते में ही इस सामग्री को अवैध रूप से मोड़कर निजी मकान में डंप किया गया था। प्रशासन अब उन कड़ियों को जोड़ने में जुटा है जिसके माध्यम से यह सरकारी राशन कालाबाजारी के उद्देश्य से यहां तक पहुंचा।

### होटल-रेस्तरां इंडस्ट्री को बड़ी राहत, बंद नहीं होगी रसोई



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जंग के कारण पैदा हुए वैश्विक गैस संकट के बीच सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। इसमें होटल-रेस्तरां इंडस्ट्री को राहत देने की तैयारी है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पेट्रोलियम मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में कमर्शियल एलपीजी की मौजूदा स्थिति और इसका होटल-रेस्तरां तथा पर्यटन सेक्टर पर पड़ रहे असर पर चर्चा की गई। सरकार ने हालात को संभालने के लिए तुरंत कुछ कदम उठाने का फैसला किया है। आज से व्यवसायों को हर महीने की औसत कमर्शियल एलपीजी जरूरत का करीब 20 फीसदी कोटा दिया जाएगा, ताकि होटल और रेस्तरां की रसोई चलती रहे। इसके अलावा होटल और रेस्तरां को अतिरिक्त गैस सप्लाई देने के उपायों पर भी काम किया जा रहा है। पेट्रोलियम और पर्यटन मंत्रालय आपस में मिलकर और उद्योग से जुड़े लोगों के साथ लगातार संपर्क में रहेंगे, ताकि हालात पर नजर रखी जा सके और समस्याओं का जल्दी समाधान किया जा सके। सरकार का कहना है कि गैस की मौजूदा परेशानी चल रहे युद्ध की वजह से पैदा हुए वैश्विक संकट का हिस्सा है। दरअसल, पश्चिम एशिया में ईरान-अमेरिका-इजरायल के बीच चल रही जंग ने वैश्विक तेल और गैस की आपूर्ति को बुरी तरह प्रभावित किया है। भारत में 80-85 प्रतिशत एलपीजी आयात इसी इलाके से होता है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य से। जहाजों की आवाजाही रुकने से देश में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों (नीले रंग वाले) की भारी कमी हो गई है। होटल, रेस्तरां, ढाबे और पर्यटन क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हैं। कई शहरों जैसे मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता और दिल्ली में रेस्तरां मेन्यू कम कर रहे हैं, कुछ बंद हो रहे हैं या समय कम कर रहे हैं। मुंबई में 20 प्रतिशत तक होटल-रेस्तरां बंद हो चुके हैं, और अगर हालात नहीं सुधरे तो दो-तीन दिनों में 50 प्रतिशत तक बंद हो सकते हैं। बेंगलुरु में होटल एसोसिएशन ने चेतावनी दी थी कि सप्लाई बंद रहने पर हजारों जगहें बंद हो जाएंगी।

## गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

# चूल्हे पर चाय बनाकर जताया विरोध




**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर**

शहर में गैस सिलेंडर की किल्लत और आमजन को हो रही परेशानी को लेकर शुक्रवार सुबह युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष चिराग परमार के नेतृत्व में टिमटिम चौराहा शुजालपुर पर युवा कांग्रेस के बैनर तले आम जनता की आवाज उठाते हुए सरकार से गैस सिलेंडर की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड के समीप पुलिस चौकी चौराहे पर लकड़ी और कंडे इकट्ठा कर चूल्हा जलाया तथा उस पर चाय बनाकर विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि यदि गैस सिलेंडर की किल्लत इसी तरह बनी रही तो आमजन को फि र से चूल्हे पर खाना बनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़ ने कहा कि नोटबंदी और कोरोना काल में जिस तरह आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ा था, वैसी स्थिति दोबारा न बने। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की कि आम जनता को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। प्रदेश सह.सचिव रचना जैन ने चूल्हे पर चाय बनाकर उपस्थित लोगों को पिलाई। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर की किल्लत का सबसे ज्यादा असर गृहिणियों पर पड़ेगा और उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पोस्टर हाथ में लेकर नारेबाजी भी की और केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष चिराग परमार ने कहा कि भारत एक संप्रभु देश है और किसी भी देश की अनुमति पर निर्भर नहीं है। उन्होंने कहा कि देश के सम्मान से जुड़े मुद्दों पर केंद्र सरकार को स्पष्ट जवाब देना चाहिए। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता सागर परमार, शहर अध्यक्ष रईस पठान, पूर्व शहर अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, पूर्व पार्षद महेंद्र नाहर, पार्षद बल्ला सोनी, सरपंच देवेंद्र परमार, बलवीर सिंह चंदेल, हरि परमार, विष्णु शर्मा, दीपक शर्मा, जसमत परमार, लोकेंद्र परमार, मोहन धनगर, अजय मोर्टे, संजय बरेठा, नरेंद्र जाधव, अनिल सिसोदिया सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्रेशर मशीन के फ रार मुनीम से 9 लाख रुपए बरामद

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर**

थाना शुजालपुर सिटी पुलिस ने क्रेशर मशीन के मुनीम द्वारा राशि लेकर फरार होने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी से 9 लाख रुपए बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 9 मार्च 2026 को फ रियादी घनश्याम सिसौदिया निवासी बंजीपुरा शुजालपुर सिटी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी क्रेशर मशीन का मुनीम रवि केवट पिता पदम सिंह केवट निवासी राणोगंज क्रेशर मशीन के पैसे लेकर फरार हो गया है। आरोपी क्रेशर मशीन से 9 लाख 29 हजार 600 रुपए लेकर फरार हुआ था।

## पीपल की पूजा कर मनाई दशमी



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर**

नगर सहित अंचलों में दशमी पर महिलाओं ने पीपल व बड़ के वृक्षों की पूजा अर्चना कर दशा माता से दशा सुधारने की मन्नत मांगी। नगर में विभिन्न देवालयों पर स्थित पीपल के पेड़ की पूजा का क्रम अल सुबह से दोपहर तक जारी रहा। भगवान के दर्शन उपरांत पीपल के वृक्ष पर कच्चे सूत की डोर बांध कर परिक्रमा लगाई। इस पूजा को करने के पीछे मान्यता है कि इससे घर में संपदा की रक्षा व वृद्धि होती है। महिलाओं ने पूजा सामग्री के साथ-साथ जल व दूध अर्पित कर अपने घर के लिए नीर सी स्वच्छता व दूध से पवित्र संपदा की प्रार्थना की। परंपरागत रूप से महिलाओं ने कच्चे सूत की डोर को हल्दी से रंगकर 16 गांठें लगाई व उसे धारण किया, साथ ही विवाहित महिलाओं ने अन्न दान किया।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के स्वामित्व आधिपत्य का भवन क्रमांक-231, का पूर्व दिशा वाला भाग म्यु क्रमांक-231/1, वृंदावन धाम कालोनी, उज्जैन में स्थित है, के मूल दस्तावेजों की फोटोकॉपी कराने के लिए प्रार्थी दिनांक 03/02/2026 को अपने घर से नानाखेडा बस स्टेण्ड पर फोटोकॉपी कराने हेतु निकाला था। किन्तु रास्ते में भवन के संपूर्ण दस्तावेज जो मूल थे उक्त दस्तावेज सस्ते में कही गीर गये थे। प्रार्थी दिनांक-03/02/2026 से ही उक्त दस्तावेजों की खोज कर रहा है। फिर भी प्रार्थी को उक्त दस्तावेज नहीं मिल पा रहे हैं। प्रार्थी उक्त दस्तावेजों जो कि दिनांक 03/01/2026 को कहीं गिर गये थे। उक्त दस्तावेजों की लिस्ट निम्नानुसार है, जो की मूल थे।

1. विक्रेता संस्था ओम गृह निमार्ण सहकारी संस्था मर्यादित उज्जैन द्वारा अध्यक्ष राजेन्द्र सुराना क्रेता 1. खेरसिंह केन, 2. श्रीमती उषा केन विक्रय पत्र दिनांक-04/11/2009, दस्तावेज क्रमांक-3572
2. विक्रेता 1. खेरसिंह केन, 2. श्रीमती उषा केन क्रेता- श्रीमती सुशीला व्यास विक्रय पत्र दिनांक-23/03/2010, दस्तावेज क्रमांक-5432,
3. विक्रेता- श्रीमती सुशीला व्यास
क्रेता- 1. महेश जोशी, 2. श्रीमती किर्ती जोशी विक्रय पत्र दिनांक-01/11/2010. दस्तावेज क्रमांक-3965,
4. रिलीजकर्ता - श्रीमती किर्ती जोशी
रिलीजग्रहिता- कुमारी शिखा जोशी रिलीजडीड पत्र दिनांक 12/02/2018, दस्तावेज क्रमांक-एम.पी.432022018.ए.1094583
5. दानकर्ता- कुमारी शिखा जोशी दानग्रहीता- श्रीमती कीर्ति जोशी दानपत्र पत्र दिनांक-26/12/2023, दस्तावेज क्रमांक एम.पी.432022023.ए. 12706337

उक्त दस्तावेज यदि किसी भी सज्जन को मिलते है तो वह प्रार्थी को प्रदान करता है तो प्रार्थी द्वार उक्त सज्जन को उचित ईनाम प्रदान किया जावेगा एवं सम्मान पत्र से सम्मानीत किया जावेगा।

इति दिनांक-14/03/2026

**प्रार्थी**
**धर्मेन्द्र कटारे पिता विश्वनाथ कटारे निवासी- 231/1, वृंदावनधाम कालोनी, उज्जैन मो.-90096-27204**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मेसर्स रूप ट्रेडर्स द्वारा प्रोप्रायटर-रूपचन्द खजवानी पिता श्री लेखराज खजवानी निवासी-136, अलखधाम नगर, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का शेड जो कि भूखण्ड क्रमांक 33/5 जिसका कुल क्षेत्रफल 10500 वर्गफीट पर निर्मित होकर औद्योगिक क्षेत्र, नीमनवासा मक्सी रोड, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित होकर जिसके पूर्व में भूखण्ड क्रमांक 33/3 का भाग, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक 34/5, उत्तर में- सड़क 40.00 फीट चौड़ी एवं दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक 33/6 है, को क्रय करने का अनुबंध कर सौदे की बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है, यदि उक्त शेड को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिकी या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो।

दिनांक :- 11.03.2026

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर- 98272-28461**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भुखण्ड क्रमांक ए-5/19, एमआईजी, श्री महाकाल वाणिज्यक सहआवासीय योजना सेक्टर-ए, उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 150.00 वर्गमीटर है, उक्त भुखण्ड को 1. श्रीमती राजश्री पति सुभाषचंद्रजी सांकले पुत्री मोहनलालजी चौहान, 2. मोहनलाल पिता श्री मीकूलालजी चौहान द्वारा रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम श्रीमती राजश्री पति श्री सुभाषचंद्रजी सांकले पुत्री मोहनलालजी चौहान निवासी जी-3, महानंदा नगर, पानी की टंकी के पास, उज्जैन ने डॉ. श्रीमती शकुंतला जाधव पति श्री जगदीशचन्द्रजी निवासी 9, अर्चना परीसर, हरीफाटक रोड़, उज्जैन द्वारा मुख्त्यारआम माधव ज्ञानचन्दानी पिता श्री किशनचन्दजी ज्ञानचन्दानी निवासी एल. आई. जी. ए-4/6, ऋषि नगर, उज्जैन से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्रमांक 4231 तारीखी 15/12/2009 से क्रय किया था। उक्त विक्रय पत्र कहीं गुम गया है और मिल नहीं रहा है तथा मिलने की संभावना भी नहीं है, उक्त दस्तावेज किसी के पास हो या इस दस्तावेज को सामयिक बंधक कर कोई ऋण किसी भी व्यवसायिक बैंक, वित्तीय संस्था या अन्य किसी से प्राप्त किया गया हो या इस मकान पर कोई ऋण भार हो या अन्य किसी का कोई हित हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 15 दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा इस अवधि के बाद उक्त मकान को वर्तमान स्वामी विक्रांत साकले पिता श्री सुभाषजी सांकले निवासी जी/3, महानंदा नगर, पानी की टंकी, उज्जैन के द्वारा उक्त भवन को एल. आई. सी. हाउसींग फाईनेंस लिमिटेड़ के पास बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त कर लिया जावेगा व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो।

इति दिनांक- 13/03/2026 ई., स्थान उज्जैन

**(मदनलाल दुग्गड़) अभिभाषक**
**1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन**
**फोन 2554829, 94253-80339**

### जाहिर सूचना

आम जनसंघटन को सूचना दी जाती है कि हमारे मुवक्किल भूमि सर्वे नंबर 55 रकबा 2.53 हे. में से रकबा 1.83 हे., 56/2 रकबा 0.98 हे. में से रकबा 0.696 हे. स्थित ग्राम बिरगोदारणधीर, तहसील बड़नगर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश (विषयक सम्पत्ति) को उसके मालिक अर्चना पिता बाबुलाल जाति जाट, निवासी ग्राम बंगरेड, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन व कृषक ग्राम बिरगोदारणधीर, तहसील बड़नगर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश मध्यप्रदेश से लीज पर लेने के इच्छुक है।

कोई भी कम्पनी/व्यक्ति सहित कोई बैंक या वित्तीय संस्थान, विशक सम्पत्ति या उसके किसी हिस्से के सम्बंध में कोई हक, स्वामित्व, दावा मांग या अधिकार रखता हो या दावा करता हो या किसी कम्पनी/व्यक्ति सहित किसी बैंक या वित्तीय संस्थान को कोई जानकारी हो या विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी विक्रय, अदला-बदली, सुपुदर्गी, दान, पट्टा, विरासत, गिरवी, भार में पक्षकार हो, लम्बित कानूनी कार्यवाही, कब्जा समझौता, विकास का अधिकार, साझेदारी, पारिवारिक समझौता, बंदोबस्त डिकी या किसी अदालत द्वारा जारी आदेश, सरकार या किसी कम्पनी द्वारा अधिग्रहण, प्रतिबन्ध या किसी अन्य बाधा में पक्षकार हो तो ऐसी कम्पनी / व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन के तिथि से 07 (सात दिन) दिन की अवधि के अन्दर निम्न वर्णित पते पर लिखित में नोटरीकृत दस्तावेजी सबूतों के साथ निम्न हस्ताक्षरकर्ता को सूचित कर सकते है, जिसमें असफल होने पर यह माना जायेगा कि किसी प्रकार को कोई प्रतिकूल हक, हिस्सा, स्वामित्व, अधिकार, हिस्सा, दावा या मांग विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में अस्तित्व में नहीं है और उपरोक्त वर्णित मालिकों का विशयक सम्पत्ति पर पूर्ण, स्पष्ट और बाजारयोग्य अधिकार एवं कब्जा है।

**दीपक शर्मा एडव्होकेट**
**बड़नगर मो.नं. 9826562344**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार द्वारा संपत्ति स्वामी सुरेश कौशल पिता श्री मोहनलालजी कौशल निवासी 22, सरदार वल्लभ भाई पटेल मार्ग, उज्जैन, म. प्र. से उनके स्वत्त्वाधिपत्य की संपत्ति भूखण्ड क्रमांक 1 - ए व भूखण्ड क्रमांक 1 - बी जोकि सर्वे क्रमांक 1543/1 में का भाग व सर्वे क्रमांक 1544 में का भाग एम.आर. 5 रोड मकोडिया आम क्षेत्र, उज्जैन से लगी हुई है। जोकी फ्रि होल्ड राइट्स का हैं तथा मूख्य मार्ग पर स्थित हैं तथा भूखण्ड क्रमांक 1 - ए का क्षेत्रफल 167-17 वर्गमीटर अर्थात 1800-00 वर्गफीट व भूखण्ड क्रमांक 1 - बी का क्षेत्रफल 167-17 वर्गमीटर अर्थात 1800-00 वर्गफीट होकर विक्रीत भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 334-34 वर्गमीटर अर्थात 3600-00 वर्गफीट हैं। संपत्ति की लबाई उत्तर दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम 36.58 मीटर है व चौड़ाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 9.14 मीटर है तथा चतुसीर्मा पूर्व में-भवन दिनेश यादव का. पश्चिम में भवन माहेश्वरी जी का, उत्तर में एम.आर 5 रोड, दक्षिण में अन्य की भूमि के मध्य स्थित संपत्ति को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध संपत्ति स्वामी एवं मेरे पक्षकार के मध्य किया गया हैं। यह कि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति के विक्रय मुल्य की धनराशि बाबत बयाना राशि अदा कर दी गई हैं और उपरोक्त अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि संपत्ति स्वामी को अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री का संपादन संपत्ति स्वामी से उनके हित में करवाया जाना हैं। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्ति के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे सबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित संपत्ति के दस्तावेज विक्रय पत्र/ई-रजिस्ट्री का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व तत्पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक 13-03-2026 उज्जैन

**अभिषेक सिंह सिकरवार एडवोकेट**
**कार्यालय डी-3. भरतपुरी कॉम्लेक्स, उज्जैन**
**सिटी ऑफीस 15. कलालसेरी चौक, उज्जैन**
**मो.नं. 98273-80500, 70001-92470**

## न्यूज-कॉलम

### आज नेशनल लोक अदालत में मिलेगा पेनल्टी में छूट का लाभ

**मन्दसौर।** नगर पालिका परिषद मंदसौर द्वारा करदाताओं की सुविधा के लिए विशेष पहल की जा रही है। विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 14 मार्च शनिवार को नगरपालिका कार्यालय परिसर में च्नेशनल लोक अदालतज् का आयोजन किया जाएगा। नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता चावला, सीएमओ प्रेम कुमार सुमन ने बताया कि प्रातः 10.30 से सायं 5.30 बजे तक आयोजित होने वाली इस लोक अदालत में करदाता अपने बकाया संपत्ति कर, समेकित कर, स्वच्छता कर और जलकर जमा कर सकेंगे। शासन के निदेर्शानुसार इस दौरान पेनल्टी में विशेष छूट का लाभ भी दिया जाएगा। इसके साथ ही, जो करदाता शनिवार को किसी कारणवश नहीं आ पाएंगे, उनके लिए 15 मार्च रविवार को भी नगरपालिका कार्यालय की संपत्ति कर शाखा में एक विशेष वसूली शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में बकायादारों के संपत्ति कर, जलकर के साथ-साथ लीजरेंट और दुकान-भूखंड के किराए की राशि भी जमा की जाएगी।

### बाइक चालक की मौत पर कार चालक पर मामला दर्ज

**मंदसौर।** जिले के दलौदा थाा क्षेत्र के महू-नीमच हाईवे रोड़ पर स्थित ग्राम नगरी फंटो पर सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा गुरूवार की शाम का है। जिसकी रिपोर्ट गोपाल पिता रामचन्द्र शर्मा निवासी नांदलेटा ने की है कि एक कार के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर बाइक चालक बालमुकुंद पिता शिवनारायण निवासी नांदलेटा थाना पिपलोदा जिला रतलाम को टक्कर मार दी जिससे उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने कार जब्त कर उसके अज्ञात चालक के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

### कार की टक्कर से मासूम बालक की मौत

**मंदसौर।** जिले के नईआबादी थाना क्षेत्र के ग्राम मेनपुरिया में कार की टक्कर से पांच वर्षीय बालक की मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस हादसे में हर्षवर्धन पिता भारत गायरी उम्र 5 वर्ष निवासी मेनपुरिया को गंभीर चोट आने पर उसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग की जांच पर कार के अज्ञात चालक के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

### पिपलिया के समीप दो बाइक की आपसी भिड़ंत, दो की मौत

**नीमच।** जिले के रामपुरा रोड स्थित ग्राम हाड़ी पिपलिया के समीप गुरुवार की दोपहर मे दो बाइक की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई।इस हादसे में दो व्यक्ति की मौके पर ही दुखद मौत हो गई। मृतकों मे प्रकाश उम्र 34 वर्ष पिता मांगीलाल बंजारा, ग्राम जोरावरपुरा व बबलू उम्र 34 वर्ष पिता नंदलाल गंधर्व ग्राम हाड़ी पिपलिया शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय मनासा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मनासा शासकीय अस्पताल भेजा। जहां पर डॉक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित किया ।वही मनासा थाना पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए दोनों व्यक्ति के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया।

### 2.60 लाख बहनों के खातों में अंतरित किए 39.05 करोड़ रु.

**मन्दसौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत माह मार्च 2026 की मासिक आर्थिक सहायता राशि का प्रदेशव्यापी अंतरण किया गया। इस अवसर पर मंदसौर कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा और उनके उद्बोधन को सुना। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री बी.एल. विश्नोई ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से मंदसौर जिले की कुल 2 लाख 60 हजार 396 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 39.05 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की है।

**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 9977755777
7771090777

# इंडियन बैंक में लगी आग, धुआं उठने पर बजा सायरन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

पैलेस रोड स्थित इंडियन बैंक में शुक्रवार सुबह आग लग गई। बैंक से धुआं निकलते ही सायरन बजने लगा। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना बैंक अधिकारियों को दी। आग के कारण बैंक के अंदर रखे कम्प्यूटर, एसी और कई दस्तावेज जलकर राख हो गए। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की दो गाडि ?ां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 7.15 बजे आसपास के लोगों ने बैंक के अंदर से धुआं निकलते देखा। इसके बाद उन्होंने तुरंत बैंक अधिकारियों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही अधिकारी और बैंक स्टाफ मौके पर पहुंचे। जब तक बैंक स्टाफ पहुंचा, तब तक धुआं और बढ़ चुका था। स्टाफ ने बैंक का शटर खोला तो देखा कि अंदर सामने की ओर बने एक केबिन से धुआं निकल रहा था।

बैंक में आग लगने की सूचना सुबह करीब 7.50 बजे फायर ब्रिगेड को दी गई। इसके बाद मौके पर दो फायर लॉरी पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। इस दौरान आग की लपटें बैंक के अंदर तेजी से फैलने लगीं। बैंक अधिकारियों के सामने ही अंदर रखा सामान जलने लगा, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।

फायर ब्रिगेड की टीम ने लगातार प्रयास कर करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। हालांकि तब तक बैंक के अंदर रखा काफी सामान जल चुका था। आग बुझाने के दौरान इस्तेमाल किए गए पानी से भी कई जरूरी दस्तावेज खराब हो गए। जिस बिल्डिंग में यह बैंक संचालित हो रहा है, उसके निचले तल पर बैंक है, जबकि ऊपरी मंजिल पर एक कोचिंग सेंटर चलता है। सुबह का समय होने के कारण उस समय वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

आग की गर्मी के कारण बैंक मैनेजर के चैंबर में लगा एसी भी जल गया। इसके अलावा बैंक परिसर में रखे करीब 7 से 8 कम्प्यूटर भी आग की चपेट में आकर जल गए या पानी से खराब हो गए। बताया जा रहा है कि आग बैंक के लॉकर वाले केबिन के आगे की ओर स्थित एक केबिन में लगी थी। वहीं लॉकर का केस अंदर होने के कारण वह आग की चपेट में आने से बच गया।

आग की गर्मी के कारण बैंक मैनेजर के केबिन के कांच तक फूट गया। अंदर लगा एसी भी पूरी तरह से जल कर पिघल गया। आग बुझाने के बाद बैंक परिसर में पूरा पानी ही पानी था। बैंक कर्मचारी भी बाल्टी लेकर जहां-जहां धुआं निकल रहा था वहा पानी डाल रहे थे। आग बुझाने में दो फायर लॉरी के सुरेंद्रसिंह, हेमंत, सलीम, योगी, सुरेंद्रसिंह व जुझारसिंह ने बैंक के अंदर पानी का पाइप ले जाकर आग पर काबू पाया।

### शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका


बैंक मैनेजर राजीव बोथरा ने बताया कि सुबह बैंक से धुआं निकलने और सायरन बजने की सूचना आसपास के लोगों ने दी थी। सूचना मिलते ही वे तुरंत बैंक पहुंचे। शटर खोलने पर सामने की ओर एक केबिन से धुआं निकल रहा था। इसके बाद तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। देखते ही देखते आग बढ़ गई और आग की गर्मी के कारण कम्प्यूटर और एसी भी जल गए। कुछ दस्तावेज भी नुकसान में आए हैं। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक रूप से शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका है। बैंक को काफी नुकसान हुआ है, हालांकि अभी नुकसान का सही आकलन नहीं किया जा सका है। बैंक का लॉकर सुरक्षित है।

### बैंक में करीब 80 हजार अकाउंट

बैंक मैनेजर के अनुसार बैंक में चालू (करंट) व सेविंग मिलाकर करीब 80 हजार अकाउंट है। ग्राहकों को भी जब बैंक में आग लगने की जानकारी मिली तो वह भी बैंक पहुंचे। लॉकर के बारे में भी बैंक अधिकारियों से पूछते रहे।

## स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कलेक्टर श्रीमती गर्ग का सख्त रुख, वीसी के जरिए जांची डॉक्टरों की उपस्थिति

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने और अस्पतालों में मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर अदिती गर्ग ने कड़ा रुख अपनाया है। शुक्रवार को कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए गए निदेर्शों की समीक्षा करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से जिले के विभिन्न पीएचसी एवं सीएचसी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने ओपीडी समय में डॉक्टरों की उपस्थिति की सघन जांच की और केंद्रों पर मौजूद स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी मेडिकल ऑफिसर, सीएचओ और डॉक्टरों को प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक तथा शाम 5 से 6 बजे तक अनिवार्य रूप से ओपीडी में उपस्थित रहना होगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान डॉक्टरों को अस्पताल से ही वीसी के माध्यम से जुड़ना होगा और अपना वीडियो ऑन रखना होगा ताकि उनकी मौजूदगी सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर ने चेतावनी दी कि ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सीधी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सभी डॉक्टरों की उपस्थिति सार्थक ऐपज पर दर्ज हो और प्रतिदिन की रिपोर्ट जिला स्तर पर भेजी जाए। वर्तमान में जिले के 41 पीएचसी, 11 सीएचसी और 176 सब-सेंटरों में सुचारू ओपीडी संचालन हेतु बीएमओ को नियमित निरीक्षण के निर्देश भी दिए गए हैं।

## 4.208 किग्रा अफीम के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

**मन्दसौर।** जिले के दलौदा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 4 किलो 208 ग्राम अवैध अफीम जप्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जप्त की है। प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आक्या सरसौद मार्ग स्थित हनुमान मंदिर आश्रम के पास कार्यवाही की गई। यहाँ आरोपी टम्मु सिंह पिता अमर सिंह देवड़ा राजपूत निवासी बेहपुर और दिलीप सिंह पिता सरदार सिंह डोडिया राजपूत निवासी नवेली जिला रतलाम को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से अवैध अफीम बरामद हुई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत मादक पदार्थ और प्रयुक्त मोटर साइकिल क्र. एमपी 43 ईजी 0103 जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने उक्त अफीम टम्मुसिंह पिता गोकुल सिंह देवड़ा राजपूत निवासी बेहपुर से लाना बताया, जिसके बाद उसे भी प्रकरण में धारा 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत सह-आरोपी बनाया गया है।

## नगर से ईको कार व इलेक्ट्रिक सामान की हुई चोरी का माल बरामद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

न्यू चावला इलेक्ट्रिक दुकान से गत माह अज्ञात चोर ईको कार एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर ले गए थे। शहर पुलिस ने एक आरोपी सहित कार व इलेक्ट्रिक सामान जप्त किया ।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल ने घटना की गंभीरता को समझाते हुएएस पी युवराज सिंह थाना प्रभारी दीपक मंडलोई एवं अमित कोरी को टीम गठित कर घटना के आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित कियाथा।

सीएस पी युवराज सिंह ने शुक्रवार को बताया कि उक्त टीम ने कोटा( राजस्थान) मथुरा (उत्तर प्रदेश) सवाई माधोपुर पीरन कलियर (उत्तराखंड )इस प्रकार करीब 500 सीसी टीवी कैमरो की फुटेज की सहायता से चोरी करने वाले आरोपी सैयद आसिफ अली पिता शौकत अली 35 निवासी सूर्य नगर ग्रामीण पुलिस लाइन बोरखेड़ा कोटा( राजस्थान) से गिरफ्तार कर आरोपी की निषादेही पर चोरी गई एक कर एमपी 43 सीबी 1398 एवं 18 इंडक्शन चूल्हे, पांच वॉटर हिटर, दो मिक्सर, एक सीलिंग फैन एवं अन्य सामान बरामद किया । उक्त आरोपी औसाफ के विरुद्ध कोटा के विभिन्न थानो पर करीब सात प्रकरण चोरी के पंजीबद हैं ।आरोपी चोरी कर ले गया ईको कार का नंबर प्लेट बदलकर राज 27 7488 लगा ली थी ।फिर भी पुलिस ने तत्परता से कार सहित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। उक्त बरामदगी में थाना प्रभारी मंडलोई, उनि चंद्रशेखर डिगा, स उनिनरेंद्र सिंह कुशवाह, प्रधान आरक्षक जाकिर खान ,मृदग सातपुते, जगदीश चंद, आरक्षक राधेश्याम चौहान, नारायण सिंह ,शैलेंद्र सिंह सिसोदिया, आकाश परिहार ,राम प्रसाद मीणा ,ललित जगावत, साइबर सेल से मयंक व्यास एवं तुषार की सराहनीयय भूमिका रही।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम बरखेड़ा पंथ में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी



स्थानीय पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम बरखेड़ा पंथ में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन पर्यावरण संरक्षण विषय को समर्पित रहा। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा दिनभर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वयं सेवकों द्वारा परिसर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत परियोजना कार्य करते हुए गाजर घास का उन्मूलन किया गया। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

दोपहर में स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से स्वयं भोजन बनाया, भोजन किया तथा परिसर की सफाई भी स्वयं की, जिससे आत्मनिर्भरता और अनुशासन का संदेश दिया गया। इसके पश्चात उन्नत भारत अभियान की टीम के साथ प्रो. निशा जटिया एवं प्रो. राधेश्याम कटारा द्वारा स्वच्छ जल के उद्देश्य से गांव के पाँच जल स्त्रोतों के पानी का परीक्षण किया गया, जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक किया जा सके।

शिविर में बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत बरखेड़ा पंथ के सरपंच श्री अभिमन्यु कारपेंटर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्र समाज सेवा के साथ-साथ नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना भी सीखते हैं।

## वाहन पार्किंग को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**मन्दसौर।** शहर के व्यस्ततम व्यापारिक क्षेत्र कालाखेत स्थित रोड नंबर-1 पर शुक्रवार को वाहन पार्किंग का मामूली विवाद एक बड़े झगड़े में तब्दील हो गया। अनमोल ज्वेलर्स और डलवानी बाजार के संचालकों के बीच हुई इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के कुल चार लोग घायल हुए हैं। विवाद इतना बढ़ गया कि सड़क पर ही मारपीट शुरू हो गई, जिसे देख आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया। विवाद की जड़ गुरुवार को वाहन खड़ा करने के दौरान हुई कहासुनी बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बीते दिन पार्किंग को लेकर हुए विवाद में एक मोटरसाइकिल को नुकसान पहुँचा था। शुक्रवार को जब डालवानी बाजार पक्ष की ओर से वाहन ठीक कराने की बात कही गई, तो दोनों पक्ष एक बार फिर आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया और दोनों ओर से लात-घूंसे चलने लगे। इस मारपीट में डालवानी बाजार के संचालक हनी डालवानी व शंकर डालवानी और दूसरी ओर से अनमोल ज्वेलर्स के अक्षत व राजेश घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज किया।

## बाबा फरीद दरगाह के समीप एक तूफान वाहन और छोटे हाथी (लोडिंग वाहन) की भिड़ंत

**रतलाम।** जिले के थाना बड़ावदा क्षेत्र में बाबा फरीद दरगाह के समीप एक तूफान वाहन और छोटे हाथी (लोडिंग वाहन) की भिड़ंत हो गई। मदद के लिए राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम 112 पर घटना की जानकारी दी। तत्काल मौके पर एफआरवी वाहन पहुंचा। घायलों को जावरा अस्पताल पहुंचाया। सभी को समय पर उपचार मिल गया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात को दो वाहनों में हुई भिड़ंत में सात लोग घायल हो गए जिनमें दो की स्थिति गंभीर थी। घटना की जानकारी संबंधितों ने राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम पर दी। तत्काल मौके पर एफआरवी क्रमांक 13 को मौके के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंचकर डायल 112 स्टाफ आरक्षक अंतर सिंह एवं पायलट अंकित परमार ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। गंभीर रूप से घायल दो व्यक्तियों को उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल जावरा में भर्ती कराया गया। डायल 112 टीम की त्वरित कार्रवाई से घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी।

## विहिप की सामाजिक समरसता संत यात्रा का मंदसौर में भव्य आगाज

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



विश्व हिन्दू परिषद जिला मंदसौर के तत्वावधान में आयोजित सामाजिक समरसता संत यात्रा का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को मंदसौर प्रखण्ड से हुआ। 13 से 16 मार्च तक चलने वाली इस यात्रा की शुरूआत मंदसौर प्रखण्ड के अयोध्या बस्ती स्थित श्री खाटूश्याम मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद हुई। संतों के पावन सानिध्य में निकली यह यात्रा क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई किटीयानी स्थित डूपलेक्स क्षेत्र पहुंची, जहाँ एक विशाल धर्मसभा का आयोजन किया गया। यात्रा मार्ग में जगह-जगह समाजजनों द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का आत्मीय स्वागत किया गया।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए प्रख्यात कथा प्रवक्ता पंडित श्री मिथिलेश जी नागर (निनोरा धाम) ने सामाजिक समरसता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हिंदू समाज को जातियों के बंधनों से ऊपर उठकर एक सूत्र में पिरोना ही इस यात्रा का मुख्य ध्येय है। उन्होंने कहा कि जब तक हम समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को गले नहीं लगाएंगे और उसे मुख्यधारा से नहीं जोड़ेंगे, तब तक राष्ट्र परम वैभव को प्राप्त नहीं कर सकता। वहीं, कथा प्रवक्ता पंडित श्री दशरथ भाई जी शर्मा ने अपने ओजस्वी संबोधन में गौ-रक्षा और हिंदू एकता का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर पूज्य संत श्री रामकिशोर जी महाराज (तीन छत्री बालाजी), पूज्य गुरुदेव पं. विष्णुप्रसाद शर्मा, पूज्य आचार्य प्रियांशुराज राजपुरोहित और सिद्ध श्री 1008 महेश नाथ योगी का सानिध्य प्राप्त हुआ। विहिप के नगर अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा ने बताया कि यात्रा का स्वागत जिला धार्मिक उत्सव समिति, यश बालाजी मंदिर समिति और शीतला माता मंदिर समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला संघचालक दशरथ सिंह झाला उपस्थित थे। साथ ही क्षेत्रीय प्रभारी गोपाल सोनी, प्रान्त प्रमुख दीपक मकवाना, विभाग प्रमुख प्रकाश पालीवाल, जिलाध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह मण्डलोई, जिला उपाध्यक्ष हरीश टेलर, जिला मंत्री हेमन्त बुलचन्दानी, जिला सह-मंत्री प्रतीक व्यास और सा. स. प्र. जिला प्रमुख श्री रूपनारायण मोदी उपस्थित रहे।

यात्रा में पूर्व गृह मंत्री श्री कैलाश चावला, युवा भाजपा नेता राजेश गुर्जर, वीरेन्द्र आर्य, बाबूलाल चौहान, रविंद्र पांडे, सुभाष गुप्ता, अशोक पालीवाल, राजेंद्र चाष्टा, राजाराम तंवर, जीवन गोसर, मनीष घारू, जीवन घारू, सन्तोष गोसर, दिनेश गोसर, अर्जुन राठौर, मुकेश चनाल, विजय पंडित, नरेश परमार, विकास परमार, मुकेश राठौर सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन कन्हैयालाल सोनगरा एवं आभार डॉ. प्रवीणसिंह मण्डलोई ने माना।



## शहर मे महिलाओं ने श्रद्धा व उत्साह से दशामाता पूजा की

**नीमच।** शहर व क्षेत्र में परंपरागत रूप से सुहागन स्त्रियों द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला दशा माता पर्व शुक्रवार सुबह श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने लाल चुनर जैसे पारंपरिक पोशाख मे रीति-रिवाजों के अनुसार व्रत रखा और माता से परिवार की सुख-समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। पूजा के दौरान विधि-विधान से दीप प्रज्वलित किए गए, कथा सुनी गई और पूजा सामग्री अर्पित की गई। पूजा पक्ष कच्चे धागे से पीपल वृक्ष की परिक्रमा भी की गई द्य पूरा वातावरण भक्ति और आस्था से भर गया। महिलाओं ने एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दी और पूजा के बाद प्रसाद का वितरण भी किया। स्थानीय मान्यता है कि दशामाता की पूजा करने से घर में सुख-शांति बनी रहती है और परिवार पर आने वाली विपत्तियाँ दूर होती हैं। इस अवसर पर जवाहर नगर, विकास नगर, न्यू इंदिरा नगर, मेट्रो सिटी, स्वर्ण विहार, गणपति नगर आदि की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर अपनी आस्था और धार्मिक परंपराओं को निभाया। आयोजन स्थल पर महिलाओं की श्रद्धा और उत्साह ने आस्था को मजबूत बना दिया। इस तरह वर्ष में परिवार की खुशहाली के लिए महिलाओं द्वारा किए जाने व्रत और पूजा में एक महत्वपूर्ण पूजा संपन्न हुईद्य

## जिला चिकित्सालय की बदहाली पर विधायक ने लिखा कलेक्टर को पत्र

**मन्दसौर।** विधायक श्री विपिन जैन ने जिला चिकित्सालय में मरीजों और उनके परिजनों को हो रही असुविधाओं को लेकर कलेक्टर को पत्र लिखा है। श्री जैन ने पत्र में लिखा कि जिला चिकित्सालय में शवों को सुरक्षित रखने के लिए लगे फ्रीजर लंबे समय से बंद पड़े हैं। फ्रीजर बंद होने के कारण मृतकों के परिजनों को भारी मानसिक और व्यावहारिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इन फ्रीजरों को तत्काल चालू करवाने का अनुरोध किया है। इसके साथ ही विधायक ने पोस्टमार्टम कक्ष के बाहर की दयनीय स्थिति पर भी ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए आने वाले परिजनों के लिए वहां बैठने की कोई उचित व्यवस्था नहीं है, जिससे भीषण गर्मी में उन्हें खुले में खड़े रहना पड़ता है। विधायक श्री जैन ने मांग की है कि रोगी कल्याण समिति के माध्यम से पोस्टमार्टम कक्ष के बाहर तत्काल टीन शेड, बैठने के लिए पर्याप्त बेंच, प्रकाश व्यवस्था हेतु लाइट, पंखे और पेवर ब्लॉक लगवाने की व्यवस्था की जाए।

## जन आरोग्य समिति ने औषधालय में सुविधाएं ,बेहतर उपचार हो पर की चर्चा

**जावरा** । आयुष्मान आरोग्य चिकित्सालय (आयुष) में आयुष जन आरोग्य समिति की बैठक समिति अध्यक्ष अनम युसूफ कडपा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में औषधालय की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ बनाने तथा क्षेत्र के आमजन को आयुष चिकित्सा की बेहतर और सुलभ सुविधाए उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई । समिति सदस्यों ने औषधालय में आने वाले मरीज को बेहतर उपचार स्वच्छता व्यवस्था तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी अपने सुझाव रखें। आयुष चिकित्सा के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने अधिक से अधिक लोगों को आयुष पद्धति से जोड़ने तथा औषधालय की सेवाओं को प्रभावी बनाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में समाजसेवी सदस्य अरविंद पाटीदार, औषधालय प्रभारी डॉक्टर संजय पटेल (सचिव) ,सदस्य शिवराज सिंह तोमर, भेरूलाल हाडा सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

### In The Court Of IX Civil Judge Class II, District Court, Ujjain

Presiding Officer सुश्री ज्योति फुसकेले

आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु (RCS A/0000418/2025)

श्रीमती मानकुंवर -वादी

ङ्क्षद्य श्रीमती मांगीबाई -प्रतिवादी

Process Id/2026

पेशी दिनांक :- 23/03/2026

(1) उमाबाई पति छोगालाल पिता स्व. कस्तुरचंद पाटीदार पता- ग्राम ताजपुर तह व जिला उज्जैन मप्र (2) दीपमाला पिता स्व श्री कांतिलाल पाटीदार पता- ग्राम ताजपुर तह व जिला उज्जैन मप्र (3) बापू बाबु पिता अमृतलाल पता- ग्राम पाटन तह आलोट जिला रतलाम (4) प्रेम पिता स्व श्री कस्तुरचंद पता-ग्राम ताजपुर तह व जिला उज्जैन मप्र (5) रमेश पिता स्व श्री कस्तुरचंद पता- ग्राम ताजपुर तह व जिला उज्जैन मप्र (6) श्रीमती सपना पति स्व श्री कांतिलाल पता- ग्राम लदुना तह सीतामऊ जिला मंदसौर म.प्र.।

यह कि प्रार्थीगण क्रं. 1 श्रीमती मानकुंवर पति श्री रतनलाल, आयु-80 वर्ष, व्यवसाय कृषि, क्रं.2 रतनलाल पिता श्री नारायण, आयु-83 वर्ष, व्यवसाय-कृषि, निवासी-ग्राम ताजपुर तहसील व जिला उज्जैन म प्र ने आपके विरूद्ध एक बाद वास्ते स्वत्व घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु ग्राम ताजपुर तहसील व जिला उज्जैन म प्र में एक कृषि खाता सर्वे क्रमांक 837 रकबा 1.93 हेक्टेयर, बंदोबस्त पूर्व सर्वे क्र.643 के संबंध में सिविल सूट ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वांद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें।

यह आज तारीख 11 मार्च 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(सुश्री ज्योति फुसकेले)**
**नवम व्यवहार न्यायाधीश,**
**कनिष्ठ खंड उज्जैन म.प्र**

## बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान जारी

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निदेर्शानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिले के जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर 14-15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी वैक्सीनेशन किया जा रहा है। इसी क्रम में बीनागंज विकासखंड में बीएमओ डॉ. राजेश कुमार पुष्पक द्वारा समस्त आशा कार्यकर्ताओं को लक्षित हितग्राही बालिकाओं की ग्रामवार सूची तैयार कर उन्हें प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सीएचओ एवं एएनएम को भी वैक्सीनेशन कार्य हेतु आदेशित किया गया है। बीएमओ ने बताया कि टीकाकरण को लेकर सभी स्तरों पर व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी तारतम्य में हाई स्कूल बटावदा में आरबीएसके एमओ डॉ. अमित जायसवाल, बीपीएम जितेन्द्र सेन एवं व्हीबीडी तकनीकी पर्यवेक्षक प्रदीप सेन द्वारा स्टाफ व विद्यार्थियों को एचपीवी वैक्सीनेशन के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर टीकाकरण हेतु प्रेरित किया गया। बीपीएम जितेन्द्र सेन ने बताया कि विकासखंड चाचौड़ा में बीनागंज सीएचसी, कुम्भराज सीएचसी एवं मृगवास पीएचसी में एचपीवी वैक्सीनेशन किया जा रहा है, जहाँ हितग्राही अपनी सुविधा अनुसार किसी भी केंद्र पर टीकाकरण करा सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह टीका पूर्णतः सुरक्षित है तथा सर्वाइकल कैंसर से होने वाली मृत्यु दर को कम करने में प्रभावी है। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. अमित जायसवाल द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। वहीं प्रदीप सेन ने वेक्टर बॉर्न डिजीज से बचाव के उपायों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एचपीवी टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि टीकाकरण के माध्यम से पूर्व में चेचक व पोलियो जैसी बीमारियों पर विजय प्राप्त की जा चुकी है।

## चिंहित रोगियों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए भेजा भोपाल

**सारंगपुर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर बैरागढ भोपाल द्वारा सहायक संस्था मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा संचालित दीनदयाल चौराहा स्थापित नेत्र जांच केंद्र पर शिविर आयोजित कर निशुल्क जांच कर ब्लड प्रेशर शुगर आदि की भी जांच की गई। सर्वप्रथम शिविर शुभारंभ संस्था पदाधिकारी गण एवं संयोजक कांतिलाल सूरजमल चौधरी प्रिंस क्लॉथ सेंटर प्रोपराइटर अनूप, अरविंद चौधरी द्वारा दीप प्रज्वल माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन कर किया गया। जांच नेत्र सहायक विशाल कुशवाहा एवं ब्लड प्रेशर शुगर जांच विजय चौहान, नीरज विश्वकर्मा द्वारा की गई। जिसमें ओपीडी 52, मोतियाबिंद चिन्हित 9 रोगियों को वाहन द्वारा सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर बैरागढ भोपाल भेजा गया। जहां विधिवत जांच उपरांत ऑपरेशन कर लैंस प्रत्यारोपण निशुल्क किया जाएगा। जांच उपरांत 25 लोगों को चश्मे के नंबर एवं 18 नॉर्मल पाए गए जिन्हें आंखों की सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। संयोजक फर्म द्वारा रोगियों को चाय बिस्कुट के साथ भोजन के पैकेट एवं पानी की बोतल निशुल्क वितरण की गई। इस अवसर पर सहायक संस्था पेंशनर्स अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिकार, सचिव नंदकिशोर सोनी सहित रामनारायण टेटवाल, विष्णु प्रसाद जोशी, समाजसेवी प्रदीप सादानी , श्रीवल्लभ सोनी, रमेश चंद गुजरिया, नारायण सिंह मालवीय, शिव सिंह चौहान, शिवनारायण मालवीय, जय हिंद प्रकाश दुबे, सीनियर शिवनारायण मालवीय, सिद्धू प्रसाद धनगर, हरिनारायण त्रिकार, ललित घामोट एवं महिला पुरुष नेत्र रोगी उपस्थित रहे।

## मदिरा दुकानों के निष्पादन को लेकर शराब ठेकेदारों की बैठक आयोजित

**आगर मालवा।** वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मदिरा दुकानों के निष्पादन के संबंध में जिला आबकारी कार्यालय, आगर मालवा में 12 मार्च को शराब लाइसेंसधारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवीन आबकारी नीति के संबंध में लाइसेंसियों को विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक के दौरान नई नीति से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा जिले में शेष बची मदिरा दुकानों के समूहों के पुनर्गठन की जानकारी भी दी गई। साथ ही लाइसेंसधारियों को आगामी टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## दशा माता की पूजा, सुख-समृद्धि की कामना के लिए पीपल की परिक्रमा की



**देवास ।** देवास में महिलाओं ने आज दशा माता का पूजन किया। यह पूजा परिवार की सुख-समृद्धि और धन-संपत्ति की कामना के लिए की जाती है। सुबह से ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में, विशेषकर खेड़ापति मंदिर स्थित पीपल के वृक्ष के समीप, महिलाएं पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रही हैं। पूजन के दौरान महिलाएं पीपल के वृक्ष की परिक्रमा करती हैं और उसके चारों ओर सूत का धागा बांधती हैं।सजी थाली लेकर आती हैं।

साप्ताहिक अवकाश नहीं, अधिकांश दुकानें खुलती है पूरे सप्ताह, 12 घंटे तक काम

# सारंगपुर में श्रम कानूनों की अनदेखी, लंबा कार्य समय और कम वेतन से बढ रहा आक्रोश

### बच्चो से भी करा रहे कार्य, बाल श्रम जागरूकता रथ से क्या सुधरेंगे हालात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



एक तरफ जिला प्रशासन के द्वारा मंगलवार को बाल श्रम जागरूकता रथ जिले में जागरुकता के लिए रवाना किया है तो दूसरी तरफ नगर में श्रम कानूनों की अनदेखी का मामला सामने आ रहा है। यहां कई दुकानों पर बाल श्रमिक कार्यरत है तो वही अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान पूरे सप्ताह खुले रहने के कारण दुकानों में काम करने वाले कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश तक नहीं मिल पा रहा है।

शहर में श्रम विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों पर काम का दबाव लगातार बढता जा रहा है। स्थिति यह है कि कई दुकानों में कर्मचारी रोजाना 10 से 12 घंटे तक काम करने को मजबूर हैं। नगर के कपडा, जूता-चप्पल, परचून, सीमेंट-सरिया, ऑटो पार्ट्स और इलेक्ट्रॉनिक दुकानों सहित लगभग सभी प्रतिष्ठान प्रतिदिन खुले रहते हैं। श्रम नियमों के अनुसार सप्ताह में कम से कम एक दिन दुकान बंद रखना अनिवार्य है, लेकिन यहां इस प्रावधान का पालन नहीं किया जा रहा। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें कम वेतन में लंबे समय तक काम करना पड़ रहा है और छुट्टी लेने पर मजदूरी में कटौती कर दी जाती है।

#### लगातार बिना छुट्टी कर रहे काम

लगातार बिना छुट्टी के काम करने से कर्मचारी अपने परिवार के साथ समय नहीं बिता पा रहे हैं। इसके अलावा लंबे समय तक काम करने से स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि कई बार उनसे दुकानों के काम के अलावा व्यापारियों के निजी कार्य भी कराए जाते हैं। इनमें घर की सफाई, पुताई, गेहूं पिसवाना, वाहन साफ करना, गैस सिलेंडर भरवाना और कभी-कभी खेती से जुडे काम भी शामिल होते हैं।

#### लंबा कार्य समय और कम वेतन कम

नगर के कई कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें सुबह से देर रात तक लगातार काम करना पडता है। अधिकांश दुकानें सुबह करीब 10 बजे खुल जाती हैं और देर रात तक संचालित रहती हैं, जबकि कुछ प्रतिष्ठान इससे भी पहले काम शुरू कर देते हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि इतने लंबे कार्य समय के बावजूद उन्हें बेहद कम वेतन दिया जाता है। कई कर्मचारियों को महीने भर की मजदूरी के रूप में केवल कुछ हजार रुपए ही मिलते हैं। यदि कोई कर्मचारी एक-दो दिन भी अवकाश ले लेता है तो उसकी मजदूरी से राशि काट ली जाती है।

#### यह है गुमास्ता कानून

मध्य प्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के तहत गुमास्ता कानून लागू है। इसके अनुसार प्रत्येक दुकान या व्यावसायिक प्रतिष्ठान को सप्ताह में एक दिन अनिवार्य रूप से बंद रखना होता है और वहां कार्यरत कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश देना जरूरी है। नियमों का उल्लंघन करने पर श्रम विभाग द्वारा संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यूनतम 500 रुपए तक का चालान काटने का प्रावधान है। इसके बावजूद सिलवानी नगर में इस कानून का पालन होता दिखाई नहीं दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि श्रम विभाग समय-समय पर निरीक्षण कर सख्ती से कार्रवाई करे तो कर्मचारियों को राहत मिल सकती है। फिलहाल अधिकांश कर्मचारी बिना साप्ताहिक अवकाश के लगातार काम करने को मजबूर हैं।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा बाल श्रम जागरूकता रथ को रवाना किया है जो 15 दिवसीय विशेष ब्रेक द ब्रिक अभियान राजगढ के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों में भ्रमण करेगा। इसके तहत बाल श्रम निषेध से संबंधित संदेश, पंपलेट, ऑडियो संदेश एवं जनसंवाद के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। लेकिन सवाल यही उठता है कि क्या सिर्फ जागरुकता से ही बाल श्रम और श्रम कानून तोड़ने वाले हालात सुधर जाएंगे। इसके लिए श्रम विभाग को नियमानुसार सतत कार्रवाई भी नियम तोड़ने वालो पर करनी होगी।

**बोले जिम्मेदार**

अभी फिलहाल मैं जिला पंचायत में हूं, इस संबंध में आपसे बाद में संपर्क कर विस्तृत जानकारी देता हूं।
**सौरव गुप्ता, जिला श्रम अधिकारी, राजगढ़।**

## युवक पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

**देवास।** देवास के अमोना चौराहे पर गुरुवार रात एक युवक पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवक घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार संजय नगर निवासी पंकज अस्ताया (23) अपने बड़े भाई के लिए सिरदर्द की दवाई लेने अमोना क्षेत्र के एक मेडिकल स्टोर पर गए थे। इसी दौरान वहां पहुंचे कुछ अज्ञात बदमाशों ने उनसे मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों ने पंकज के सिर पर चाकू से वार किया और घटना के बाद मौके से भाग निकले। आसपास के लोगों ने घायल युवक को तुरंत जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल पंकज ने पुलिस को बताया कि उसके एक दोस्त का कुछ युवकों से विवाद चल रहा था। आशंका है कि उसी विवाद के चलते बदमाशों ने पीछे से हमला किया।

# रसोई गैस के दाम बढ़े, आपूर्ति प्रभावित

### कांग्रेस संगठन महासचिव बोले:आपदा में अपने लिए अवसर ढूंढ रही सरकार, बीजेपी बोली-भ्रम फैला रहा विपक्ष

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर में रसोई गैस के बढ़ते दाम और आपूर्ति में बाधा को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। जिला कांग्रेस कमेटी संगठन महासचिव राधेश्याम सोमतिया ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर वादाखिलाफी और महंगाई को लेकर हमला बोला है। सोमतिया ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आम जनता की मजबूरियों और आपदा में अपने लिए अवसर ढूंढ रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय भाजपा ने उज्ज्वला और लाडली बहनों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आते ही सरकार अपने वादे भूल गई। अब रसोई गैस के दामों में भारी वृद्धि कर दी गई है और कमर्शियल व घरेलू गैस की सुचारू आपूर्ति भी ठप हो गई है।

#### कांग्रेस ने सरकार को घेरा

सोमतिया ने चेतावनी दी कि जिस तरह से कमर्शियल सप्लाई रोकी गई है और घरेलू गैस की बुकिंग में देरी हो रही है, उससे आने वाले दिनों में आम जनता के बीच त्राहि-त्राहि मच जाएगी। उन्होंने दावा किया कि सरकार जानबूझकर कृत्रिम संकट पैदा कर रही है ताकि जनता परेशान हो और भाजपा फिर से आपदा में अवसर तलाश सके। उन्होंने सरकार से मांग की कि जनता को मूर्ख बनाना बंद करे और गैस की आपूर्ति वैसी ही सुनिश्चित करे जैसी पहले होती थी। सोमतिया ने स्पष्ट किया कि यदि गैस की कीमतों में कटौती नहीं की गई और आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और जनता के हक की लडाई सडक पर उतरकर लडेगी।

#### भाजपा का पलटवार

वहीं, कांग्रेस के इन बयानों पर भाजपा नेता निर्मल जैन ने पलटवार किया है। जैन ने कहा कि सरकार ने गैस की कालाबाजारी पूरी तरह रोक दी है और कहीं भी गैस की कमी नहीं है। उन्होंने कांग्रेस पर झूठा भ्रम फैलाने का आरोप लगाया।

## आज आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत, 9 न्यायिक खण्डपीठें करेंगी प्रकरणों की सुनवाई

**आगर मालवा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निदेर्शानुसार, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा डी.एस. चौहान के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 को वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत जिला न्यायालय आगर मालवा सहित तहसील न्यायालय सुसनेर एवं नलखेड़ा में आयोजित होगी।

नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 के चेक बाउंस प्रकरण, बकाया वसूली, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, विद्युत, जलकर, संपत्तिकर, पारिवारिक विवाद, भू-अर्जन तथा व्यवहार न्यायालयों में लंबित समस्त दीवानी प्रकृति के प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ऐसे प्रकरण जो अभी न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, उन्हें भी प्री-लिटिगेशन स्तर पर लोक अदालत में रखा जाएगा। इनमें बैंक, बीएसएनएल, धारा 138 के बैंक चेक बाउंस, बकाया राशि की वसूली, विद्युत, जलकर एवं अन्य विभागीय बकाया, ट्रैफिक चालान तथा अन्य समझौता योग्य आपराधिक एवं दीवानी प्रकरण शामिल रहेंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अश्विनी सिंह ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के लिए जिला मुख्यालय आगर मालवा तथा तहसील सुसनेर एवं नलखेड़ा में कुल 09 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया है। इन खण्डपीठों द्वारा लगभग 591 न्यायालय में लंबित प्रकरणों तथा 5929 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में आपसी सहमति से समझौता कराने का प्रयास किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ 14 मार्च को प्रातः 10:30 बजे प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डी.एस. चौहान द्वारा जिला न्यायालय परिसर आगर मालवा स्थित मध्यस्थ कक्ष में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नागरिकों से अपील की है कि जिनके प्रकरण न्यायालय में लंबित हैं अथवा न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की स्थिति में हैं, वे नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर आपसी सामंजस्य से प्रकरणों का निराकरण कराएं और संबंधित विभागों द्वारा प्रदान की जा रही छूट का लाभ प्राप्त करें।

## आत्म देखभाल चुनौती सप्ताह के अंतर्गत मानसिक शांति विषय पर व्याख्यान आयोजित

**आगर मालवा।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, सुसनेर में प्राचार्य डॉ. जी. सी. गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कार्य बल के अंतर्गत आत्म देखभाल चुनौती सप्ताह के अवसर पर मानसिक शांति विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. आदिश कुमार जैन ने अपने व्याख्यान में बताया कि आज के व्यस्त जीवन में मानसिक शांति बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, ध्यान और आत्म-देखभाल के विभिन्न उपायों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इन आदतों को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनटीएफ नोडल अधिकारी आकांक्षा श्रीवास्तव ने किया। अंत में डॉ. रेखा चंद्रपाल ने सभी अतिथियों, वक्ता एवं उपस्थित विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## अंतरराष्ट्रीय सीमा भ्रमण हेतु छात्र ईश्वरसिंह का हुआ चयन

**आगर मालवा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आगर मालवा के छात्र ईश्वरसिंह सूर्यवंशी का भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमा के भ्रमण के लिए चयन होने पर महाविद्यालय के स्टाफ एवं सहपाठियों ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। ईश्वरसिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के सक्रिय स्वयंसेवक हैं और महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में अग्रिम पंक्ति में सहभागिता करते रहते हैं। प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पी. एन. फागना ने बताया कि मां तुझे प्रणाम योजना के अंतर्गत आयोजित इस सीमा भ्रमण कार्यक्रम में प्रतिभागी तनोट माता मंदिर, लोंगेवाला पोस्ट तथा जैसलमेर बॉर्डर सहित कई महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन करेंगे। इस दौरान उन्हें देश की संस्कृति, इतिहास एवं सीमा सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजसिंह चंदेलकर, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रेखा गुप्ता, डॉ. रंजु गुप्ता सहित उपस्थित स्टाफ तथा स्वयंसेवक रविंद्रसिंह राजपूत, सूरज, किरण और अन्य ने छात्र को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

# एचपीवी वैक्सीन का एक टीका बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाएगा:विरमाल

### बीईओ ने सुरक्षा की गारंटी वाले टीके का लाभ लेने का किया आहवान

### स्वस्थ नारी ही सशक्त समाज की आधारशिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

माताओं-बहनों के स्वास्थ्य की चिंता करना शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सर्वाइकल कैंसर बेटियों की जिंदगी में सबसे कठिन समय होता है। सारंगपुर में बडे पैमाने पर एचवीपी टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई है। इसमें 14 वर्ष से अधिक आयु की बेटियों को 4 हजार रुपए मूल्य का यह टीका निशुल्क लगाया जा रहा है। वैक्सीन का एक टीका गर्भाशय एवं ग्रीवा कैंसर के प्रति भविष्य में बेटियों



को जीवनभर की सुरक्षा की गारंटी देगा और उन्हें गंभीर रोग से बचाएगा। यह आ ा ० ह । न ा सारंगपुर ब्लाक शिक्षा अधिकारी सुरेश विरमाल ने किशोरी बालिकाओं के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन कराने के किया। विरमाल ने कहा कि बहनें और बेटियां सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण का लाभ लेकर टीका अवश्य लगवा लें। बीईओ विरमाल ने कहा कि सरकार के वर्तमान दिशा-निदेर्शों के अनुसार 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी लेकिन 15 वर्ष से कम आयु की किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन की एक डोज लगाई जा रही है, जो एचपीवी संक्रमण से पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी पात्र बेटियों को शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में ले जाकर एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि भविष्य में उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

**जांगड़ा पंच पोरवाल समाज मनायेगा टोडरमल जयंती**

महिदपुर रोड ! नगर का जांगड़ा पंच पोरवाल समाज आगा मी 18 मार्च बुधवार को अपने आराध्य को राजा टोडरमल की जयंती धूमधाम से मनाने जा रहा है इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष शिव नारायण पोरवाल ने बताया हमेशा की तरह नगर के पोरवाल समाज जन इस वर्ष भी अपने आराध्य राजा टोडरमल की जयंती धूमधाम से मनाते इस विषय को लेकर गुरुवार की रात्रि में समाज जनों की एक बैठक रखी गई थी जिसमें उपस्थित सभी जनों ने परंपरागत रूप से इस वर्ष भी कार्यक्रम आयोजित किये जाने की सहमति प्रदान की पोरवाल ने कहा आयोजन में पोरवाल युवा संगठन, महिला मंडल, बहू परिषद आदि सभी का हमेशा की तरह सहयोग रहेगा।

दिल्ली में युवक की हत्या पर देवास में विरोध

# समाज के लोगों ने परिजनों को 1 करोड़ रुपए देने की मांग, बोले- सुरक्षा दी जाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में गोत्रीय हिन्दू खटीक समाज ने दिल्ली के उत्तम नगर में 26 वर्षीय तरुण खटीक की हत्या के विरोध में कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। समाज ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए परिवार के लिए न्याय की मांग की है।

ज्ञापन के माध्यम से दिल्ली के उत्तम नगर (विकास नगर) में होली के पर्व पर हुई घटना की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। इसमें बताया गया कि 26 वर्षीय तरुण खटीक की धर्म विशेष संप्रदाय द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी।

समाज ने इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में करने और आरोपियों को जल्द से जल्द मृत्युदंड देने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सकेगा। ज्ञापन में पीड़ित परिवार की सुरक्षा और आर्थिक सहायता पर भी जोर दिया गया। परिवार के अन्य सदस्यों पर हुए हमले को देखते हुए उन्हें पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई है। साथ ही, मृतक तरुण खटीक के परिवार को कम से कम 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की गई। इसके अतिरिक्त, सभी नामजद आरोपियों और पर्दे के पीछे शामिल साजिशकताओं पर कठोरतम धाराओं के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई। समाज ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन पर नकेल कसने की भी अपील की।

# सारंगपुर विकासखंड में 24333 किसानों ने कराया पंजीयन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



सरकार को समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए सारंगपुर विकासखंड में अब इस बार रिकॉर्ड 24 हजार 333 किसानों ने पंजीयन करवा लिया। किसानों के पंजीकृत 53 हजार 998.71 हेक्टेयर रकबे के हिसाब से इस बार खरीदी का रिकॉर्ड भी संभवतः टूटेगा ही। यह पहला मौका है जब समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए किसानों ने इतना उत्साह दिखाया है। इससे पहले पंजीयन का यह आंकडा 15 हजार से लेकर 18 हजार तक ही रहता आया है। आपूर्ति विभाग के अनुसार पंजीयन का आंकडा पिछले रिकॉर्ड के मुताबिक अब तक का सबसे ज्यादा है। केंद्र व भंडारण के इंतजाम बढ़ा रहे हैं। जिन किसानों ने 2025 में भावांतर योजना के लिए पंजीयन नहीं कराया उन्हें 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल नुकसान हुआ। उन्हें भावांतर की राशि नहीं मिली। इसलिए किसानों ने सरकार द्वारा फिक्स दाम 2625 रु. का लाभ पक्का करने पंजीयन करा लिया।

जिलेभर की बात करें तो 99 हजार 771 किसानों ने गेहूं समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए पंजीयन करा लिया है। वही 2423 चना किसानों ने, 6772 मसूर किसानों ने तथा 12287 सरसो किसानों ने पंजीयन कराए है।

कृषि विभाग के एसएडीओ राजेश राजपूत ने बताया कि कृषि वर्ष में किसानों के हित में समर्थन मूल्य 2585 पर गेहूं की खरीदी पर प्रति क्विंटल 40 रुपये बोनस दिया जाएगा। इसे मिलाकर किसान को प्रति क्विंटल 2,625 रुपये मिलेंगे। वहीं, उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मार्च बढ़ने की संभावना है ताकि कोई भी पात्र किसान शेष न रहे।

#### गेहूं की 2700 रुपए प्रति क्विंटल पर हो खरीदी

भारतीय किसान संघ के सारंगपुर तहसील अध्यक्ष देनारायण नागर ने बताया कि हमने गेहूं की 2700 रुपये प्रति क्विंटल पर खरीदी करने की मांग रखी है। कृषि यंत्रों पर जीएसटी कम कर अनुदान पर उपलब्ध कराने, सभी फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदने की मांग रखी है। सरकार किसानों की मांगो पर ध्यान दे ताकि किसानों की आय में इजाफा हो।

..



# सामान्य ज्ञान

यहां बच्चों के लिए विभिन्न सामान्य ज्ञान के सवाल-जवाब बता रहे हैं। यहां देश, सेना, इतिहास और खेल से संबंधित विषय पर आधारित बातों के बारे में जानने को मिलेगा।



- रेडियो का आविष्कारक कौन है?
उत्तरः मारकोनी
- कंप्यूटर का आविष्कार किसने किया?
उत्तरः चार्ल्स बैबेज
- क्रिकेट टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
उत्तरः 11
- किस दिन को विश्व साक्षरता दिवस के रूप में मनाया जाता है?
उत्तरः 8 सितंबर
- किस स्थान को विश्व की छत के नाम से जाना जाता है?
उत्तरः तिब्बत
- एक स्वस्थ वयस्क के पास ज्ञान दांत सहित कितने दांत होते हैं?
उत्तरः 32
- पृथ्वी के वायुमंडल में कौन सी गैस सबसे अधिक प्रचुर मात्रा में है?
उत्तरः नाइट्रोजन
- दुनिया में कितने लोग हैं?
उत्तरः 7 अरब से अधिक
- सबसे अधिक देशों वाला महाद्वीप कौन सा है?
उत्तरः अफ्रीका
- विश्व में सबसे आम गैर-संक्रामक रोग कौन सा है?
उत्तरः दाँतों की सड़न
- वायलिन में कितने तार होते हैं?
उत्तरः चार
- हमारे सौरमंडल में कितने ग्रह हैं?
उत्तरः 8
- पृथ्वी पर सबसे गर्म महाद्वीप कौन सा है?
उत्तरः अफ्रीका

बच्चे को सुबह की सिर्फ एक आदत सिखाकर आप उसे अनुशासन, जिम्मेदारी और आत्मसम्मान सिखा सकते हैं। लेकिन डांटकर नहीं, बच्चे को मजेदार तरीके से सिखाएं।

# क्या आपका बच्चा सुबह बिस्तर नहीं ठीक करता?

**आज ही बदलें ये आदत मजेदार तरीके से**

सुबह उठते ही बिखरा हुआ बिस्तर और पीछे-पीछे मम्मी-पापा की आवाज, ह्लकम से कम बिस्तर तो ठीक कर दो!...

लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि बिस्तर ठीक करना सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि एक लाइफ स्किल है? एक छोटी सी आदत, जो बच्चे के व्यक्तित्व, अनुशासन और आत्मसम्मान पर बड़ा असर डालती है। बच्चे हमारी बातों से कम, हमारे व्यवहार से ज्यादा सीखते हैं। अगर आप अपना बिस्तर खुद ठीक करेंगे, तो बच्चा भी यही सीखेगा। आपका व्यवहार ही उसकी सबसे बड़ी किताब है।

बच्चों द्वारा खुद का बिस्तर ठीक करने की आदत के भी कई फायदे होते हैं। बिस्तर ठीक करना सिर्फ सफाई नहीं, यह अनुशासन, जिम्मेदारी और आत्मसम्मान की ट्रेनिंग है। आज से इसे डांट नहीं, एक मजेदार रूटीन बनाइए। क्योंकि बड़ी आदतें, छोटी शुरूआत से बनती हैं।

आइए जानते हैं क्यों यह छोटी सी आदत इतनी जरूरी है और इसे मजेदार तरीके से बच्चे को कैसे सिखाएं।

### इसे काम नहीं, खेल बनाइए

गेम 1: चादर चैंपियन
चादर का एक कोना आप पकड़े। दूसरा कोना बच्चा पकड़े। साथ मिलकर तह करें।

गेम 2: एक मिनट चैलेंज
टाइमर लगाइए, ह्लकौन एक मिनट में बिस्तर ठीक करेगा?ह्व अगर बच्चा जीत जाए तो? पूरे घर में अनाउंसमेंट करें कि आज का बेड मेकिंग चैंपियन हैह्व! ताली, हाई-फाइव और ढेर सारी तारीफ!

## बच्चे के लिए बिस्तर ठीक करना क्यों जरूरी है?

### खुद के प्रति सम्मान

जब बच्चा अपना बिस्तर खुद ठीक करता है, तो उसे एहसास होता है कि वह अपने काम खुद कर सकता है। यह आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान की पहली सीढ़ी है।

### व्यवस्थित रहना



बिखरा कमरा अक्सर बिखरे मन को दर्शाता है। साफ और सजा हुआ बिस्तर बच्चे को सिखाता है कि व्यवस्था भी एक आदत है।

### समय की कदर करना

सिर्फ 2-3 मिनट लगते हैं बिस्तर ठीक करने में। लेकिन यह बच्चे को सिखाता है कि छोटे काम टालने से बड़े काम भी टलते जाते हैं।

### काम पूरा करने की आदत

सुबह का पहला काम पूरा करना बच्चे को टास्क कम्प्लीशन का अनुभव देता है। यह उसे पूरे दिन के लिए मानसिक रूप से तैयार करता है।

### सही शुरूआत, अच्छा दिन

जब दिन की शुरूआत एक छोटे लेकिन पूरे किए गए काम से होती है, तो मन में सकारात्मक ऊर्जा आती है। और सच में अच्छी शुरूआत अक्सर अच्छा दिन बनाती है।

## बिना डांटे आदत कैसे लगवाएं?

बच्चे के बिस्तर को आप हाथ न लगाएं

अगर आप रोज उसका बिस्तर ठीक करेंगे, तो वह क्यों सीखेगा? उसे जिम्मेदारी लेने दें।

### बाकी घर साफ रखें

जब पूरा घर व्यवस्थित होगा और सिर्फ उसका बिस्तर बिखरा होगा, तो उसे फर्क खुद समझ आएगा।


### बार-बार डांटे नहीं

'तुम कभी ठीक नहीं रखते!' ऐसे वाक्य बच्चे का आत्मविश्वास गिराते हैं।


### सही काम पर सराहना करें

एक दिन उसने खुद बिस्तर ठीक किया? बस मुस्कुराकर कहिए, ह्लवाह! आज तो कमरा चमक रहा है!ह्व यकीन मानिए, वह दोबारा करेगा।


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजो



## बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ



# Sport

'द हंड्रेड' की नीलामी में पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद को खरीदने के बाद सनराइजर्स लीड्स विवादों में घिर गई। भारत में कई फैंस ने इस फैसले की आलोचना की। इसी बीच काव्या मारन की फ्रेंचाइजी सनराइजर्स लीड्स का एक्स अकाउंट भी सस्पेंड कर दिया गया, हालांकि प्लेटफॉर्म ने इसके पीछे कारण स्पष्ट नहीं किया।

## पाकिस्तानी गेंदबाज अबरार को खरीदने पर बवाल, काव्या मारन की सनराइजर्स लीड्स का एक्स अकाउंट सस्पेंड

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की लोकप्रिय लीग 'द हंड्रेड' की नीलामी में पाकिस्तानी खिलाड़ी अबरार अहमद को खरीदने के बाद हो रही आलोचन के बीच सनराइजर्स फ्रेंचाइजी की सनराइजर्स लीड्स का सोशल मीडिया अकाउंट निलंबित कर दिया गया है। प्लेटफॉर्म की ओर से इसके पीछे कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है। आमतौर पर एक्स उन अकाउंट्स को सस्पेंड करता है जो उसके नियमों का उल्लंघन करते हैं।





### अबरार को सनराइजर्स ने खरीदा

अबरार 'द हंड्रेड' में भारतीय स्वामित्व वाली किसी भी टीम द्वारा खरीदे गए पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी हैं। फ्रेंचाइजी ने उन्हें 2,55,000 अमेरिकी डॉलर यानी करीब 2.3 करोड़ भारतीय रुपये में खरीदा। सनराइजर्स फ्रेंचाइजी को अपने इस फैसले के लिए भारत में क्रिकेट फैंस की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। फैंस के मुताबिक टीम की मालकिन काव्या मारन का पाकिस्तानी खिलाड़ी को खरीदने का फैसला देश की भावनाओं के खिलाफ है।

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नहीं खरीदने की थी चर्चा

नीलामी से पहले भारतीय स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजियों द्वारा पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नहीं खरीदे जाने की चर्चा चली थी। इस दौरान संभावित 'शैडो बैन' की खबरें भी सामने आई थीं। टीम के कोच डेनियल विटोरी ने बताया कि उन्होंने साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों से अबरार के बारे में राय ली थी। उसी आधार पर उन्हें टीम में शामिल करने का फैसला किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि फ्रेंचाइजी के भीतर पाकिस्तानी खिलाड़ियों को लेने या न लेने को लेकर कोई विशेष मीटिंग नहीं हुई थी।

### उस्मान तारिक को भी मिला खरीददार

बता दें कि 'द हंड्रेड' में पुरुषों के लिए हुई नीलामी में अबरार अहमद के अलावा उस्मान तारिक दूसरे खिलाड़ी हैं जिन्हें खरीदा गया। तारिक को बर्मिंघम फोएनिक्स ने 187,000 अमेरिकी डॉलर यानी करीब 1.7 करोड़ भारतीय रुपये में खरीदा। आईपीएल की सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले साल 'द हंड्रेड' की लीड्स फ्रेंचाइजी का अधिग्रहण किया था।

यह टीम पहले नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के नाम से जानी जाती थी। फ्रेंचाइजी ने ईसीबी से 49 प्रतिशत और यॉर्कशायर से 51 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदकर टीम का नियंत्रण अपने नाम किया था। हालांकि, नीलामी से पहले सभी आठ फ्रेंचाइजी ने यह साफ किया था कि खिलाड़ी चयन केवल प्रदर्शन, उपलब्धता और टीम की जरूरतों के आधार पर किया जाएगा।

### सनराइजर्स और अबरार विवाद पर बीसीसीआई की पहली प्रतिक्रिया

**मुंबई।** इंग्लैंड की फ्रेंचाइजी क्रिकेट लीग द हंड्रेड की नीलामी में पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद को सनराइजर्स लीड्स द्वारा खरीदे जाने के बाद विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। इस टीम का संबंध आईपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद से है, जिसकी मालिक काव्या मारन हैं। नीलामी के बाद सोशल मीडिया पर इस फैसले की आलोचना होने लगी और कई यूजर्स ने इसे लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी।

इस पूरे विवाद के बीच अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने साफ किया कि यह मामला उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता क्योंकि यह एक विदेशी लीग से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, 'यह हमारे दायरे में नहीं आता। उन्होंने किसी विदेशी लीग के लिए यह फैसला किया है। अब इस पर वही लोग निर्णय लेंगे, हम कुछ नहीं कर सकते।'

## आरसीबी की मुश्किलें बढ़ीं! क्या जोश हेजलवुड आईपीएल में भी नहीं खेलेंगे?

**बंगलूरू।** ऑस्ट्रेलिया के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटों के कारण लंबे समय से क्रिकेट से दूर हैं। एशेज और टी20 विश्व कप 2026 से बाहर रहने वाले हेजलवुड के आईपीएल 2026 में खेलने पर भी संशय है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, हैमस्ट्रिंग और अकिलीज टेंडन की चोटों से जूझ रहे हेजलवुड अभी भी फिजियो की निगरानी में हैं और मेडिकल टीम से खेलने पर अनुमति मिलने का इंतजार कर रहे हैं। पूरी तरह फिट होने पर ही वह लीग का हिस्सा बन सकते हैं।

हेजलवुड अगर फिट नहीं होते हैं और आरसीबी के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं तो फिर आईपीएल 2026 में टीम की गेंदबाजी कमजोर हो जाएगी। पिछले सीजन हेजलवुड आरसीबी के लिए बेहद अहम खिलाड़ी साबित हुए थे।



उन्होंने 12 मैचों में 22 विकेट लेकर टीम को चैंपियन बनाने में बड़ा योगदान दिया था। टीम लीग के 18वें सीजन में पहली बार विजेता बनी थी।

हेजलवुड को नवंबर में न्यू साउथ वेल्स के लिए खेलते समय दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। इसी वजह से वह एशेज के पहले टेस्ट से बाहर हो गए थे। इसके बाद उन्हें अकिलीज टेंडन की नई चोट का सामना करना पड़ा। इस चोट ने उन्हें पूरे एशेज से बाहर कर दिया और फिर वह टी20 विश्व कप से भी बाहर रहे।

जोश हेजलवुड का आईपीएल करियर भी अंतरराष्ट्रीय करियर की तरह चोटों की वजह से प्रभावित रहा है। हेजलवुड ने 39 आईपीएल मैचों में 57 विकेट लिए हैं। पिछले सीजन भी वह चोट की वजह से कुछ मैचों से दूर रहे थे। हालांकि, नॉकआउट में वह पूरी तरह फिट थे और टीम से जुड़े थे। पिछले सीजन उनका इकोनॉमी रेट 8.77 का रहा था। हेजलवुड ने अब तक आईपीएल में कुल 39 मैच खेले हैं और 57 विकेट झटके हैं। इस दौरान उनका इकोनॉमी रेट 8.28 का रहा है।

## कुलदीप-वंशिका की शादी में शामिल होने पहुंचे रिंकू-प्रिया

**मुंबई।** भारत के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव 14 मार्च को मसूरी में लखनऊ की वंशिका के साथ सात फेरे लेंगे। शादी को लेकर कार्यक्रम की तैयारियों जोर शोर से चल रही हैं। इसी कड़ी में मेहमानों का भी मसूरी पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। शुक्रवार को कुलदीप के खास दोस्त और टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह अपनी मंगेतर प्रिया सरोज के साथ मसूरी जाते हुए कैप्चर हुए। दोनों के देहरादून एयरपोर्ट से बाहर निकलने का वीडियो सामने आया है। इसी दौरान जब रिंकू से पत्रकारों ने टी20 विश्वकप जीत पर सवाल किया तो रिंकू ने कहा- यह बड़ी उपलब्धि है।

भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव शादी के लिए दुल्हन वंशिका सिंह के साथ मसूरी पहुंच गए हैं। शहर के होटल द वेलकम सवाय पहुंचे में उनकी शादी की तैयारी जोरों शोरों से चल रही है। आज 13 मार्च को कुलदीप यादव की मेहंदी, हल्दी की रस्में होंगी। इसकी सभी तैयारी पूरी हो गई हैं। 14 मार्च को उनकी शादी होगी।


**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की, पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की, पैकिंग हेतु महिलाओं की, हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड, प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है ।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

## चोइथराम मंडी चेंबर हादसे के मामले में जांच के लिए केंद्रीय समिति पहुंची



**इंदौर।** इंदौर के चोइथराम मंडी क्षेत्र में पिछले सोमवार को चेंबर में काम करते समय नगर निगम के दो कर्मचारियों की मौत के मामले में जांच तेज हो गई है। शुक्रवार को केंद्रीय समिति का एक दल मामले की जांच के लिए इंदौर पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस मामले में केंद्रीय समिति ने राज्य सरकार से भी जवाब मांगा था। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र स्थित चोइथराम मंडी में अजय और करण नाम के दो नगर निगम कर्मचारियों की मौत के मामले में जांच के लिए केंद्रीय समिति का दल पहुंचा। टीम के साथ केंद्रीय मंत्री का दर्जा प्राप्त गिल भी मौजूद थे। सूचना मिलने के बाद मौके पर नगर निगम के कर्मचारी और राजेंद्र नगर थाने की पुलिस भी पहुंची। समिति के सदस्यों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर नगर निगम अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि संबंधित चेंबर की लाइन का उपयोग किस काम के लिए किया जाता है और घटना वाले दिन दोनों कर्मचारी वहां किस काम से पहुंचे थे। करीब आधे घंटे तक समिति के सदस्य मौके पर मौजूद रहे और नगर निगम के स्टाफ व पुलिस अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। जांच के आधार पर समिति अपनी रिपोर्ट केंद्र और राज्य सरकार को सौंपेगी।

## एयरपोर्ट के रन-वे रिपेयरिंग में गर्मी बनी बाधा डामर ढीला होने से उड़ानें भी हुई प्रभावित

**इंदौर।** देवी अहिल्या बाई होल्कर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रन-वे की रिकार्पेटिंग और रिपेयरिंग का काम तय समय से करीब तीन महीने पीछे चल रहा है। यह काम फरवरी 2025 में शुरू हुआ था और इसे दिसंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन अब इसे अप्रैल तक पूरा करने का दावा किया जा रहा है। सीमित समय, तकनीकी प्रक्रियाओं और मौसम की बाधाओं के कारण काम की गति धीमी बनी हुई है, जिससे खासकर रात की उड़ानों पर असर पड़ रहा है। एयरपोर्ट पर रन-वे सुधार के लिए रोज रात करीब आठ घंटे का समय मिलता है, लेकिन इसमें से ढाई से तीन घंटे तैयारी और मशीनरी की आवाजाही में ही निकल जाते हैं। एयरपोर्ट पर रात 10.30 बजे तक उड़ानों का संचालन होता है और इसके बाद ही निर्माण एजेंसी को रन-वे सौंपा जाता है। मशीनों की एंट्री, पुराने डामर को हटाने और नई परत बिछाने की प्रक्रिया में काफी समय लग जाता है। निर्माण कार्य के दौरान पुरानी सतह हटाकर नया बिटुमिन बिछाया जा रहा है। हालांकि मार्च में बढ़ती गर्मी के कारण डामर को पूरी तरह सूखने में अधिक समय लग रहा है और कई बार यह ढीला रह जाता है। इसी समस्या के कारण हाल ही में दिन के समय करीब 20 मिनट के लिए उड़ानों का संचालन रोकना पड़ा था। उस दौरान दिल्ली और रायपुर से आने वाली दो उड़ानों को भोपाल डायवर्ट करना पड़ा। एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार सुबह करीब छह बजे तक रन-वे उड़ानों के लिए तैयार कर दिया जाता है, क्योंकि पहली फ्लाइट सुबह 6.35 बजे से शुरू हो जाती है। हर घंटे रन-वे की तकनीकी जांच की जाती है और पूरी तरह सुरक्षित पाए जाने के बाद ही विमानों को टेकऑफ और लैंडिंग की अनुमति दी जाती है। रन-वे रिपेयरिंग का यह काम करीब 21 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। इंदौर एयरपोर्ट पर एक ही रन-वे होने के कारण उड़ानों का संचालन जारी रखते हुए ही सुधार कार्य किया जा रहा है। इसी वजह से काम केवल रात 10.30 बजे से सुबह 6.30 बजे के बीच ही हो पा रहा है।

## बेटी के शरीर से भूत निकालने के नाम पर पीटा, तांत्रिक पर केस

**इंदौर।** इंदौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र में झाड़-फूंक के नाम पर युवती से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक तांत्रिक ने युवती के शरीर से भूत-प्रेत निकालने का दावा करते हुए उसे लोहे के चिमटे से पीट दिया। बेटी को बचाने पहुंची मां के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। एरोड्रम थाना पुलिस ने ममता नाम की महिला की शिकायत पर सुरेश पुत्र ख्यालीराम कोशल निवासी महावीर नगर, छोटा बांगड़दा के खिलाफ मारपीट और झूठे झांसे में प्रताड़ित करने के मामले में केस दर्ज किया है। ममता ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी शालिनी की तबीयत लंबे समय से खराब है। इसी कारण वह 10 मार्च को उसे लेकर सुरेश के पास झाड़-फूंक कराने पहुंची थी। सुरेश ने शालिनी को देखकर उसे लौंग, नींबू और भभूत दी और घर जाकर खाने के लिए कहा। साथ ही अगले दिन रात में दोबारा आने को कहा। पीड़िता के अनुसार जब वे अगले दिन रात में सुरेश के घर पहुंचीं तो उसने गेट पर ही रोक लिया और शालिनी को बाहर बैठा लिया। इसके बाद वह उससे कहने लगा कि उसके अंदर कोई और है, बाहर निकल। इसी दौरान उसने लोहे का चिमटा उठाकर शालिनी को मारना शुरू कर दिया। काफी देर तक मारपीट होने पर शालिनी चिल्लाने लगी तो उसकी मां ममता उसे बचाने पहुंची। इस पर आरोपी ने कहा कि लड़की के अंदर भूत-प्रेत है और उसका इलाज इसी तरह होगा। जब ममता ने विरोध किया तो आरोपी ने चिमटे से उसे भी मार दिया। घटना के दौरान पीड़िता का जीजा और पड़ोस की एक महिला भी बचाव के लिए पहुंचे, लेकिन आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद गुरुवार को मां-बेटी एरोड्रम थाने पहुंचीं और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया और आरोपी तांत्रिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डायरेक्ट मोटर लगाने वालों की मोटर होगी जब्त, नल में लगाना पड़ेगी टोटी



**इंदौर।** शहर में गर्मी की दस्तक के साथ ही नगर निगम जल संकट से निपटने के लिए अलर्ट मोड पर आ गया है। गुरुवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने जलप्रदाय की समीक्षा बैठक ली। बैठक में साफ निर्देश दिए गए कि जो लोग नलों से सीधे मोटर लगाकर पानी खींच रहे हैं, उनके विरुद्ध सघन अभियान चलाकर मोटरें जब्त की जाएं। साथ ही, ऐसे क्षेत्र जहां पर नलों में टोटियां नहीं लगी हैं, उन पर चालानी कार्रवाई करें। उन्होंने पेयजल टंकियों की स्थिति, ट्यूबवेल संचालन, जल वितरण व्यवस्था, पानी के टैंकरों की उपलब्धता तथा क्षेत्रों में अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोजाना सुबह के समय जलप्रदाय के दौरान नल कनेक्शन से डायरेक्ट मोटर लगाकर पानी खींचने वालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाते हुए मोटर जब्ती की कार्रवाई करें, इसके साथ ही ऐसे क्षेत्र जहां पर नल में टोटी नहीं होने से पानी का अपव्यय होता है इसको दृष्टिगत रखते हुए ऐसे लोगों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करें।

### एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वालों पर सख्ती की जाएगी

# जिला प्रशासन ने बनाया कंट्रोल रूम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर जिले में अब एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत और कालाबाजारी करने वालों पर सख्ती की जाएगी। जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं की सुविधा और अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए कंट्रोल रूम बनाया है। अब आम उपभोक्ता गैस सिलेंडर से जुड़ी किसी भी समस्या, शिकायत या सुझाव के लिए हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकेंगे।

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की सहज उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला स्तर पर यह कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 0731-2993900 जारी किया गया है।



जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू ने बताया कि इंदौर जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी से बचाने तथा घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री व कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है।

### जिला स्तर पर गठित कंट्रोल रूम में इन्हें किया तैनात

सहायक आपूर्ति अधिकारी, कल्पना परामानिक (मोबाइल नम्बर-9399142251)
कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, सवेसिंह गामड़ (8120041922) सहित कम्प्यूटर ऑपरेटर,
अंकित नागर (9200249020)
रोहित बर्मन (8085799812)
महेश जगताप (6260271176)
अब्दुल समद (9926062731)

**हेल्पलाइन नंबर पर दर्ज करा सकेंगे शिकायत-** आम उपभोक्ता अपनी शिकायत या सुझाव कंट्रोल रूम हेल्पलाइन नंबर 0731-2993900 पर दर्ज करा सकते हैं या फिर कलेक्टोरेट ऑफिस के रूम नंबर 221 में ऑफिस के समय खुद आकर भी जानकारी दे सकते हैं। कंट्रोल रूम प्रभारी और उनकी टीम प्राप्त शिकायतों को दर्ज कर उनके त्वरित निराकरण की कार्रवाई करेगी।

## सीसीटीवी से हुई पहचान, पंपकर्मी की मौत का आरोपी हीरानगर का निकला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के कजलाना में पेट्रोल पंप कर्मचारी की जान लेने वाले आरोपी की पहचान हो गई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी हीरानगर इलाके का रहने वाला है। कई किलोमीटर के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस टीम उसकी तलाश में हीरानगर तक पहुंची। पुलिस ने आरोपी के पिता को हिरासत में ले लिया, जबकि आरोपी कार लेकर फरार है।

सांवेर पुलिस के मुताबिक घटना 11 मार्च 2026 की शाम करीब 4 बजे ग्राम कजलाना स्थित शिवलाल पटेल एंड सन्स पेट्रोल पंप, चारपाई ढाबा के पास की है। यहां एक ग्रे रंग की कार का चालक डीजल भरवाने के बाद बिना पैसे दिए वहां से भाग गया था।

**कार रोकने पर कर्मचारी को घसीटा-** पेट्रोल पंप पर काम करने वाले रोहित (22) पुत्र शंकरलाल परमार निवासी मालीखेड़ी ने कार को रोकने की कोशिश की। इसी दौरान उसका हाथ कार के कांच में फंस गया। आरोप है कि चालक ने कार तेज गति से आगे बढ़ा दी, जिससे रोहित कुछ दूरी तक कार के साथ घसीटता चला गया। बाद में उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने कई जगहों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच में सामने आया कि कार एमआर-10 होते हुए हीरानगर की तरफ गई थी। जानकारी निकालने पर कार आर्यन पुत्र पुणेंद्र तंवर निवासी गौरीनगर के नाम पर मिली। बताया गया है कि आरोपी ने कुछ दिन पहले ही कार खरीदी थी।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के लसूडिया इलाके में 20 वर्षीय युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने कॉलोनी में रहने वाले अजय पाटिल के खिलाफ गुरुवार रात दुष्कर्म का केस दर्ज किया। आरोपी घटना के बाद से फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह आरोपी अजय पाटिल को करीब पांच साल से जानती है। दोनों एक ही कॉलोनी में रहते हैं और सामान्य बातचीत के दौरान एक-दूसरे को पसंद करने लगे। पिछले करीब एक साल से दोनों एक-दूसरे से मिल रहे थे। युवती के अनुसार आरोपी उसे दिसंबर 2024 में महालक्ष्मी नगर स्थित एक होटल में लेकर गया था। वहां शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद भी आरोपी शादी की बात टालता रहा। पीड़िता ने बताया कि आरोपी 7 दिसंबर 2025 को उसे दोबारा होटल ले गया। इसके बाद उसने युवती से बातचीत करना बंद कर दिया।

## ग्रीन वैली सोसाइटी में 1 करोड़ की गड़बड़ी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कनाड़िया रोड स्थित ग्रीन वैली सोसाइटी में करीब एक करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने गुरुवार को सोसाइटी से जुड़ी चार महिलाओं के खिलाफ अमानत में खयानत का केस दर्ज किया है। कनाड़िया थाना पुलिस के मुताबिक सोनम गेडा निवासी ई-ब्लॉक ग्रीन वैली सोसाइटी ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सोसाइटी से जुड़े वित्तीय लेनदेन में करीब एक करोड़ रुपए की गड़बड़ी की गई है। पुलिस ने इस मामले में रेखा चौधरी, सपना जैन, सोनिया चौधरी और अपर्णा श्रीवास्तव निवासी ग्रीन वैली सोसाइटी कनाड़िया रोड को आरोपी बनाया है। शिकायत में कहा गया है कि आरोपियों ने सोसाइटी के पैसों में अनियमितता करते हुए अमानत में खयानत की। सोनम ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि वह सोसायटी की मेंबर हैं। इस सोसाइटी में 63 मेंबर हैं। इन सदस्यों से साल 2020 से 2025 में वित्तीय वर्षों में करोड़ों रुपए जमा हुए हैं।

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रैवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com